हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • गुरुवार • 30.10.2025 • वर्ष : 16 • अंक : 94 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## कर्पूरी ठाकुर के पिछड़ों, वंचितों के न्याय के संकल्प को बिहार में एनडीए सरकार पूरा कर रही : शाह

एजेंसी

**समस्तीपुर :** केंद्रीय गृहमंत्री और भाजपा के नेता अमित शाह बुधवार को एक बार फिर बिहार पहुंचे। उन्होंने समस्तीपुर के रोसड़ा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए राजद के शासनकाल को जंगलराज बताते हुए जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव विधायक और मंत्री बनाने के लिए चुनाव नहीं है, बल्कि जंगलराज से मुक्ति के लिए चुनाव है। अमित शाह ने दावा करते हुए कहा कि मैं पूरे बिहार में घूमकर आया हूं। ऐसी ही भीड़ बिहार में हर जगह दिखाई पड़ती है। 14 तारीख को चुनाव का क्या परिणाम आएगा,ये मैं आपको आज ही बता देता हूं कि 14 तारीख को 8 बजे मतगणना शुरू होगी, 9 बजे बैलेट बॉक्स खुलेंगे और एक बजते-बजते लालू-राहुल का सूपड़ा साफ हो जाएगा और फिर से एक बार यहां पर एनडीए की सरकार बनने जा रही है।



### लालू यादव और कांग्रेस ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न नहीं मिलने दिया था

उन्होंने समस्तीपुर को पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की जन्मस्थली बताते हुए कहा कि लालू यादव और कांग्रेस ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न नहीं मिलने दिया था। लेकिन 2024 में मोदी सरकार ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम किया। अमित शाह ने आगे कहा, ये लोग कर्पूरी ठाकुर जी से जननायक की उपाधि भी छीनना चाहते हैं। लालू यादव कान खोलकर सुन लें, जब तक एनडीए है, कर्पूरी ठाकुर की जननायक की उपाधि को कोई छू भी नहीं सकता।

भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह ने लालू यादव और राबड़ी देवी को निशाने पर लेते हुए कहा कि ये लोग अपनी सरकार में विकास के कार्य भले ही नहीं किए हों, लेकिन भ्रष्टाचार किया। उन्होंने कई घोटालों के नाम भी गिनाए। उन्होंने कहा कि लालू प्रसाद अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। लेकिन बिहार में ना मुख्यमंत्री का पद खाली है और न ही दिल्ली में प्रधानमंत्री का पद खाली है। बिहार में नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं और दिल्ली में नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री हैं।

### अमित शाह ने उठाए सवाल

उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि जिसे अपने पुत्रों की चिंता है, वे क्या बिहार की भलाई कर सकते हैं। अमित शाह ने महागठबंधन को ठगबंधन बताते हुए कहा कि हमारे यहां एनडीए में पांचों दल, पांच पांडवों की तरह मिलजुलकर चुनाव लड़ रहे हैं। एनडीए बिहार को पीएम नरेंद्र मोदी का साथ मिला है, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नेतृत्व मिला है, चिराग पासवान का युवा जोश भी हमारे साथ है, जीतन राम मांझी की पूरे जीवन की तपस्या हमारे साथ है और उपेंद्र कुशवाहा का अनुभव भी हमारे साथ है।

उन्होंने एनडीए सरकार की विकास योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि बिहार की नदियों पर पुल बनाना, कोसी की बाढ़ को रोकना, बाढ़ के पानी को किसान के खेत में पहुंचाना और हर गरीब का सम्मान करने का काम नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार ने किया है। इससे पहले उन्होंने दरभंगा में भी एक चुनावी सभा को सम्बोधित किया।

## "'करप्शन, क्राइम और कम्युनलिज्म' से समझौता नहीं", चाहे मेरी परछाई भी क्यों न हो दोषी : तेजस्वी यादव

**पटना :** बिहार विधानसभा चुनाव में महागठबंधन की तरफ से मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव ने बुधवार को कहा कि उन्हें यदि सत्ता में आने का मौका मिला तो 'करप्शन, क्राइम और कम्युनलिज्म' (भ्रष्टाचार, अपराध और सांप्रदायिकता) से समझौता नहीं किया जाएगा तथा उनकी परछाई भी गलत काम करेगी तो उसे भी सजा मिलेगी। राजद नेता तेजस्वी ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ यहां सकरा इलाके में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए जनता से आग्रह किया कि उन्हें एक मौका दिया जाए और वह अपने 'प्रण' को पूरा करने के लिए प्राण न्यौछावर कर देंगे। उनका कहना था, "सरकार बनने पर जो भी अपराध करेगा, उसे तेजस्वी सलाखों के पीछे भिजवाएगा, चाहे वह अपना हो या पराया। 'करप्शन, क्राइम और कम्युनलिज्म' से तेजस्वी समझौता नहीं करेगा। तेजस्वी की परछाई भी गलत काम करेगी तो उसे भी सजा मिलेगी।" तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन को केवल सरकार ही नहीं बनानी है, बल्कि बिहार बनाना है। उन्होंने दावा किया, "नीतीश कुमार जी 20 साल से मुख्यमंत्री हैं और 11 साल से नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमंत्री हैं, लेकिन यहां कोई कारखाना नहीं लगा है। सिर्फ रिश्वतखोरी बढ़ी है।" पूर्व उप मुख्यमंत्री ने कहा, 'तेजस्वी गरीबी, बेरोजगारी और पलायन को खत्म करना चाहता है... नीतीश के 20 साल मुख्यमंत्री रहने और नरेन्द्र मोदी के 11 साल तक प्रधानमंत्री रहने के बावजूद बिहार देश का सबसे पिछड़ा राज्य है।" उन्होंने जनता से एक मौका देने का आह्वान किया और कहा कि मुख्यमंत्री बनने के बाद वह काम का 'छक्का' लगा देंगे।

## मुख्यमंत्री से लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से बुधवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अवगत कराया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सोहराय कुनामी (कार्तिक पुर्णिमा) के शुभ अवसर पर लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़, टीटीपीएस ललपनिया बोकारो में आगामी तीन, चार और पांच नवम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय सरना धर्म महासम्मेलन 2025 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल में लुगू बुरु घांटा बाड़ी धोरोम गाढ़ के अध्यक्ष बबुली सोरेन, सचिव लोबिन मुर्मू सहित मिथिलेश किस्कू, बिंदे सोरेन, सुरेन्द्र टुडू, बुधन सोरेन, सुखराम बेसरा, मेघराज मुर्मू, संतोष हेंब्रम एवं अन्य उपस्थित रहे।

## फ्रंटियर टेक्नोलॉजी से भारत 2035 तक बनेगा एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग हब : नीति आयोग

**नयी दिल्ली :** कृत्रिम बुद्धिमत्ता, एडवांस्ड मटेरियल्स, डिजिटल ट्विन्स और रोबोटिक्स जैसी उभरती हुई तकनीकों का उपयोग भारत के विनिर्माण क्षेत्र को 2035 तक देश की जीडीपी में 25 प्रतिशत से अधिक योगदान देने और 10 करोड़ से ज्यादा रोजगार सृजित करने में सक्षम बना सकता है। यह बात नीति आयोग की एक नई रिपोर्ट में कही गई है। यह रिपोर्ट नीति आयोग के फ्रंटियर टेक हब द्वारा जारी की गई। इस रोडमैप का अनावरण महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री अजित पवार और नीति आयोग के सीईओ बी.वी.आर. सुब्रमण्यम ने किया। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत 2047 तक "विकसित भारत" के लक्ष्य की दिशा में उन्नत विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बन सकता है।

## एक नजर

### यूरोपियन संघ के दो शीर्ष नेता होंगे गणतंत्र दिवस 2026 के मुख्य अतिथि

**नयी दिल्ली :** गणतंत्र दिवस 2026 को लेकर ऐसी जानकारी सामने आई है कि इस भारत में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया था। उनकी यह भागीदारी भारत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच मजबूत होते संबंधों को दर्शाती है। भारत ने 2026 गणतंत्र दिवस के लिए एक ऐतिहासिक निमंत्रण दिया है। भारत पहली बार एव के दो शीर्ष नेताओं, उसुर्ला वॉन डेर लेयेन (यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष) और एंटोनियो कोस्टा (यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष) की संयुक्त रूप से मेजबानी करेगा।

### 21 नक्सलियों का 'लाल आतंक' से फिर हुआ मोहभंग किया सरेंडर

**कांकेर :** उत्तर बस्तर में सक्रिय रहे 21 माओवादियों ने 18 हथियारों के साथ पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। जंगलवार कॉलेज में सभी नक्सलियों का रेड कारपेट बिछाकर स्वागत किया गया। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को बस्तर आईजी ने संविधान की प्रति सौंपी। नक्सलवाद के खात्मे को लेकर जारी अभियान के बीच इस माह पुलिस ने अपनी रणनीति बदली है और एनकाउंटर की जगह समर्पण को प्राथमिकता देते हुए नक्सलियों को साफ संदेश दिया गया था कि वो यदि आत्मसमर्पण कर मुख्य धारा में लौटने को तैयार हैं तो उनका स्वागत किया जाएगा। ऐसा नहीं करने पर सुरक्षाबलों की गोली का निशाना बनना पड़ेगा। जिसका असर भी देखने को मिला और इसी माह 208 नक्सलियों ने 109 हथियारों के साथ जगदलपुर में सरेंडर किया, जिसके बाद कांकेर जिले के दो एरिया कमेटी ने एक साथ हथियार डाले हैं। जिसमें 21 नक्सलियों ने 18 हथियार पुलिस को सौंपे है।

## राष्ट्रपति ने राफेल लड़ाकू विमान में भरी उड़ान



एजेंसी

**अंबाला :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को हरियाणा के अंबाला में स्थित वायुसेना स्टेशन से राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने भी इसी एयरबेस से एक अलग विमान में उड़ान भरी। राफेल विमान में चढ़ने से पहले राष्ट्रपति ने 'जी-सूट' पहना था। हाथ में हेलमेट लिए और धूप का चश्मा लगाए मुर्मू ने पायलट के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। पूर्वाह्न 11.27 बजे विमान के उड़ान भरने से पहले राष्ट्रपति ने विमान के अंदर से हाथ हिलाकर अभिवादन किया। आज सुबह वायुसेना स्टेशन पहुंचने पर राष्ट्रपति को औपचारिक 'गार्ड ऑफ ऑनर' भी दिया गया। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के जवाब में चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान राफेल लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया था। सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर मुर्मू ने 8 अप्रैल, 2023 को असम के तेजपुर वायुसेना स्टेशन में सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी और वह ऐसा करने वाली तीसरी राष्ट्रपति बनी थीं।

## हमारा सपना है कि मेड इन चाइना नहीं मेड इन बिहार बने : राहुल

एजेंसी

**मुजफ्फरपुर :** मुजफ्फरपुर जिले के सकरा विधानसभा क्षेत्र में महागठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार छोटे उद्योग को खत्म कर अडानी-अंबानी को फायदा पहुंचा रही है। कहा कि हमारा सपना है कि अब मेड इन चाइना नहीं मेड इन बिहार बने। उन्होंने कहा कि बिहार में शिक्षा का कोई मतलब ही नहीं मेहनत करने वाले का कोई भी कद्र नहीं है। आज बिहार में युवा मेहनती हैं, आज भी कर्ज लेकर बाहर जाते हैं और पढ़ाई का अवसर यहां नहीं है। यही नहीं एग्जाम का पेपर लीक होने के कारण बिहार में सही शिक्षा नहीं मिलती। बिहार के मेहनती युवक की मेहनत बेकार हो जाती है। बिहार को बदलने के लिए आया हूं और बदलकर रहेंगे।



लोकसभा सांसद राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आपके बिहार में आया हूं इस बारिश में भी आप सब आए हैं इसके लिए आपका आभार व्यक्त करते हैं।अब इस सरकार को बदलने का समय आया है। हम आज भी देश में जहां पर जाता हूं लोगों का साथ मिलता है। आप सब मिलकर रहे बिहार में काम करे, और जिस प्रकार से देश के अलग अलग जगहों पर आप लोगों ने हमारी सरकार को बनाए है उसी तरह से बिहार में भी सरकार बनाने का काम करे। इस मौके पर नेता विरोधी दल तेजस्वी यादव और वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी मौजूद रहे। राहुल गांधी ने केंद्र और प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा बिहार में बिहारी का भविष्य नहीं है। यही सच्चाई है, आज मुझे जितने युवा मिलते हैं बिहार के बारे में ऐसा कहते हैं।

## मोंथा के प्रभाव से तेलंगाना के 16 जिलों में अचानक बाढ़ का खतरा, 127 ट्रेनें अस्थायी तौर पर रद



**हैदराबाद :** तेलंगाना राज्य में चक्रवात मोंथा का व्यापक प्रभाव देखा जा रहा है। हैदराबाद सहित कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने राज्य के 16 जिलों में भारी बारिश से अचानक बाढ़ की संभावना व्यक्त की है। भारी बारिश के चलते दक्षिण मध्य रेलवे ने 127 ट्रेनों को अस्थायी तौर पर रद करने के अलावा 14 अन्य ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया है। मौसम विभाग ने बताया है कि चक्रवात मोंथा के प्रभाव से तेलंगाना के 16 जिलों में अचानक बाढ़ का खतरा है। इनमें आदिलाबाद, निर्मल, निजामाबाद, जगतियाल, कामारेड्डी, करीमनगर, सिद्दीपेट, वारंगल, जनगामा, यादाद्री भुवनगिरी, हनुमाकोंडा, महबूबाबाद, मेडक, मेडचल मलकाजगिरी और पेड्डापल्ली जिले शामिल हैं। मौसम विभाग के अनुसार वारंगल, हनुमाकोंडा और महबूबाबाद जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना को देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने आदिलाबाद, निर्मल, जगतियाल, मंचेरियल, राजन्ना सिरसिला, पेद्दापल्ली, करीमनगर, सिद्दीपेट, जनगामा, यदाद्री भुवनगिरि, जयशंकर भूपालपल्ली और सूर्यापेट जिलों में बहुत भारी बारिश होने की संभावना के लिए इन जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा कुमुरम भीम आसिफाबाद, निजामाबाद, कामारेड्डी, मेडक, रंगारेड्डी, नलगोंडा, मुलुगु, भद्राद्रि कोठागुडेम और खम्मम जिलों में भारी बारिश की संभावना के चलते यलो अलर्ट जारी किया गया है। दक्षिण मध्य रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार इन जिलों में भारी बारिश के चलते कई ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। रेलवे ने 127 ट्रेनों को अस्थायी तौर पर रद्द किया और 14 अन्य ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया है। मोंथा चक्रवात के चलते फलकनुमा, ईस्ट कोस्ट, गोदावरी, विशाखापत्तनम, नरसापुर एक्सप्रेस रद्द कर दी गई हैं। बारिश के कारण कई ट्रेनों को विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर रोक दिया गया है।



## एक नजर

### रसानी में सत्संग व प्रवचन का हुआ आयोजन

**चलकुशा :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम रसानी में सुनीता देवी पति रामदेव यादव पिता छोटू यादव के घर पर मानव उत्थान सेवा समिति के संस्थापक सतगुरु श्री सतपाल महाराज के शिष्य महात्मा श्री प्रेरणा बाई जी के द्वारा रांची आश्रम के तहत धर्म शास्त्रों के आधार पर सत्संग प्रवचन का आयोजन किया गया एवं उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय रसानी में बच्चों को जरूरतमंद शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। जिसमें चलकुशा पंचायत के लोग काफी संख्या में आकर सत्संग का लाभ उठाये। और खुशी से झूम उठे श्री प्रेरणा बाई जी के द्वारा किया गया सत्संग समाज में अच्छी संदेश देती है और मानव को एक सूत्र में जोड़ने का कार्य करती है।

### प्रकाश पर्व से पूर्व आज से लगातार निकलेगी प्रभात फेरी

**हजारीबाग :** सिख समुदाय के पवित्र पर्व गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को लेकर पूरे शहर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल है। मुख्य आयोजन से पूर्व आज से लगातार प्रभात फेरी निकाली जा रही है। प्रभात फेरी के दौरान श्रद्धालु जो बोले सो निहाल... सत श्री अकाल! के जयकारे लगाते हुए गलियों और मार्गों में निकले, जिससे पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया प्रातःकालीन प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। गुरुद्वारे से शुरू होकर यह प्रभात फेरी शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः गुरुद्वारे में जाकर संपन्न हुई। इस दौरान संगत ने गुरु वाणी का कीर्तन किया और लंगर सेवा के माध्यम से लोगों को प्रसाद वितरित किया। प्रकाश पर्व के अवसर पर गुरुद्वारों की साज–सज्जा का कार्य भी अंतिम चरण में है। चारों ओर रंगीन झालरों और दीयों से सजावट की जा रही है। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने बताया कि इस बार भी प्रकाश पर्व को लेकर विशेष दीवान, गुरबाणी पाठ, कथा–कीर्तन और सामूहिक लंगर का आयोजन किया जाएगा। शहर के सिख समुदाय के साथ–साथ अन्य धर्मों के लोग भी इस आयोजन में शामिल होकर आपसी एकता और भाईचारे का संदेश दे रहे हैं। प्रभात फेरी के माध्यम से पूरे क्षेत्र में शांति, सद्भाव और सेवा भावना का संदेश फैलाया जा रहा है इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी रोहित बजाज ने दी।

### चलकुशा से दुमदुमा जाने वाली सड़क स्थिति काफी खराब



**चलकुशा :** चलकुशा से दुमदुमा जाने वाली सड़क की खराब स्थिति से राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। चलकुशा से दुमदुमा जाने वाली यह रोड वर्षों से जर्जर है। इस रोड की स्थिति कई वर्षों से इसी तरह खराब है जिसके कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। परसाबाद में रेलवे स्टेशन व मैन मार्केट है। जिससे लोगों का आना–जाना लगा रहता है। हर रोज लगभग 50 से 100 गाड़ियां इस रोड में आती जाती है। रोड की जर्जर स्थिति के चलते लोग दुर्घटना का भी शिकार होना पड़ रहा है। लगभग 2 किलोमीटर तक इसी तरह खराब रोड में बड़े-बड़े गड्ढे तथा बड़े–बड़े पत्थर हैं। जो कहीं ना कहीं एक्सीडेंट का कारण बन जाता है। जिससे लोग काफी परेशान हो रहे हैं। इस ओर विभाग एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान नहीं। स्थानीय लोगों ने पक्की सड़क बनाने की मांग की है।

# पुलिस ने मिनी सोलर प्लांट से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का किया पदार्फाश, दो गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** चौपारण थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी, लूट और डकैती की घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के नेतृत्व में चौपारण पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मिनी सोलर प्लांट से बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला चौपारण थाना क्षेत्र के ग्राम गरमोरवा का है, जहां एमएस स्विचर रांची की ओर से लगाए गए मिनी सोलर प्लांट की बैटरियां चोरी की गई थीं। इस संबंध में प्रोजेक्ट मैनेजर सुमित कुमार सिंह ने 28 अक्टूबर को सूचना दी कि कुछ अज्ञात लोग सोलर प्लांट से बैटरियां खोलकर पिकअप वैन में लादकर ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पिकअप वाहन और एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक हजारीबाग ने तत्काल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी) बरही अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया। तकनीकी व मानवीय इनपुट के आधार पर गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह के सदस्य बोकारो के तेलो से एक अल्टो कार में आए थे। चोरी की गई बैटरियों को पहले पिकअप वैन से लोड कर ट्रक संख्या जेएच 01 जीडी-0273 से आगे ले जाने की योजना थी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तीन वाहन पिकअप, ट्रक, और अल्टो कार) के साथ-साथ स्पार्क कंपनी की 120 बैटरियां और एक ओप्पो मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपियों की पहचान तौसिफ उमर उम्र 23 वर्ष पिता मोहम्मद शमीम साकिन तेलो थाना चंद्रपुरा जिला बोकारो और दूसरा वाहिद हुसैन उम्र 34 वर्ष पिता सिद्दिक हुसैन साकिन बड़कीपोना थाना रजरप्पा जिला रामगढ़ के रूप में हुई है। इस संबंध में चौपारण थाना में कांड संख्या 296/2025, दिनांक 28/10/2025, धारा 317(2)/317(4)/303(2)/3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी दल में डीएसपी बरही अजीत कुमार विमल, पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर कुमार (बरही अंचल), थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी, पुअनि दिव्य प्रकाश सिंह (अनुसंधानकर्ता), पुअनि रवि रंजन एवं थाना रिजर्व गार्ड शामिल थे।

## सीकरी की 21 वर्षीय पूजा की तालाब में डूबने से हुई मौत, गांव में मातम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के सीकरी पंचायत निवासी राजू साव के 21 वर्षीय पुत्री पूजा कुमारी की तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा उसे समय हुआ जब पूजा अपने ननिहाल झारडा कटकमसांडी छठ पर मनाने गई थी परिवार जनों ने बताया कि छठ पूजा समापन के बाद पूजा अपनी तीन में ममेरी बहनों के साथ कपड़ा धोने के लिए गांव की समीप स्थित तालाब पर गई थीं। कपड़ा धोते समय पैर फिसलने से एक के बाद एक चारों बहनें गहरे पानी में चली गई। जब तक आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे तब तक चारों बहनें तालाब में डूब चुकी थी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला और अस्पताल ले गया। जहां चिकित्सकों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। इस घटना की खबर मिलती है पूजा के पिता राजू साव के घर में कोहराम मच गया। पूजा घर की सबसे बड़ी बेटी थी और कर्णपुरा कॉलेज बड़कागांव में बीए सेमेस्टर वन की छात्रा थी। पूजा के निधन की सूचना जैसे ही सीकरी गांव पहुंची पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों की भीड़ राजू साव के घर पर उमड़ पड़ी और हर कोई परिवार को सांत्वना देने में लगा रहा। प्रशासन ने घटना की जानकारी लेकर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की और शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## बरही एवं चतरो के कलश यात्रा में शामिल हुए जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही प्रखंड के चतरो निवासी चंद्रिका यादव एवं दिनेश यादव तथा हरि नगर के रामचंद्र साव जी के द्वारा आयोजित कलश यात्रा में जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव मुख्य रूप से शामिल हुए। चंद्रिका यादव के द्वारा एकादशी उद्यापन तथा रामचंद्र साव के द्वारा सात दिवसीय श्रीमद्भगवद् कथा के उपलक्ष्य में कलश यात्रा निकाली गई थी। बरही प्रखंड अंतर्गत हरि नगर,गया रोड निवासी अधिवक्ता रामचंद्र साव जी द्वारा आयोजित श्रीमद् भगवत कथा सप्ताह ज्ञान महायज्ञ तथा चतरो निवासी चंद्रिका यादव एवं दिनेश यादव के यहाँ आयोजित एकादशी उद्यापन के कलश यात्रा में जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री किशुन यादव शामिल हुए। इस अवसर पर किशुन यादव ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आपसी प्रेम, एकता और संस्कार को मजबूती मिलती है। उन्होंने आयोजकों को बधाई दी और कहा कि धर्म और संस्कृति हमारी पहचान हैं, जिन्हें संजोकर रखना हम सबका दायित्व है। कलश यात्रा के दौरान महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीतों के साथ पूरे गांव का भ्रमण किया। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। मौके पर चंद्रिका यादव, दिनेश यादव, सीताराम यादव, दिनेश यादव, संतोष यादव, बीरेंद्र यादव, महेश यादव, विजय यादव, सोनू यादव, दीपू यादव, बिपिन यादव, रिशु यादव एवं सैकड़ों में ग्रामीण शामिल हुए।

## कार्तिक उरांव झारखंड के आदिवासियों के मसीहा थे : जेपी पटेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में पूर्व केंद्रीय उड्डयन एवं संचार मंत्री तथा झारखंड के महानायक कार्तिक उरांव की 101 वीं जयंती उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री सह जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल ने की। इस अवसर पर उन्होंने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कार्तिक उरांव झारखंड के आदिवासियों के मसीहा थे। उनका जन्म कुरूख समुदाय में झारखंड के गुमला जिला के करौंदा लिट टोली नामक एक गांव में हुआ था और उनका नाम हिंदू कैलेंडर के कार्तिक महीने में जन्म लेने के कारण रखा गया था। उन्होंने 1947 के भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। वे झारखंड के महानायक और कुशल भारतीय राजनीतिज्ञ थे। वे 1967 में पहली बार संयुक्त बिहार के लोहरदगा लोकसभा सीट से सांसद चुने गए। वे अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद संगठन के संस्थापक थे। कार्यक्रम के पश्चात जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से केरेडारी प्रखंड के बेला कराली गांव में दो बच्ची तथा कटकम सांडी के झरदाग गांव में चार बच्ची की तलाब में डूबने से हुई दर्दनाक मौत की घटना पर गहरा शोक प्रकट किया गया। मौके पर मीडिया अध्यक्ष निसार खान उपाध्यक्ष कृष्णदेव प्रसाद सिंह, सलीम रजा नगर अध्यक्ष, परवेज अहमद महासचिव, सुनिल कुमार ओझा, बाबर अंसारी, सदरूल होदा प्रखंड अध्यक्ष, नरसिंह प्रजापति सचिव, अनिल कुमार भुईंया, मुस्ताक अंसारी, निसार अहमद भोला, सैयद अशरफ अली, मुशेश्वर प्रसाद चौधरी, राजू चौरसिया, अब्बास अंसारी, मोहम्मद कमरूउद्दीन, मोहम्मद जावेद, असगर अली, दिलीप कुमार रवि, विजय कुमार सिंह, जाकीर हुसैन, रविन्द्र गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## सांसद ने दिखाई संवेदनशीलता, दो शोकाकुल पत्रकार परिवारों को दी सांत्वना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपनी राजनीतिक व्यस्तताओं के बीच भी हजारीबाग शहरी क्षेत्र के दो शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनशीलता का परिचय दिया है। भले ही सांसद मनीष जायसवाल फिलहाल भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के पक्ष में प्रचार में जुटे हैं, लेकिन उनकी सक्रियता और संवेदनशीलता लगातार कायम है। बुधवार को सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग शहर के दो वरिष्ठ पत्रकारों के परिवारों की सुध ली, जिन्होंने हाल ही में अपने प्रियजनों को खोया है। सांसद मनीष जायसवाल ने अपने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी को इन शोकाकुल परिवारों से मिलकर उन्हें सांत्वना देने का निर्देश दिया। सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर उनके मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने शोकाकुल पत्रकार सोनू केशरी के हुडहुडु बाबा पथ स्थित आवास और पत्रकार संजय लाल विश्वकर्मा उर्फ. रामू कुमार के कानी बाजार, मुनका बगीचा स्थित आवास पहुंचकर उनके परिवारजनों से मिलकर उनका हिम्मत बढ़ाया। रंजन चौधरी के साथ पत्रकार सागर कुमार भी साथ रहें। सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने दोनों शोकाकुल पत्रकार के परिवारों से मुलाकात की और उन्हें सांसद मनीष जायसवाल की ओर से शोक संदेश पहुंचाया। उन्होंने परिवार के सदस्यों को ढाढस बंधाया और हिम्मत बढ़ाने की कोशिश की। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोक संतप्त परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

# पिंजरापोल गौशाला सीतागढ़ा में गोपाष्टमी मेला आज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** पावन कार्तिक मास के अवसर पर गुरुवार को पिंजरापोल गौशाला, सीतागढ़ा में पारंपरिक गोपाष्टमी मेला का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे गौ माता का पूजन और हवन संपन्न होगा। गौशाला में मेला को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गौशाला उपाध्यक्ष धीरेन सेठी ने बताया कि कार्तिक मास में गौ माता को भोजन कराने से गोदान के समान पुण्य की प्राप्ति होती है। मेला आयोजन समिति ने बुधवार को गौशाला में बैठक कर तैयारियों का जायजा लिया। गोपाष्टमी मेले का आयोजन गौशाला में लगातार 105 वर्षों से किया जा रहा है। गोवंश की रक्षा के उद्देश्य से 1881 में पिंजरापोल तथा 1905 में हजारीबाग गौशाला की स्थापना की गई थी। वर्तमान में यहां करीब 600 गौमाताओं की सेवा और देखभाल की जा रही है, जिन्हें घर से तिरस्कृत या कसाइयों से बचाकर लाया गया है। गौशाला से उत्पन्न देशी दूध की आपूर्ति शहर में की जाती है। प्रतिदिन मवेशियों को यहां उगाए गए हरे चारे से भोजन कराया जाता है।

**प्राकृतिक वातावरण में बसा गौशाला परिसर**

जुलजुल पहाड़ की तलहटी में बसा यह गौशाला स्थल प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। बरसात और ठंड के मौसम में यहां आने वाले लोगों को शिमला जैसा अनुभव होता है। हजारीबाग गौशाला की इकाई के रूप में पहले कटकमदाग के फतहा, चुरचू प्रखंड के बेलगड्डा और दुंधा गांव में भी गौशालाएं संचालित होती थीं। माओवादियों की बढ़ती गतिविधियों के कारण फतहा की गौशाला 1990 में हजारीबाग स्थानांतरित कर दी गई। वर्तमान में मरहेता और चोरहेता क्षेत्र में हरा चारा उत्पादन की योजना है।

**केंचुआ खाद, बगीचे और प्राकृतिक खेती**

गौशाला की 82 एकड़ भूमि में से लगभग 70 एकड़ क्षेत्र प्राकृतिक गतिविधियों के लिए उपयोग में है। यहाँ 2000 से अधिक आम के पेड़ (आम्रपाली, मालदा, दुधिया प्रजातियाँ) 16 एकड़ में नेपियर घास 30 एकड़ में प्राकृतिक सब्जी खेती की जाती है। साथ ही, वर्मी कंपोस्ट (केंचुआ खाद) उत्पादन से जैविक खेती को प्रोत्साहन मिल रहा है।

**मवेशी छात्रावास की अनूठी पहल**

गौशाला में मवेशी छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध है। शहर के गोपालक यात्रा या कार्य से बाहर जाने पर अपने मवेशियों को यहाँ निर्धारित शुल्क पर अस्थायी रूप से रख सकते हैं। यहाँ उनके भोजन और देखभाल की पूरी व्यवस्था रहती है। मेला संयोजक बजरंग अग्रवाल, सह संयोजक अरविंद राणा, उपाध्यक्ष धीरेन सेठी, सदस्य पवन खंडेलवाल, राकेश कुमार और गौरव कुमार यादव ने व्यवस्था का निरीक्षण किया। व्यवस्था देखने किशोरी राणा और मनमीत अकेला भी पहुंचे। मेला में तरह-तरह के स्टॉल, आरोग्य द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, पशुपालन विभाग के स्टॉल, पकवान, बच्चों के लिए झूले और महाभंडारा में हलुवा प्रसाद का वितरण आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### मां भद्रकाली महाविद्यालय के संस्थापक का निधन, शिक्षा जगत में छाया शोक



**इटखोरी :** प्रखंड स्थित मां भद्रकाली महाविद्यालय के संस्थापक कुमार यशवंत नारायण सिंह (106 वर्ष) का निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में गहरा शोक छा गया। शिक्षा जगत के साथ-साथ सामाजिक जीवन से जुड़े लोगों ने इसे अपूरणीय क्षति बताया है। यशवंत नारायण सिंह ने अपना पूरा जीवन शिक्षा के प्रसार और समाज सेवा के लिए समर्पित कर दिया था। उनके अथक प्रयासों और दूरदर्शी सोच की बदौलत आज मां भद्रकाली महाविद्यालय न केवल इटखोरी प्रखंड बल्कि आसपास के इलाकों में भी शिक्षा का प्रमुख केंद्र बन चुका है। विश्व प्रसिद्ध मां भद्रकाली मंदिर की मूर्ति चोरी प्रकरण में भी उनका कलकत्ता पुलिस के साथ महत्वपूर्ण योगदान के साथ मां ईटखोरी स्थित भद्रुली में प्राण प्रतिष्ठा के साथ स्थापित हुई। वे सदैव सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और मददगार प्रवृत्ति के लिए जाने जाते थे। विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों में वे प्रेरणास्रोत के रूप में याद किए जाएंगे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह 9 बजे महाने श्मशान घाट पर किया जाएगा। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

### 48 घंटे की रुक-रुक कर हल्की-फुल्की बारिश से जनजीवन प्रभावित



**बड़कागांव :** बंगाल की खाड़ी में उठी मोन्था चक्रवर्ती तूफान का असर बड़कागांव में देखी जा रही है। पिछले 48 घंटे से छिटपुट बारिश हो रही है। फलस्वरूप ठंड ने दस्तक दे दी है। बुधवार को लगभग दिन भर बादल छाए रहे और रुक–रुक कर हल्की छिटपुट बारिश होती रही। जिसके कारण जनजीवन भी प्रभावित रहा। पहली ठंड को देखते हुए लोगों ने गर्म वस्त्र भी निकाल लिए हैं ताकि ठंड से बचा जा सके। दुकानों में ग्राहकों की काफी कमी देखी गई। बताया जा रहा है कि बादल छटते ही ठंड में तेजी से बढ़ोतरी होगी। ठंड से लोगों को बचने की आवश्यकता है।

### रेड आर्मी बाबू पारा एवं केएफसी सांडी के बीच फाइनल मुकाबला आज

**बड़कागांव :** बादम बीएमसी मैदान में नॉकआउट के आधार पर खेले जा रहे एकता फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज 2:30 बजे से खेला जाएगा। उक्त आशय की जानकारी एकता फुटबॉल प्रतियोगिता के संचालक बेलाल सागीर ने दी है। उन्होंने बताया कि फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, विशिष्ट अतिथि पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी मौन प्रकाश एवं पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी पवन कुमार होंगे। फाइनल मैच की अंतिम तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है मैच देखने के लिए भारी संख्या में खेल प्रेमी के पहुंचने की उम्मीद बताई जा रही है।

### कलश स्थापना के साथ गया रोड हरिनगर में श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ



**बरही :** बरही गया रोड के हरि नगर में सात दिवसीय श्रीमद्भगवद् कथा का शुभारंभ कलश स्थापना के साथ बुधवार को हुआ। श्रीमद्भागवत कथा के आयोजक बरही के अधिवक्ता रामचंद्र साव और उनकी पत्नी उर्मिला देवी हैं। श्रीमद्भागवत कथा के लिए बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलशयात्रा निकाली गई। मंडप प्रवेश और कलश स्थापना के साथ देवताओं का आह्वान किया गया। 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक श्रीमद्भागवत पाठ, संध्या में प्रवचन और आरती का आयोजन होगा। श्रीमद्भागवत कथा कलशयात्रा में जिला परिषद के उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, जिप सदस्य प्रीति कुमारी, जिप प्रतिनिधि गणेश यादव, मुखिया शमशेर आलम, दिनेश साव, टिंकू आलम आयोजन में बरही हरिनगर निवासी शैलेन्द्र पांडेय, अजीत सिंह, दिवाकर पांडेय, संजय केसरी, राहुल पांडेय, जीतन साव, मनोज केसरी, प्रदीप साव, विश्वेश्वर साव, अन्नत पांडेय, यशपाल सिंह, तेजस्वी सिंह, जितेंद्र राजक, रोहित साव, रितेश साव, जयवीर साव, शेखर साव, बाबलू सिंह एवं गौरी भाई का विशेष सहयोग रहा।

### रांची में आज उमाशंकर अकेला की कांग्रेस में एंट्री, समर्थकों में उत्साह का माहौल




**चौपारण :** बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं चौपारण निवासी उमाशंकर अकेला आज रांची स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे। जानकारी के अनुसार, उमाशंकर अकेला आज सुबह चौपारण स्थित अपने आवास से रांची के लिए रवाना होंगे, जहां प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में वे औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता के. राजू, सोनिया गांधी, राहुल गांधी तथा झारखंड प्रदेश कांग्रेस के नेता केशव महतो कमलेश समेत कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। उमाशंकर अकेला के कांग्रेस में शामिल होने की खबर से बरही एवं चौपारण क्षेत्र की राजनीति में नई हलचल तेज हो गई है। समर्थकों में उत्साह का माहौल है और कई कार्यकर्ता चौपारण से रांची तक उनके साथ जाने की तैयारी में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उमाशंकर अकेला के कांग्रेस में आने से पार्टी को क्षेत्र में नई मजबूती मिल सकती है। वहीं राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उनके जुड़ने से आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को संगठनात्मक लाभ मिल सकता है। कुल मिलाकर, इस कदम को क्षेत्रीय राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखा जा रहा है, जिससे कांग्रेस पार्टी को बरही और आसपास के इलाकों में नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## एक नजर

### रिम्स की गवर्निंग बॉडी की बैठक नवंबर में

**रांची :** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान रांची की गवर्निंग बॉडी की बैठक 6 नवंबर से पहले बुलाई जाएगी। हालांकि विभाग की ओर से तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन यह बैठक झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर होनी है। बैठक में सेवानिवृत्त न्यायाधीश अमरेश्वर सहाय फिर से मौजूद रहेंगे। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने रिम्स से संबंधित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर दो माह के भीतर निर्णय लेने के निर्देश दिए थे। बैठक में मेडिकल कैडर, सीनियर रेजिडेंट/ट्यूटर, नर्सिंग और क्लास थ्री-फोर पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा करने पर चर्चा होगी। इसके अलावा नए विभागों के गठन के लिए आवश्यक पद सृजन पर भी निर्णय लिया जाएगा। महत्वपूर्ण एजेंडा में अस्पताल के विभिन्न विभागों के लिए आवश्यक मशीनरी और उपकरणों की तत्काल खरीद, नए भवनों के निर्माण और पुराने भवनों के नवीनीकरण को जल्द शुरू करने पर भी विचार होगा। जलापूर्ति और जल-जमाव की समस्या पर भी चर्चा की जाएगी। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है कि कैंपस में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाए और जलनिकासी प्रणाली को सुधारने के प्रयास किए जाएं। इसके साथ ही ट्रॉमा सेंटर और सेंट्रल इमरजेंसी में मरीजों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक उपकरण, विशेषज्ञ डॉक्टर और स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाए जाएंग।

### हटिया में खाली भूमि का निरीक्षण किया गया रांची नगर निगम बनायेगा एमआरएफ केंद्र

**रांची :** रांची नगर निगम अब ठोस कचराप्रबंधन को और बेहतर और आधुनिक बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इसी क्रम में शहर के कई इलाकों में मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी केंद्र बनाये जा रहे हैं। MRF केंद्र सूखे कचरे जैसे प्लास्टिक, पेपर, धातु और कांच आदि को अलग करने और रीसायकल करने के लिए तैयार किये जा रहे हैं। नगर निगम ने अब तक 12 जगहों पर MRF केंद्रों के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जबकि अन्य वार्डों में उपयुक्त जगहों की पहचान की जा रही है। इसी के तहत आज अपर प्रशासक संजय कुमार ने चांदनी चौक, हटिया स्थित खाली भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को वहां जांच और मापी कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर सहायक प्रशासक, नगर प्रबंधक, निगम अभियंता और अन्य कर्मचारी भी मौजूद थे।

### सिविल सर्जन का निलंबन नाकाफी, स्वास्थ्य मंत्रालय व सचिवालय जिम्मेदार : सरयू राय

**रांची :** चाईबासा में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने की घटना पर जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस गंभीर घटना में केवल सिविल सर्जन का निलंबन पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसके लिए स्वास्थ्य विभाग का मंत्रालय और सचिवालय दोनों समान रूप से जिम्मेदार हैं। सरयू राय ने कहा कि झारखंड के सभी सरकारी ब्लड बैंक अराजकता की स्थिति में हैं और नेशनल ब्लड पॉलिसी के प्रावधानों को अब तक लागू नहीं किया गया है। उन्होंने सवाल उठाया कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव से यह पूछा जाना चाहिए कि नीति को लागू करने में देरी क्यों हुई। उन्होंने बताया कि विधानसभा में 11 मार्च 2022 को उनके सवाल के जवाब में सरकार ने स्वयं स्वीकार किया था कि रक्त संग्रह के बुनियादी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। उस समय दिए गए आश्वासन पर आज तक अमल नहीं हुआ और जिन अस्पतालों ने रक्त संग्रह अभियान नहीं चलाया, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# रांची में चक्रवाती तूफान मोंथा का असर, नगर निगम अलर्ट पर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि चक्रवाती तूफान मोथा के असर से 30 अक्टूबर 2025 तक रांची में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इसे देखते हुए रांची नगर निगम को अलर्ट मोड पर रखा गया है। नगर निगम के प्रशासक ने सभी शाखाओं को तैयार रहने और तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

#### स्वच्छता शाखा की तैयारी

बारिश के दौरान पानी जमने की समस्या से निपटने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम बनाई गई है।

सुपर सकर मशीन और डी-सिल्टिंग मशीन को लगातार काम में लगाने का निर्देश दिया गया है। सभी छोटी-बड़ी नालियों की सफाई अभियान चल रहा है ताकि पानी की निकासी सुचारू रहे।

#### हॉर्टिकल्चर शाखा की जिम्मेदारी

तेज हवा या बारिश से गिरने वाले पेड़ों को तुरंत हटाने के लिए टीम को तैयार रखा गया है।

#### कंट्रोल रूम चालू

नागरिकों के लिए जरूरी सलाह भारी बारिश में निचले इलाकों, नदियों और नालों से दूर रहें। वज्रपात के समय खुले मैदान, ऊँचे पेड़ या बिजली के खंभों के पास न जाएं। रांची नगर निगम ने कहा है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कंट्रोल रूम को सूचना दें।

## बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने की घटना की जिम्मेवारी लें स्वास्थ्य मंत्री : वृंदा




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पश्चिमी सिंहभूम में थैलेसीमिया के पीडित बच्चों को संक्रमित खून चढाने की घटना दुखद है। इस घटना की जिम्मेवारी स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी को लेना चाहिए। यह बातें माकपा की वरिष्ठ नेत्री वृंदा करात ने बुधवार को मेन रोड स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण को नागरिकता निर्धारण का उपकरण नहीं बनाया जा सकता है। निर्वाचन आयोग की ओर से 12 राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को विस्तारित करने के फैसले का माकपा कड़ा विरोध करती है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया गरीबों और कमजोर वर्गों के बड़े हिस्से को मताधिकार से वंचित कर सकती है। उन्होंने कहा कि बिहार के अनुभव से यह स्पष्ट हुआ है कि इस प्रक्रिया के तहत समाज के कमजोर तबकों के अनेक लोग मतदाता सूची से बाहर कर दिए गए। उन्होंने इस पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जब नागरिकता निर्धारण के अधिकार क्षेत्र को लेकर मामला सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है, तब भी निर्वाचन आयोग इस प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहा है। आयोग ने बिहार के अनुभव से नहीं लिया सबक उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग ने बिहार के अनुभव से कोई सबक नहीं लिया है। आयोग को यह स्वीकार करना पड़ा था कि पात्रता के प्रमाण के रूप में मांगे गए 11 दस्तावेज प्रारंभिक आवेदन के साथ अनिवार्य नहीं हैं। यहां तक कि आधार कार्ड जिसे सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद जोड़ा गया, मतदाता सूची का विशेष पुनरीक्षण भाजपा की विभाजनकारी राजनीति को आगे बढ़ाने का माध्यम नहीं बनना चाहिए।

## इंडिया रिसर्च टूर पहुंचा रांची, आईआईएम और झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं से हुई मुलाकात

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** इंडिया रिसर्च टूर 2025, जो देशभर में शोध की गुणवत्ता, समावेशिता और नवाचार को बढ़ावा देने की पहल है, अब रांची पहुँच गया है। इस यात्रा के तहत, टीम ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट रांची और झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और विद्वानों के साथ मुलाकात और संवाद किया। यह यात्रा 6 अक्टूबर से 13 नवंबर 2025 तक चलेगी और इसमें 7 राज्यों के 15 शहरों के 29 संस्थान शामिल होंगे। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य 'ओपन एक्सेस' और 'ओपन साइंस' को बढ़ावा देना, शोध की ईमानदारी को मजबूत करना, ई-बुक्स के उपयोग को प्रोत्साहित करना, संपादकीय बोर्ड के सदस्यों की भर्ती में सहायता करना और शोध में विविधता व समावेशिता को बढ़ावा देना है। रांची में हुई चचाओं में इस बात पर बल दिया गया कि भारत की नॉलेज इकोनॉमी को मजबूत करने के लिए 'मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च' कितना जरूरी है। आईआईएम रांची मैनेजमेंट की पढ़ाई में आगे है, और झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय इंटरडिसिप्लिनरी रिसर्च और सोशल साइंसेज में मजबूत है। ये दोनों संस्थान दिखाते हैं कि देश के शोध और नए विचारों को आगे बढ़ाने में झारखंड की भूमिका लगातार बढ़ रही है। स्प्रिंगर नेचर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर वेंकटेश सर्वसिद्धि ने कहा, ₹राँची भारत के रिसर्च माहौल की विविधता और ऊर्जा का प्रतीक है। आईआईएम राँची और झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसे संस्थान उन प्रतिभाओं को तैयार कर रहे हैं जो मैनेजमेंट, सामाजिक विज्ञान और विभिन्न विषयों के अध्ययन को जोड़कर वास्तविक दुनिया की समस्याओं का समाधान ढूंढते हैं। इंडिया रिसर्च टूर के माध्यम से हमारा उद्देश्य झारखंड की बढ़ती भूमिका को उजागर करना और ऐसे सहयोग के अवसर बनाना है, जो राज्य और देश के विकास को आगे बढ़ाएं।

## रांची पुलिस की बड़ी कार्रवाई: लोअर बाजार से भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस जब्त, दो ट्रक पकड़े गए



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए लोअर बाजार थाना क्षेत्र से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पशु के मांस को बरामद किया है।

इस कार्रवाई में मांस से भरे दो ट्रक को पकड़ा गया, जिसमें एक बड़ा और एक छोटा ट्रक जब्त किया गया है। पुलिस को बुधवार को सूचना मिली थी कि लोअर बाजार थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित पशु का मांस लाया जा रहा है। इसी सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ने तत्काल छापेमारी करते हुए प्रतिबंधित मांस को मौके पर ही पकड़ लिया। मांस की बरामदगी के बाद पुलिस अब इस अवैध कारोबार में शामिल लोगों की पहचान करने और उनकी गिरफ्तारी में जुट गई है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है ताकि इस धंधे के पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके।

झारखंड में गोवंश पर प्रतिबंधगौरतलब है कि झारखंड राज्य में 2005 से ही गोवंश की हत्या और उसके मांस के व्यापार पर प्रतिबंध है। यह प्रतिबंध 'झारखंड गौवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम 2005' के तहत लागू है। प्रतिबंध के बाद डोरंडा और कांटाटोली की वधशालाएं बंद हो गई थीं। हालांकि सूचना के अनुसार, गुदड़ी बाजार और आजाद बस्ती में नगर निगम की जमीन पर यह धंधा अभी भी चोरी-छिपे चलाया जा रहा है।

## छठ पूजा के बाद रांची में चला सफाई अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** छठ महापर्व के सफल समापन के बाद रांची नगर निगम ने पूरे शहर में सफाई अभियान चलाया। निगम की टीम ने खास तौर पर सभी प्रमुख जलाशयों और छठ घाटों की सफाई पर ध्यान दिया। सफाई मित्रों ने घाटों पर पड़ी पूजा सामग्री, फूल-माला, नारियल, कपड़े और दूसरे कचरे को इकट्ठा कर सही तरीके से निस्तारित किया। प्रशासक के निर्देश पर सभी वार्ड सुपरवाइजर और जोनल सुपरवाइजर की निगरानी में यह अभियान चलाया गया। घाटों के साथ-साथ उनके आसपास की गलियों, मोहल्लों और सड़कों की भी सफाई की गई ताकि पूरे इलाके में स्वच्छता बनी रहे और किसी तरह की दुर्गंध या गंदगी न फैले। नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे जलाशयों में कचरा या पूजा सामग्री न फेंकें और शहर को साफ-सुथरा बनाए रखने में निगम का सहयोग करें। साथ ही नागरिकों से यह भी आग्रह किया गया है कि वे अपने आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी खुद भी निभाएं।

# बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में दी गई कार्तिक उरांव को श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** पूर्व केन्द्रीय मंत्री और आदिवासी समाज के शिखर पुरुष कार्तिक उरांव की जयंती पर बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बुधवार को उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे और वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय मुख्यालय स्थित कार्तिक उरांव के प्रतिमा पर पुष्प अर्पण करते हुए समाज, प्रदेश एवं राष्ट्र के प्रति किये गये उनके योगदान को याद किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि कार्तिक उरांव ने जीवन भर आदिवासियों के विकास और एकता के लिए एवं समाज में व्याप्त अन्धविश्वास, कुरीतियों एवं अपसंस्कृति के उन्मूलन के लिए काम किया। उनके अधूरे काम को पूरा करने का संकल्प लेना और उनके सपनों को मूर्त रूप देना ही उनके प्रति हम सबों की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।




बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे और वरिष्ठ पदाधिकारियों ने विश्वविद्यालय मुख्यालय स्थित कार्तिक उरांव के प्रतिमा पर पुष्प अर्पण करते हुए समाज, प्रदेश एवं राष्ट्र के प्रति किये गये उनके योगदान को याद किया

उल्लेखनीय है कि कार्तिक उरांव ने पटना से बीएससी इंजीनियरिंग और लन्दन से एमएससी इंजीनियरिंग की शिक्षा प्राप्त की कइंग्लैंड में 1959 में दुनिया का सबसे बड़ा आटोमेटिक न्यूक्लियर पावर स्टेशन का डिजाईन बनाकर उन्होंने इंग्लैंड सरकार को दिया कयह पावर स्टेशन आज हिंकले न्यूक्लियर पावर स्टेशन कहलाता है। इंग्लैंड में लगभग एक दशक के प्रवास के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरु के आग्रह पर भारत लौटक रांची के एचईसी में वे सुपरिटेनडिंग इंजीनियर बनाये गए । अपनी योग्यता के बल पर वे एक साल के अंदर ही चीफ इंजीनियर डिजाईन के पद पर प्रोन्नत हो गए और वर्ष 1967 तक कार्यरत रहे। वे वर्ष 1967, 1971 और 1980 में लोहरदगा से सांसद चुने गए क केंद्र सरकार में वे 1971 में संचार राज्य मंत्री और 1980 में पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री बने। एक बार बिहार विधान सभा के लिए भी निर्वाचित हुएक रांची विश्वविद्यालय के सीनेट एवं सिंडिकेट के सदस्य और बीआईटी, सिंदरी के निदेशक मंडल के सदस्य के रूप में उन्होंने इन संस्थानों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

## संक्षिप्त खबरें

### लाठीचार्ज की घटना के लिए हेमंत सरकार जिम्मेदार : नायक

**रांची :** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने चाईबासा में 27 अक्टूबर की रात शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे आदिवासी मूलवासियों पर हुई पुलिस लाठीचार्ज की कड़ी निंदा की है। बुधवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में नायक ने कहा कि इस दमनकारी घटना की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एसआईटी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने निर्दोष आदिवासी मूलवासियों पर लाठी बरसाकर अपने दोहरे चरित्र को उजागर किया है, जबकि भाजपा इस पर केवल घड़ियाली आंसू बहा रही है। नायक के अनुसार, भाजपा शासनकाल में पत्थलगड़ी आंदोलन के दौरान आदिवासियों पर गोली और लाठी बरसाई गई थी और अब झामुमो सरकार भी उसी राह पर चल रही है। इसपर हेमंत सरकार पूरी तरह से जिम्मेवार है। नायक ने कहा कि आंदोलनकारी पुरुषों और महिलाओं का समूह मंत्री दीपक बिरूआ के आवास जा रहा था, लेकिन प्रशासन ने बगैर कारण के बल प्रयोग किया। उन्होंने चाइबासा की एनएच और बाईपास मार्ग पर ट्रक माफिया की मनमानी का मुद्दे पर कहा कि जनता की आवाज उठाना अपराध नहीं। इसे सरकार को समझना चाहिए।

### वैश्य मोर्चा का सातवां स्थापना दिवस कल




**रांची :** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा का सातवां स्थापना दिवस आगामी 31 अक्टूबर को रांची के रेडियम रोड स्थित होटल आलोका सभागार में धूमधाम से मनाया जाएगा। स्थापना दिवस की तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम की जानकारी वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने बुधवार को मीडिया को दी। साहू ने बताया कि यह संगठन राज्य की 54 वैश्य उप-जातियों का प्रतिनिधित्व करता है, जो राज्य की 40 प्रतिशत आबादी की आवाज है। लेकिन किसी भी राजनीतिक दल ने समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाई। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस के बाद वैश्य मोर्चा नई ऊर्जा, नए उत्साह और संघर्ष की नई दिशा के साथ आगे बढ़ेगा। स्थापना दिवस के अवसर पर सात पाउंड का केक काटा जाएगा और पांच प्रबुद्धजनों को वैश्य रत्न की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। वहीं पांच उत्कृष्ट कार्यकताओं को भी सम्मानित किया जाएगा। सभागार का नाम प्रख्यात बुद्धिजीवी और आंदोलनकारी डॉ वीपी केशरी के नाम पर रखा जाएगा। मौके पर हीरानाथ साहु, उपेन्द्र प्रसाद, कपिल प्रसाद साहु, मनोज कुमार, राहुल कुमार साहु सहित मोर्चा के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### सांसद ने मधुकम तालाब में डूबे युवक के परिजनों से की मुलाकात



**रांची :** राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने विगत 28 अक्टूबर को मधुकम तालाब में डूबे सचिन चौरसिया के चटकपुर के श्रीनगर रोड नंबर 3 स्थित घर पहुंचकर परिजनों से बुधवार को मुलाकात की और उन्हें ढाढस बंधाया। सांसद ने परिजनों को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता राशि देने का आश्वासन दिया। मौके पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए सांसद ने कहा कि दु:ख की घड़ी में झामुमो सभी शोकाकुल परिवार के साथ है। उन?होंने कहा कि वे भविष्य में हर संभव उनके परिवार के साथ हमेशा खड़ी रहेंगी। परिजनों से मुलाकात करने के दौरान सांसद महुआ माजी के साथ वार्ड 28 के पूर्व पार्षद आशा देवी, पूर्व पार्षद अनिल गुप्ता झामुमो नेता नन्द किशोर सिंह चंदेल, मंटू वर्मा, अनीश वर्मा, अभिषेक गोस्वामी सहित अन्य मौजूद थे।

### सीसीएल मुख्यालय में आयोजित हुई साइबर सुरक्षा क्विज प्रतियोगिता



**रांची :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे "साइबर जागृत भारत" अभियान के अंतर्गत, अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य कर्मचारियों में साइबर हाइजीन और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। इन सभी गतिविधियों का समन्वय सीसीएल के सिस्टम विभाग की ओर से किया गया। इस पहल के तहत बुधवार को सीसीएल मुख्यालय और विभिन्न कमांड क्षेत्रों में साइबर सुरक्षा जागरूकता क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और साइबर सुरक्षा से जुड़े विषयों पर अपनी समझ का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा, 30 अक्टूबर, 2025 को सीसीएल मुख्यालय में कर्मचारियों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला में पासवर्ड सुरक्षा, फिशिंग की पहचान, डेटा गोपनीयता और मोबाइल सुरक्षा जैसे व्यावहारिक एवं दैनिक जीवन से जुड़े विषयों पर चर्चा की जाएगी। साइबर हाइजीन अभियान के दौरान, डिजिटल पोस्टर्स, वेबसाइट सेक्शन और सूचना बैनरों के माध्यम से भी जागरूकता संदेशों का प्रसार किया गया। इन संदेशों में ह्लक्या करें और क्या न करेंह्व जैसी उपयोगी दिशा-निर्देश शामिल थे, जो कर्मचारियों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। सीसीएल ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स फेसबुक, इंस्टाग्राम, थ्रेड्स, एक्स और आधिकारिक व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से भी साइबर सुरक्षा से संबंधित संदेश साझा किए और राष्ट्रीय अभियान का सक्रिय रूप से समर्थन किया। इसके अतिरिक्त, सीसीएल द्वारा आईटी परिसंपत्तियों की सूची का नियमित अद्यतन किया गया और सीईआरटी इन अनुमोदित वेंडर के माध्यम से सीसीएल वेबसाइट का साइबर सुरक्षा ऑडिट सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

# नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म, चार आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** कसमार थाना क्षेत्र में नाबालिक दुष्कर्म का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मामले का उद्भेदन कर लिया। कांड की महिला किंगपिन कसमार के करकट्टाखुर्द थाना निवासी, कुसुम कुमारी उम्र करीब 20 वर्ष पिता भजन लाल करमाली सहित दुष्कर्म में सम्मिलित तीन को पोस्को एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया । यह छापामारी कसमार और पेटरवार थाना ने संयुक्त रूप से किया। कुसुम अनैतिक कार्य में पहले से भी संलिप्त थी। नाबालिक कुसुम की परिचित थी और उसने उसे बहला फुसला के लड़कों के साथ भेज दिया।पुलिस मुख्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह ने बतलाया कि काण्ड के वादिनी के द्वारा बताया गया कि दिनांक 27.10.2025 को शाम के समय एक नाबलिग लड़की उम्र करीब 14 वर्ष अचानक गायब हो गई। खोजबीन के क्रम में पता चला कि बरईकला छठ घाट से संध्या करीब 6 बजे गाँव के कुसुम कुमारी, पिता भजनलाल करमाली ने तीन लड़को को बुलाकर तथा उन्ही के बाईक से कही भेज दिया है। उक्त लड़के 26 सफीक अंसारी- पता ग्राम दारिद ,19 वर्षीय रंजीत कुमार -पिता नामालुम और 18 वर्षीय राहुल कुमार तुरी- पिता द्दनामालुम दोनों सा०-दारीद (उतासारा) के हैं। वह तीनो लड़के नाबालिक पीड़िता को करीब 7 बजे शाम में ओरमो दाँतु रोड में ग्राम कुलागुजु के सामने रोड के पश्चिम तरफ सुनसान स्थान पर ले जाकर तीनों लड़को के द्वारा पकड़ कर जोर जबरदस्ती बारी-बारी से बलात्कार किया गया। इसके बाद तीनों लड़के नाबालिक पीड़िता को बाईक पर बैठा कर गाँव में लाकर छोड़ दिया ।वादिनी के टंकित आवेदन के आधार पर कसमार थाना काण्ड संख्या 78/25 28.10.2025 धारा- 70(2) 61(2) बीएनएस 2023 एवं 4/6 पोक्सो एक्ट 2012 के अंतर्गत दिनांक दर्ज किया गया।

उक्त घटित घटना में आवश्यक कार्रवाई करने एवं संलिप्त अपराधियो को पकड़ने हेतु पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी महोदय बेरमो तेनुघाट बोकारो के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी चार (04) अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है तथा अपनी संलिप्तता स्वीकार की है तथा इस काण्ड में प्रयुक्त सामानों की बरामद किया गया है। अभियुक्तों की निशानदेही पर अभियुक्तों द्वारा घटना के क्रम में पहने गये वस्त्र की बरामदगी की गई है ।

**छापामारी दल में**

पुनि शैलेश सिंह जरीडीह अंचल बोकारो ,पुअनि सह प्र थाना प्रभारी भजनलाल महतो ,कसमार थाना,पुअनि कुंदन कुमार कसमार थाना, पुअनि हिमांशु शेखर कसमार थाना, पुअनि सुंदर हेम्ब्रम कसमार थाना, पुअनि राजू मुण्डा थाना प्रभारी पेटरवार थाना,पुअनि सुनील कुमार पेटरवार थाना, आरक्षी- 1544 रामेश्वर महतो, आरक्षी-209 मासूम रजा रिजवी, आरक्षी-08 प्रदीप कुमार शर्मा, चाआ-1512 अशोक पूर्ति एवं तकनीकी शाखा के पदाधिकारी एवं कर्मी शामिल थे।

## एक नजर

### दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल



**कोडरमा :** जयनगर प्रखंड अंतर्गत कटहाडिह - सहबाडिह मुख्य मार्ग मोदी चौक के समीप दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये जिसमें गाड़ी संख्या JH11AB7555 जयनगर के सांथ निवासी सुमंत पांडे पिता अशोक पांडे और गाड़ी संख्या JH12K8665 जयनगर ककरचोली निवासी सचिन यादव पिताजी दयानंद यादव बताया जा रहा हैं, टक्कर इतनी जोर थी की गाड़ी के खरपच्चे उड़ गए मौके पर कटहाडिह पंचायत समिति सदस्य फैजुल्ला खान निजी वाहन से घायल सुमंत पांडे को सदर ले गए वही सचिन यादव को उनके गांव वाले अपने बाइक से हॉस्पिटल ले गए। मौके पर जयनगर थाना के प्रशासन एक्सीडेंटल जगह पर पहुंचकर दोनों बाइक को अपने कब्जे में लेकर थाना ले जाने की बात कहीं।

### आस्था व विश्वास का केंद्र है मां का मंदिर

**बोकारो :** चास प्रखंड बिजुलिया पंचायत के डाबका गांव में 20 वर्षों से मां जगधात्री की पूजा हो रही है। मां जगधात्री का मंदिर क्षेत्र के लोगों का आस्था व विश्वास का केंद्र है। 11 नंवबर 2006 में बाबा मृत्युंजय तिवारी ने पुरोहित रामनारायण उपाध्याय उर्फ मंटू बाबा के मार्गदर्शन में मां जगधात्री की विधि-विधान के साथ स्थापना कर पूजा अर्चना शुरू की थी। जो आज तक जारी है। मान्यता है कि मां जगधात्री से जो भी कोई सच्चे मन से मन्नत मांगता है, मां उसे पूरी करती है। मन्नत पूरी होने पर धूमधाम से पूजा-अर्चना कर चढ़ावा चढ़ाते है। बाबा मृत्युंजय तिवारी ने बताया कि 2006 में स्वप्न में मां जगधात्री ने दर्शन दिये थे इसकी जानकारी पिता पंडित श्याम चरण तिवारी को दी. उन्होंने कहा स्नान कर मां से कहो कि आप कौन है मुझे बताइये, उसी दिन रात को स्वप्न में पुनः मां ने दर्शन दिये। स्वप्न में देखा कि घर के पश्चिम-उत्तर कोण में मां जगधात्री सिंह पर सवार होकर एक चबुतरा पर परिक्रमा कर रही है। मां जगधात्री ने बाबा मृत्युंजय तिवारी से कहा कि मेरी स्थापना कर पूजा अर्चना करो, सब संकट दूर हो जायेगा। बाधा मृत्युंजय ने मां से कहा कि में सक्षम नहीं हूं। आपकी स्थापना कर कहां सेवा कैसे करू, तब मां जगाधरी ने कहा पांच गांवों से धन मांग कर मेरी स्थापना कर पूजा अर्चना करो. मां जगत्री के सामने एक जटाधारी ब्राह्मण भी दिखाई दिया ।इसके बाद बाबा मृत्युंजय को नींद खुल गयी. पुनः यह बात बाबा मृत्युंजय ने अपने पिता को दी।

### भारतीय डाक सेवा को पुनर्जीवित करने की उठी मांग

बोकारो : भारतीय डाक सेवा को फिर से जनहित में सुचारु करने और पुरानी सेवाओं को पुनः प्रारंभ करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन ने बोकारो के मुख्य डाकघर के समक्ष धरना प्रदर्शन किया।

इस दौरान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष देव कुमार त्रिवेदी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां से डाकपाल को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसे केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को प्रेषित किया गया। संगठन ने ज्ञापन में कहा कि भारतीय डाक सेवा, जो कभी देश की जीवनरेखा मानी जाती थी, आज उपेक्षा का शिकार हो रही है। कई ऐतिहासिक और जनहितकारी सेवाएं जैसे — रजिस्ट्री पोस्ट पोस्टकार्ड, अंतदेर्शीय पत्र, और अंडर पोस्टल सर्टिफिकेट (वढउ) या तो बंद कर दी गई हैं या इतनी महंगी हो गई हैं कि आम जनता के लिए उनका उपयोग कठिन हो गया है।

## छठ पर्व उपरांत यात्रियों की वापसी हेतु चलायी जा रही विशेष ट्रेनें



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** छठ पर्व सम्पन्न होने के उपरांत आज से बिहार क्षेत्र से श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की वापसी प्रारंभ हो गई है। छठ पूजा सम्पन्न करने के बाद बिहार से भारी संख्या में यात्री अपने-अपने कार्यस्थलों की ओर लौट रहे हैं। यात्रियों की इस अत्यधिक भीड़ को देखते हुए भारतीय रेलवे द्वारा उनकी यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं आरामदायक बनाने हेतु विशेष तैयारियाँ की गई हैं। आद्रा मंडल से होकर भुवनेश्वर, चारलापल्ली, गोंदिया, इतवारी, अजमेर, झांसी, दुर्ग आदि प्रमुख गंतव्यों के लिए अनेक विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी क्रम में आद्रा मंडल के बोकारो स्टेशन से होकर भुवनेश्वर, अजमेर, संतरागाछी, कामाख्या एवं तिरुपति की ओर जाने वाली कई पूजा स्पेशल ट्रेनें गुजरेंगी। यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु स्टेशन परिसरों में हेल्प डेस्क, सूचना केंद्र स्थापित किए गए हैं। भीड़ नियंत्रण एवं टिकट जांच की सुचारु व्यवस्था के लिए अतिरिक्त टीटीई स्टाफ की तैनाती की गई है। साथ ही, यात्रियों की सुरक्षा हेतु आरपीएफ/जीआरपी की विशेष तैनाती एवं बैरिकेडिंग व्यवस्था भी की गई है।

## चोरी की मोटरसाईकिल तथा उसके पार्टस बरामद, तीन बाल आरोपी निरूद्ध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** सतगावां थाना में वादी मुन्ना कुमार, पिता स्व० सुदेश प्रसाद यादव, ग्राम नवाडीह, थाना सतगावॉ, जिला कोडरमा द्वारा लिखित सूचना दी गयी कि वे राउतडीह में अपने कपडा दुकान के पास अपने काले एवं सिल्वर मिक्स कलर की एच०एफ० डीलक्स हीरो मोटरसाइकिल चेचिस नं0 MBLHA11ALE9605003 इंजिन नं० HA11ELE9G12926 को खडा किये थे। जब अप० 02.00 बजे मोटरसाईकिल के पास आये तो पाये की उनकी मोटरसाईकिल वहाँ नहीं है, जिसे अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया है। वादी के उक्त लिखित आवेदन के आधार पर सतगावॉ थाना कांड सं0 116/25, दि० 28.10.2025 धारा 303 (2) बी०एन०एस० दर्ज किया गया। तत्पश्चात उक्त चोरी हुए मोटरसाईकिल की बरामदगी एवं संलिप्त अपराधियों की गिरी अतिशीघ्र करने हेतु अनुदीप सिंह, भा०पु०से०, पुलिस अधीक्षक, कोडरमा द्वारा पु०अ०नि० सौरभ शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। उक्त टीम द्वारा मानवीय एवं तकनीकी साक्ष्यों तथा गुप्तचरों की सहायता से चौबीस घंटों के अंदर इस काण्ड में संलिप्त तीन बाल आरोपियों को निरूद्ध किया गया, जिन्होंने अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में उक्त चोरी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की तथा उनके निशानदेही पर कांड में चोरी गये मोटरसाईकिल तथा उस मोटरसाईकिल की पहचान छुपाने के लिए मोटरसाईकिल से खोलकर अलग किये गये कई पार्टस बरामद किये गये।

## डीसी ने वृद्धाश्रम का लिया जायजा, वृद्धों का जाना कुशल-क्षेम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** डीसी अजय नाथ झा आज अचानक चास नगर निगम के सोलांगडीह स्थित बाबा वैद्यनाथ जन सेवा समिति वृद्ध सेवा आश्रम पहुँचे। संस्था के स्थापना दिवस के अवसर पर डीसी ने वहां रह रहे वृद्धजनों से बातचीत की, उनका हालचाल जाना और उनके जीवन के अनुभवों को बड़े ध्यान से सुना।

**आप सब हमारे समाज की नींव: डीसी**

वृद्धाश्रम पहुंचने पर डीसी का स्वागत संस्था के पदाधिकारियों और आश्रम में रह रहे वृद्धजनों ने आत्मीय भाव से किया। बातचीत के दौरान डीसी ने कहा, कि आप सब हमारे समाज की जड़ हैं, जिन्होंने अपने जीवन का सबसे सुंदर हिस्सा परिवार, समाज और देश की सेवा में बिताया है। आज हमारा दायित्व है कि हम आपकी खुशियों और सम्मान की रक्षा करें। उन्होंने वृद्धों से उनके स्वास्थ्य, भोजन और सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली और उन्हें हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया।

**आंखों में चमक, दिलों में सुकून...**

जैसे ही डीसी वृद्धजनों के बीच पहुंचे, आश्रम का वातावरण भावनाओं से भर गया। किसी ने उनकी कलाई पकड़ कर कहा, बेटा, बहुत दिनों बाद कोई हमारा हाल पूछने आयाङ्क, तो किसी ने मुस्कराते हुए कहा, आप आए, तो हमें लगा कोई अपना देखने आया है। वातावरण में एक स्नेह और अपनत्व का महौल बन गया। डीसी ने कहा कि वह समय - समय पर उनसे मिलते आते रहेंगे। मौके पर आश्रम संचालक समिति ने डीसी का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनके इस अनायास आगमन ने वृद्धजनों के मन में नई ऊर्जा और आत्मीयता भर दी।

## प्राचीन मां मनसा देवी मंदिर में छोटानागपुर संस्कृति महोत्सव समिति की आपात बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** सेक्टर 2 स्थित प्राचीन मां मनसा देवी मंदिर प्रांगण में बुधवार संध्या 6 बजे छोटानागपुर संस्कृति महोत्सव समिति की आपात बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता शंकर लाल गोप ने की, जबकि संचालन का कार्य सुखदेव सिंह ने संभाला।बैठक में प्रमुख मुद्दा मंदिर के नाम से किए गए कथित फर्जी रजिस्ट्रेशन को लेकर रहा। समिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए सुचांद प्रजापति, राजेंद्र प्रसाद, धीरेन प्रसाद रजवार और देवेंद्र गोराई को समिति से निष्कासित कर दिया। सदस्यों ने कहा कि इन चारों द्वारा मंदिर के नाम से जालसाजी कर फर्जी रजिस्ट्रेशन कराया गया है। इस मामले में समिति ने एक स्वर में कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का फैसला लिया है।बैठक में समिति के कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे जिनमें सुखदेव सिंह, के.के. मंडल, प्रकाश चटर्जी, अमरलाल देव, धारिया गौतम सिंह चौधरी, वन बिहारी गोरी, रामेश्वर सिंह, मुन्नीलाल सिंह, प्रेमचंद मेहता, भीड़ गोप, जनार्दन महतो, उमेश चंद्र बावरी, उपेंद्र महतो, राजू महतो, मोती लाल महतो, दीनबंध गोप, कीर्ति सिंह, विशेश्वर साव, अमूल महतो, बहादुर गोप, विद्यानंद कुमार यादव और बबलू कुमार शामिल थे।

## भारती उच्च विद्यालय नावाडीह के छात्र को राष्ट्रपति ने किया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**मरकच्चो :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत भारती उच्च विद्यालय नावाडीह1 के छात्र दिवाकर आनंद को राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में माननीय राष्ट्रपति श्रीमति द्रौपदी मुर्मू के कर कमलों से राष्ट्रीय सेवा योजना का सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किए जाने पर भारती उच्च विद्यालय के प्राचार्य सह निर्देशक महावीर प्रसाद वर्मा ने खुशी जाहिर की। बुधवार को दिवाकर आनंद भारतीय उच्च विद्यालय पहुंचा और गुरुजनों का आशीर्वाद लिया। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के प्राचार्य महावीर प्रसाद वर्मा एवं स्थानीय मुखिया वैजयंती देवी ने संयुक्त रूप से दिवाकर आनंद को मेडल, शोल व शील्ड देकर सम्मानित करते हुए बधाई दिए। वही शिक्षक रंजीत कुमार राम, मुखलाल यादव रामनाथ कुमार, प्रदीप वर्मा, शिवशंकर महतो, कुंदन कुमार, इस्लाम, नंदकिशोर कुमार, अनिल पाण्डेय, अवधेश पाण्डेय, पिंटू वर्मा, पवन वर्मा, मोहन कुमार, सीताराम पाण्डेय, नीतीश कुमार, मुकेश वर्मा, स्वेता कुमारी, उपासना कुमारी समेत समाजसेवी बसंत साव ने भी बधाई दिया।जानकारी हो कि दिवाकर आनंद को राष्ट्रपति के द्वारा सम्मानित होने पर राँची विश्वविद्यालय के साथ ही साथ पूरे झारखंड राज्य के लिए गौरवान्वित करने का पल है। दिवाकर आनंद डोरण्डा कॉलेज राँची के छात्र हैं और राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई में विगत 2018 से कार्य कर रहे हैं। दिवाकर डोरण्डा कॉलेज राँची के अर्थशास्त्र के विद्यार्थी हैं। दिवाकर का जन्म हजारीबाग जिला के चलकुशा प्रखण्ड के चौबे गाँव में हुवा था। इन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़कर सामाजिक क्षेत्र में अपना योगदान दिया है। उनमें से स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, रक्तदान, कोविड-19 जागरूकता अभियान, डिजिटल साक्षरता, नशामुक्त के रोकथाम अभियान, निःशुल्क शिक्षा, स्वास्थ्य शिविर, फिट इंडिया मूवमेंट, बाल मजदूरी रोकथाम, भ्रूणहत्या रोकथाम, सड़क सुरक्षा अभियान, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान, साइबर क्राइम को रोकने के जागरूकता कार्यक्रम, साक्षरता जागरुकता, हर घर तिरंगा अभियान, हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 एवं हॉकी ओलिंपिक क्वॉलिफायर मैच 2024 में भारतीय टीम के लिए लाइसन ऑफिसर के रूप में भी अपना योगदान दिया है एवं जिला प्रशासन के साथ अनेकों कार्यक्रमों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाया है।दिवाकर आनंद पढ़ाई के साथ-साथ सामाजिक गतिविधियों से जुड़े रहें हैं और अपने आसपास के लोगों को भी सक्रिय रखते हैं। दिवाकर के पिताजी भुदेव चौधरी किसान हैं और माता बेबी देवी गृहणी हैं। दिवाकर के पत्नी रिया कुमारी हैं और बहन पूनम कुमारी और पूजा कुमारी हैं।दिवाकर आनंद बचपन से मामा घर देवीपुर खेशमी मरकच्चो कोडरमा से अपनी प्रारम्भिक पढ़ाई भारती उच्च विद्यालय नावाडीह1 से किया हैं। उसके इंटरमीडिएट की पढ़ाई हजारीबाग इंटर साइंस कॉलेज से किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### अनंतडीह में श्री श्री 108 उद्यापन ज्ञान महायज्ञ का हुआ शुभारंभ



कोडरमा : प्रखंड के ग्राम अनंतडीह में बुधवार को एक दिव्य और धार्मिक माहौल देखने को मिला। ग्रामवासी सहदेव पंडित की पत्नी गिरिजा देवी, जो पिछले 25 वर्षों से निर्जला एकादशी व्रत रख रही थीं, उनके द्वारा आयोजित श्री श्री 108 उद्यापन ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उनके निवास स्थान से 151 कलशों की भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए कलश यात्रा में भाग लिया। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रकाश रजक, किशुन पंडित, अर्जुन मोदी, विक्की मोदी, सूरज यादव, विजय यादव, जितेंद्र पंडित, सिकंदर पंडित, राजू पंडित, दिनेश पंडित, रामचंद्र पंडित, रामेश्वर पंडित, राजेश पंडित, वीरेंद्र पंडित, मुकेश पंडित, लक्ष्मण पंडित, जितेंद्र, गीता देवी, सीता देवी, अंजनी देवी, आरती देवी, सरस्वती देवी, प्रीति देवी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण व्याप्त है और श्रद्धालु लगातार यज्ञ स्थल पर पहुंचकर आशिर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

### नंदोडीह में श्री श्री 108 उद्यापन ज्ञान महायज्ञ का हुआ शुभारंभ



**जयनगर :** ग्रामवासी बाबूलाल पंडित की पत्नी दुलारी देवी, जो पिछले 25 वर्षों से निर्जला एकादशी व्रत रख रही थीं, उनके द्वारा आयोजित श्री श्री 108 उद्यापन ज्ञान महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर उनके निवास स्थान से 151 कलशों की भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए कलश यात्रा में भाग लिया। वही मुख्य रूप से आचार्य बसंत शास्त्री जी महाराज। अभिषेक पाण्डेय, पण्डित विष्णुकांत शास्त्री जी रितेश पाण्डेय,सूरज पाण्डेय, दिनेश पंडित कामेश्वर पंडित रामचंद्र पंडित सहित मुख्य अतिथि जिला परिषद केदारनाथ यादव, पंडित आशीष शास्त्री जी यज्ञाचार्य सह कथावाचक पंडित बसंत शास्त्री जी महाराज (वैष्णवी आश्रम) ने भाग लिए। ज्ञात हो कि आगामी दिनों में यज्ञ के तहत कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जैसे 30 अक्टूबर को मंडप पूजन एवं देव प्रतिष्ठा, 31 अक्टूबर को परायण पूजन, 1 नवंबर को नगर भ्रमण एवं घृतधारी तुलसी विवाह, 2 नवंबर को शय्यादान, गोदान एवं सामूहिक हवन पूणार्हुति, 3 नवंबर को महा भंडारा का आयोजन किया जाएगा। वही मुख्य रूप से महेंद्र पंडित, सुखदेव यादव ,जागेश्वर पंडित, प्रकाश पंडित ,सुरेंद्र पंडित, उपेंद्र पंडित, महेश पंडित, सुभाष पंडित, दिनेश पंडित कामेश्वर पंडित रामचंद्र पंडित आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस दौरान पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण व्याप्त है और श्रद्धालु लगातार यज्ञ स्थल पर पहुंचकर आशिर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

### गोपाष्टमी पर गौशाला में विविध कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**झुमरी तिलैया :** श्री कोडरमा गौशाला प्रांगण यदुटांड़ में बुधवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ गोपाष्टमी पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत समिति के सचिव ओमप्रकाश खेतान और सह सचिव अरुण मोदी ने विधिवत गोपाष्टमी पूजा कर की। इसके बाद चिंता वर्णवाल ने अपने वजन के बराबर गौ चारा का दान कर तुलादान किया। जिससे परिसर में श्रद्धा का भाव और गहरा हो गया। मारवाड़ी युवा मंच के द्वारा नगर में गौ माता की झोली यात्रा निकाली गई। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 51 हजार 700 रुपए का सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू परिषद गौ रक्षा दल एवं मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा के सदस्यों ने गौ माता को गुड़ खिलाकर सेवा भाव प्रदर्शित किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष प्रदीप केडिया, कोषाध्यक्ष अविनाश सेठ, संजय अग्रवाल, डॉ. अशोक वर्णवाल, रतन संघई, मनोज केडिया सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

### बीएसएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर विशेष कार्यक्रम, अधिकारियों ने ली सत्यनिष्ठा की शपथ




**बोकारो :** सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के अन्तर्गत बीएसएल के सतर्कता विभाग द्वारा बुधवार को अधिशासी निदेशक के कांफ्रेंस हॉल में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में अधिशासी निदेशक प्रिय रंजन के साथ मुख्य महाप्रबंधक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, वरीय अधिशासी तथा मुख्य महाप्रबंधक एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा उपस्थित थे। मुख्य महाप्रबंधक एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा ने सभी को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलायी तथा प्रसंस्करण की विसंगतियों, प्रणाली एवं प्रक्रिया, आचार एवं नीति, तकनीकी मूल्यांकन, निष्पादन, तथा रिश्वत विरोधी प्रबंधन प्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

# डिग्री सर्टिफिकेट के लिए मारामारी विवि की धीमी रफ्तार पर आक्रोश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** झारखंड पात्रता परीक्षा (जेइटी) के आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित है, लेकिन राज्यभर में जारी खराब मौसम और भारी बारिश के बीच विद्यार्थी नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालयों के चक्कर लगाने को विवश हैं। कारण एनपीयू परीक्षा विभाग की लापरवाही के चलते अब तक अधिकतर विद्यार्थियों को डिग्री सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया है। विद्यार्थियों का कहना है कि उन्होंने कई दिन पहले ही डिग्री प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर दिया था, ताकि समय पर जेइटी फॉर्म भर सकें, लेकिन विश्वविद्यालय प्रशासन की धीमी प्रक्रिया के कारण अब अंतिम तिथि नजदीक आने पर भी उन्हें प्रमाण पत्र नहीं मिला है। इधर, एनएसयूआई प्रदेश उपाध्यक्ष अमरनाथ तिवारी ने इस पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य के हजारों विद्यार्थी बारिश और खराब मौसम में भी डिग्री सर्टिफिकेट के लिए भटक रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन को तत्काल सभी लंबित प्रमाणपत्र जारी करने चाहिए, ताकि विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित न हो। उन्होंने एनपीयू विश्वविद्यालय प्रशासन से आग्रह किया है कि स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल विशेष व्यवस्था कर विद्यार्थियों को उपाधि प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाए। तिवारी ने कहा कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो एनएसयूआई विद्यार्थियों के हित में चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगी। इसकी सारी जवाबदेही विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

## एक नजर

### लापता किशोरी का शव नर्सरी के डोभा से बरामद

**धनबाद :** धनबाद के टुंडी थाना क्षेत्र के बरमसिया पासाटांड़ स्थित वन विभाग के नर्सरी परिसर में बने पानी से भरे डोभा से 17 वर्षीय खुशबू कुमारी का शव पुलिस ने बरामद किया है। शव की पहचान मृतका के पिता सुरेश दास ने की। उन्होंने बताया कि खुशबू दो दिन पहले अचानक घर से लापता हो गई थी, जिसकी गुमशुदगी की सूचना टुंडी थाना में दर्ज कराई गई थी। बुधवार की सुबह जब ग्रामीण शौच के लिए निकले, तो उन्होंने डोभा में एक शव को तैरते देखा। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर टुंडी थाना प्रभारी उमा शंकर और अंचल अधिकारी सुरेश प्रसाद वर्णवाल दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक जांच-पड़ताल के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया। वहीं, इस घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटनास्थल से पुलिस को खून से लथपथ कपड़े भी मिले हैं, जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि युवती की हत्या कर शव को डोभा में फेंका गया है। वहीं परिजनों ने भी प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### ढाबा मालिक के साथ मारपीट करने वाले पांच गिरफ्तार

**हजारीबाग :** जिले के बरकट्ठा थाना क्षेत्र पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने गुजरा मोड़ स्थित जीटी रोड के किनारे संचालित एक ढाबा पर मारपीट और तोड़फोड़ करने के आरोप में पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। ये लोग ढाबा मालिक के साथ मारपीट कर रहे थे और घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंच गई। थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने जब स्थिति संभालने का प्रयास किया, तो उपद्रवियों ने पुलिस पर हमला बोल दिया। उन्होंने लाठी-डंडे से मारपीट की और सरकारी रायफल छीनने की कोशिश भी की। पुलिस बल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हल्का बल प्रयोग किया और पांच उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान अजीत कुमार यादव, शिव कुमार यादव, पप्पू कुमार यादव, मुकेश कुमार शर्मा और मुन्ना कुमार यादव के रूप में हुई है। सभी आरोपित हजारीबाग जिले के अलग-अलग गांवों के निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने मौके से एक बोलेरो, एक स्विफ्ट कार और एक इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी जब्त की है। बरकट्ठा थाना प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार उपद्रवियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। साथ ही फरार आरोपितों की तलाश में छापेमारी जारी है।

### बेमौसम बारिश ने बढ़ा दी किसानों की चिंता

**खूंटी :** जिले में मोंथा चक्रवात के प्रभाव से मंगलवार शाम से लगातार हो रही बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बेमौसम वर्षा के कारण धान, मड़ुआ, मक्का सहित अन्य सब्जियों की खड़ी फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। खेतों में पानी भरने से कई स्थानों पर फसलें गिर गई हैं, जबकि कटाई के लिए तैयार धान के भीगने से खराब होने की आशंका बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि मौसम में आए अचानक बदलाव ने उनकी मेहनत पर पानी फिर सकता है। स्थानीय किसानों ने बताया कि पिछले 15 दिनों से मौसम सामान्य था और फसलें अच्छी स्थिति में थीं। लेकिन मोंथा चक्रवात के चलते हुई लगातार बारिश से खेतों में पानी जमा हो गया है। तोरपा के किसान जकरियास टोपनो ने कहा कि अगर बारिश दो तीन दिन इसी तरह जारी रही, तो तैयार धान खास कर गोडा धान का बड़ा हिस्सा खराब हो सकता है, जिससे पैदावार पर सीधा असर पड़ेगा। कृषि विभाग की संस्था एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजमेंट एजेंसी (आत्मा) के उपनिदेशक अमरेश कुमार ने कहा कि बारिश से सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचा है।

# पुलिस-अपराधी मुठभेड़ का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** सिदगोड़ा थाना क्षेत्र के बारीडीह स्थित टाटा स्टील के खाली पड़े के-2 क्वार्टर में हाल ही में हुई पुलिस और अपराधियों की मुठभेड़ के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। फरार एक और अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि घायल अपराधी रवि महानंद उर्फ गोपला का इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है। बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी के-2 क्वार्टर में छिपे हैं। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर दरवाजा खुलवाने की कोशिश की, लेकिन अंदर से अपराधियों ने पुलिस पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की, जिसमें रवि महानंद उर्फ गोपला घायल हो गया। उसे तुरंत एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटनास्थल से पुलिस ने एक पिस्तौल, कारतूस, खोखा, शराब की बोतलें, डिस्पोजल गिलास, मिक्सचर और प्लास्टिक की चादर बरामद की। मुठभेड़ के दौरान एक अपराधी मौके से भागने में सफल हुआ था। उसी रात पुलिस ने सीतारामडेरा स्लैग रोड में घेराबंदी कर आकाश सिंह उर्फ लालू को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने स्वीकार किया कि 10 अक्तूबर को रंगदारी वसूली के लिए व्यवसायी हरेराम सिंह के घर पर फायरिंग की थी। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आकाश सिंह और दशरथ शुक्ला, दोनों पहले से हरेराम सिंह और उसके बेटे हरीश सिंह के साथ व्यवसाय में सहयोगी के रूप में काम करते थे और उन्हें प्रतिमाह 10 हजार रुपये वेतन मिलता था। छह माह पूर्व जब झारखंड में सरकारी शराब दुकानों का ठेका निकला, तो हरीश सिंह ने दोनों को काम देने का आश्वासन दिया था, पर ठेका मिलने के बाद उसने अपने पुराने सहयोगी मध्यप्रदेश के ग्वालियर निवासी प्रेम नारायण शिवहरे को यह काम दे दिया। इससे नाराज होकर दोनों ने बदले की भावना से कुख्यात अपराधी सुजीत सिन्हा से संपर्क किया और हरेराम सिंह से रंगदारी वसूली की साजिश रची। सुजीत सिन्हा ने दुबई में रह रहे गैंगस्टर प्रिंस खान से संपर्क कर हरेराम सिंह और उसके परिवार को धमकी देने की योजना बनाई। कई बार कॉल और व्हाट्सएप के माध्यम से रंगदारी की मांग की गई। जब रंगदारी नहीं दी गई, तो स्थानीय शूटरों के जरिए 10 अक्तूबर की सुबह हरेराम सिंह के घर पर फायरिंग की गई।

# डीआरएम ने 30 करोड़ से बन रहे पुल अंडरपास योजना का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** शहर के लोगों को जल्द ही ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। इस दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए बुधवार को धनबाद रेल मंडल के डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने बहुप्रतीक्षित गया पुल चौड़ीकरण परियोजना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ रेल मंडल के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। लगभग 30 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से गया पुल का चौड़ीकरण किया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट न केवल पुल को चौड़ा करेगा, बल्कि इसमें एक नया अंडरपास भी बनाया जाएगा। यह अंडरपास बैंक मोड़ से रांगाटांड तक के सबसे व्यस्त ट्रैफिक रूट को जाम से मुक्त कराने में सहायक साबित होगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार प्रस्तावित अंडरपास की चौड़ाई 12.5 मीटर और लंबाई 40 मीटर होगी। इसके बन जाने से भारी वाहनों और स्थानीय यातायात का सुचारू आवागमन सुनिश्चित होगा। बल्कि इससे प्रतिदिन लगने वाले भीषण जाम से स्थायी राहत मिलने की उम्मीद है। निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने अधिकारियों से प्रोजेक्ट की प्रगति और संभावित समय-सीमा के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गया पुल चौड़ीकरण परियोजना धनबाद शहर के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने अधिकारियों से योजना को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने के लिए सभी विभागों में समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया। वहीं मौके पर रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि निर्माण कार्य की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है, ताकि परियोजना जल्द से जल्द पूरी हो सके। इस योजना के पूरा होने पर धनबाद के लोगों को ट्रैफिक जाम की समस्या से बड़ी राहत मिलेगी।

# बस-ट्रेलर की जोरदार टक्कर गोविंदपुर-गिरिडीह मार्ग घंटों रही जाम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद :** टुंडी थाना क्षेत्र के कमलपुर जंगल के पास बुधवार को बस और ट्रेलर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में कई यात्री घायल हो गए, जबकि ट्रेलर चालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर का परखच्चा उड़ गया और वाहन का केबिन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद ट्रेलर चालक केबिन में फंस गया था। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से काफी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया और इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। बस में सवार कई यात्रियों को हल्की और गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहीं, इस दुर्घटना के कारण गोविंदपुर-गिरिडीह मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया और घंटों यातायात बाधित रहा। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और जांच में जुट गई है। मौके पर पहुंचे प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) विशाल कुमार पांडेय ने बताया कि गोविंदपुर-गिरिडीह मार्ग पर बस और ट्रेलर की जोरदार टक्कर में ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। उसे एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल भेजा गया है। साथ ही सड़क से दोनों वाहनों को हटाने का कार्य किया जा रहा है, ताकि यातायात सुचारू रूप से बहाल हो सके।

# मंत्री और सचिव भी दोषी हैं बच्चों को संक्रमित रक्त चढ़ाने के : सरयू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** विधायक सरयू राय ने चाईबासा ब्लड बैंक से थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों को एचआईवी संक्रमित रक्त चढ़ाने की घटना को राज्य स्वास्थ्य व्यवस्था की गंभीर लापरवाही बताया है। उन्होंने बुधवार को कहा कि केवल सिविल सर्जन का निलंबन इस अमानवीय घटना की जवाबदेही तय करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके लिए स्वास्थ्य मंत्रालय और सचिवालय दोनों समान रूप से जिम्मेदार हैं। विधायक सरयू राय ने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य सचिव से स्पष्टीकरण पूछा जाना चाहिए कि झारखंड में राष्ट्रीय रक्त नीति (नेशनल ब्लड पॉलिसी) के प्रावधानों को अब तक लागू क्यों नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि झारखंड के किसी भी सरकारी ब्लड बैंक की कार्यप्रणाली राष्ट्रीय रक्त नीति के मानकों पर खरी नहीं उतरती है। उन्होंने याद दिलाया कि विधानसभा में राष्ट्रीय रक्त नीति से संबंधित उनके एक प्रश्न के उत्तर में सरकार ने 11 मार्च 2022 को स्वीकार किया था कि राज्य रक्त संग्रह की प्राथमिक शर्तों का भी पालन नहीं कर रहा है। उस समय सरकार ने सदन पटल पर जो आश्वासन दिया था, उसका पालन आज तक नहीं हुआ है। यहां तक कि जिन अस्पतालों ने रक्त संग्रह अभियान नहीं चलाया, उनके खिलाफ भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। राय ने बताया कि राज्य के 24 जिलों के सदर अस्पतालों में से केवल रांची सदर अस्पताल में ब्लड सेपरेशन यूनिट कार्यरत है, जबकि रिम्स और एमजीएम, जमशेदपुर में भी यह सुविधा उपलब्ध है। बाकी 23 जिलों के सदर अस्पतालों में यह यूनिट अब तक स्थापित नहीं की गई है। परिणामस्वरूप, संग्रहित रक्त से प्लेटलेट्स, आरबीसी और प्लाज्मा अलग करने की सुविधा उपलब्ध नहीं है।

# डॉ मयंक मुरारी को मिलेगा शब्द शिल्प सम्मान जमशेदपुर लिटरेचर फेस्टिवल में होंगे पुरस्कृत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** चिंतक, लेखक व ग्रामीण विकास के संवाहक डॉ मयंक मुरारी को जमशेदपुर लिटरेचर फेस्टिवल में शब्द शिल्प सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। डॉ मरारी को सम्मान के साथ एक लाख रुपए की राशि भी दी जाएगी। कार्यक्रम का आयोजन 20 व 21 दिसंबर, 2025 को होगा। विद्यापीठ फाउंडेशन और इस आयोजन के निदेशक संदीप मुरारका ने यह जानकारी दी। श्री मुरारका ने बताया कि डॉ मुरारी को यह सम्मान अंग्रेजी में लिखी पुस्तक ज्तपइंस इतंअमीमंतज के लिए दिया जाना है। यह प्रभात प्रकाशन से प्रकाशित हुई और जिसके सह लेखक अचल




प्रियदर्शी हैं।

डॉ मयंक मुरारी अपने सार्वजनिक जीवन में 20 किताब और 700से अधिक आलेख लिखा चुके हैं। वह मुख्यतः अध्यात्म, आदिवासी जीवन और ग्रामीण विकास पर लेखन करते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले इस आयोजन में देश के सात लब्धप्रतिष्ठित व्यक्तित्व को सम्मानित किया जाना है। इसमेंल राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, दिव्य प्रकाश दूबे, बाबुश कोहली, व्योमेश शुक्ला, अंजुम शर्मा, रविदत्त वाजपेयी को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा दो दिन के कार्यक्रम में विभिन्न विषयों पर विचारोत्तेजक चर्चा होनी है। एक सत्र में अध्यात्म और समाज विषय पर परिचर्चा भी होगी। इसमें डॉ मुरारी अपने विचार रखेंगे। डा मयंक मुरारी एक विचारक और सक्रिय लेखक हैं। वह सामाजिकध् व्यक्तिगत विकास के लिए लिखते और काम करते हैं। वह भारत के ज्ञान प्रणाली के आंतरिक मूल्य और अंतर्निहित पहलू पर सोचते हैं और चिंतन करते हैं। उन्होंने 30 सालों में अभी तक 20 किताबें और 700 से अधिक रिपोर्ट, भारतीय समाचार पत्र और पत्रिका में लिख चुके हैं। इन कार्यों के कारण उन्हें कई अवार्ड और पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वह उषा मार्टिन में महाप्रबंधक सीएसआर और पीआर के रूप में काम कर रहे हैं, जहां पिछले 15 सालों से गांवों के टिकाऊ विकास के प्रति संकल्पित है। वह हमारे समाज की सामूहिक जागरूकता के लिए विभिन्न मंचों से व्याख्यान भी देते है। जनजाति आंदोलनों की प्रमुख विशेषताएं सामाजिक और आर्थिक शिकायतों, जैसे ब्रिटिश नीतियों द्वारा शोषण, भूमि और वन अधिकारों का हनन, और पारंपरिक जीवन शैली में हस्तक्षेप का विरोध थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध बालू खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध की गई सख्त कार्रवाई



**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के उपायुक्त नितिश कुमार सिंह के निदेर्शानुसार बुधवार को जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति के नेतृत्व में खनन विभाग की टीम द्वारा ईचागढ़ थाना एवं स्थानीय पुलिस बल के सहयोग से ईचागढ़ थाना अंतर्गत मौजा बीरडीह एवं जारगोडीह में अवैध बालू खनन,भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान उक्त स्थल बीरडीह में दो लाख पचास हजार सीएफटी तथा जारगोडीह में पांच लाख सीएफटी अवैध बालू भंडारण को जब्त किया। दोनों जगहों पर कुल सात लाख पचास हजार सीएफटी अवैध बालू भंडारण को जब्त किया।सभी जब्त खनिज को विधिवत जब्त कर ईचागढ़ थाना को सुपुर्द किया गया। इस पर डीएमओ ज्योति शंकर सतपति ने कहा कि क्षेत्र में लगातार अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगा तथा किसी भी हालत में अवैध खनन एवं परिवहन नहीं करने दिया जाएगा। मामले की अग्रेतर कारवाई किया जाएगा। मौके पर जिला खनन निरिक्षक समीर ओझा, ईचागढ़ थाना के एसआई विश्वजीत तिवारी एवं पुलिस बल उपस्थित थे।

### सोशल मीडिया ने कुंभ मेले में बिछुड़े व्यक्ति को परिवार से मिलाया

**सरिया :** सोशल मीडिया ने एक बार फिर से एक बछड़े व्यक्ति को उसके परिजनों से मिलाया। जिससे परिजनों में खुशी की लहर है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उड़ीसा के सुंदरगढ़ स्थित तेलंडीह गांव निवासी 55 वर्षीय दुर्गा चरण नौ माह पूर्व अपने परिजनों के साथ कुंभ मेला गया था। जहां वह अपने परिवार से बिछुड़ गया।उड़िया भाषी होने के कारण दुर्गा चरण की परेशानी को कोई समझ नहीं पाते थे। जिस कारण वह 9 माह तक अपना गांव (प्रदेश) पहुंचने के लिए इधर-उधर भटकते रहा। जहां तहां मजदूरी कर वह अपना पेट भर लेता था। दुर्गा चरण उधर-उधर घूमते भटकते बीते एक सप्ताह पूर्व सरिया प्रखंड के चीचाकी रेलवे स्टेशन स्थित बाबा गौस अलीशाह का मजार पहुंचा। जहां उड़िया भाषा में उसने अपनी आत्मकथा बतानी चाही। परंतु वहां के लोग उसकी भाषा नहीं समझ सके। बाद में उसे चीरूवां पंचायत के कुछ लोगों से मिलाया जो उड़ीसा में काम करते थे।इस बीच दुर्गा चरण को गांव के ही यमुना भुईया ने अपने घर में शरण दी। वहां के कुछ प्रवासी मजदूर जो उड़ीसा में रहते हैं उड़िया भाषा समझते थे। लोगों ने उस व्यक्ति की भाषा को हिंदी, अंग्रेजी तथा उड़िया में अनुवाद कर बगोदर के घंघरी निवासी शिक्षक अजय कुमार महतो के फेसबुक अकाउंट पर डाला।इसकी अतिरिक्त उड़िया भाषा के विभिन्न चैनलों तथा फेसबुक ग्रुप में दुर्गा चरण का फोटो शेयर किया गया। जिसके माध्यम से उक्त भूले बिछुड़े व्यक्ति के परिजनों तक जानकारी हुई। आदर्श उच्च विद्यालय कपिलो के प्रधानाध्यापक दीपचंद महतो के माध्यम से दूरभाष पर परिजनों से बातचीत कराया गया। इसके बाद बुधवार को उक्त व्यक्ति दुर्गा चरण की पत्नी, भाई तथा पुत्र कपिलो गांव पहुंचे। नौ महीना बाद परिवार से मिलकर दुर्गाचरण भावुक हो उठा। परिवार के लोग अपने घर के मुखिया को पाकर बहुत भावुक तथा खुश थे। परिजनों ने इस पुण्य काम में शामिल लोगों को हार्दिक बधाई दी।

### झामुमो के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने थामा भाजपा का दामन

**पूर्वी सिंहभूम :** जिले के जादूगोड़ा स्थित इच्छड़ा गांव में बुधवार को भाजपा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कई कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा। पार्टी में शामिल होनेवाले कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के पुरुषों और महिलाओं ने एक स्वर में भाजपा का अंगवस्त्र धारण करते हुए पार्टी में शामिल होने का संकल्प लिया। मौके पर मंच पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने सभी नवागत सदस्यों का हार और पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया और उन्हें संगठन के लक्ष्यों से अवगत कराया। इस समारोह में चंचल दास, उज्जवल गुप्ता सहित अनेक स्थानीय ग्रामवासी उपस्थित रहे। उन्होंने भाजपा के संगठनात्मक मूल्यों, सेवा भाव और विकास के संकल्प पर अपना विश्वास व्यक्त किया। उपस्थित लोगों ने कहा कि अब समय है कि विकास के साथ, मोदी सरकार के हाथ के नारे को हम सभी साकार करें और झारखंड के हर गांव में भाजपा की नीति और विचारधारा फैलाएं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा**
(E -MAIL ID – midloh632@gmail.com)

पत्रांक ................................/ लोहरदगा, दिनांक......................................./

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 649 लोहरदगा, दिनांक 07.10.2025 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 WRD/MID/LOHARDAGA/F2-06/2025-26 Date 07.10.2025 जो दैनिक समाचार पत्रों में PR NO. 363552 (Lohardaga)25-26*D द्वारा प्रकाशित है को इस प्रकार संशोधित किया जाता है:–

| | | |
|---|---|---|
| 4. | Date of Publication of e-Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date – 06.11.2025 Time - at 05:00 PM |
| 5. | Last Date/Time for Submission of e-Tender BID's | Date – 12.11.2025 Time - up to 5:00 PM |
| 6. | Last Date for online Submission of e-Tender Fee and EMD | Date – 12.11.2025 Time - up to 5:00 PM |
| 7. | Date of Opening e-Tender | Date – 14.11.2025 Time - at 02:00 PM |

अन्य शर्त्ते यथावत् रहेगा।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा

PR 364777 Lohardaga (25-26)_D



**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई- अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– RDSPL/SD/HZB/18/2025-26
1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDSPL/SD/HZB/18/2025-26 | चौपारण | प्राथमिक विद्यालय, पोरहो में चार अतिरिक्त कमरे का निर्माण एवं उन्नयन कार्य। | 8259300.00 | 165200.00 | 10000.00 | 08 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 08.11.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 08.11.2025 से दिनांक 19.11.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.11.2025 अपराह्न 5:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 364786 Rural Development (25-26)_D

# पराली जो जलकर बनती है सियासत वाली

ठण्ड की दस्तक के साथ धान की कटाई और पराली जलाए जाने के बीच आई दिवाली पर खतरनाक स्तर तक पहुंचे प्रदूषण के लिए फिर पराली को ही जिम्मेदार ठहराने में पंजाब और दिल्ली की राज्य सरकारें इस बार आमने-सामने रहीं। यह सच है कि पराली के चलते दोनों राज्यों के अलावा भी कई राज्य इसका प्रदूषण भुगत रहे हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि पंजाब-दिल्ली की सरकारें बजाए सुलह के एक-दूसरे को दोषी ठहरा, प्रदूषण से कैसे निपटेंगी? आसमान से निगरानी और लाइव तस्वीरों के इस दौर में भी सच सामने होने के बावजूद राजनीतिक बयानबाजी बेहद हैरानगी भरी है। सच है कि प्रदूषण की दमघोटू हवा इसके प्रभाव में आने वाले हर किसी को तकलीफ देती है। यह भी सही है कि कोरोना के बाद बहुत से लोगों में प्रदूषण को बरदाश्त करने की क्षमता भी घटी है लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि सरकारें बयानों से बचाव करें। हालांकि इस बार दिल्ली में क्लाउड सीडिंग यानी कृत्रिम बारिश की बात की जा रही है। देखना होगा कि यह तकनीक कितनी कामियाब होती है। लेकिन प्रदूषण को लेकर यह स्थाई विकल्प हो पाए, ऐसा लगता नहीं है। इधर सुप्रीम कोर्ट ने भी बीते बरस, दिल्ली में बढ़े वायु प्रदूषण पर केंद्र को कड़ी फटकार लगाई तो पंजाब और हरियाणा सरकारों को भी चेताया। बावजूद इसके काबू पाया जा सका न ही कोई विकल्प खोजा गया। अदालत में तब पेश जवाब पर ही सवाल खड़े होना लाजिमी थे जो हुए। फिलहाल दिल्ली में दिवाली के फौरन बाद प्रदूषण का स्तर बेहद खतरनाक पहुंचना बेहद चिंताजनक है। 301 से ऊपर का वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एयर क्वालिटी इण्डेक्स(एएक्यूआई) इमरजेंसी स्थिति मानी जाती है। दिल्ली में 27 अक्टूबर तक प्रदूषण के स्तर में सुधार जरूर हुआ है लेकिन धान कटाई और पराली जलाने की घटनाओं में भी पंजाब व आसपास तेजी से स्तर कब कहां पहुंच जाए कहना मुश्किल है। ध्यान देने वाली बात यह है कि न केवल एनसीआर बल्कि दूसरे क्षेत्रों में प्रदूषण बढ़ा हुआ है। पंजाब भी बुरी तरह से इसकी गिरफ्त में है। लेकिन यह सच है कि दिल्ली के मुकाबले वहां प्रदूषण अभी कम है। भले अभी पंजाब को कैसे दोषी ठहराया जा सकता है क्योंकि इसी मंगलवार लुधियाना में दिवाली के ठीक पहले 271, जालंधर में 247, अमृतसर में 224, पटियाला में 206 वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया गया। केन्द्रीय प्रदूषण बोर्ड के आंकड़ों जो कि 27 अक्टूबर तक के हैं देखने से पता चलता है कि दिल्ली में प्रदूषण में गिरावट के बावजूद वायु गुणवत्ता सूचकांक 301 पर बना हुआ है जो विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों से 1,900 प्रतिशत अधिक है। इसी दिन बहादुरगढ़ में वायु गुणवत्ता सूचकांक 381 से बढ़कर 387 हो गया है। जबकि दिल्ली सहित नौ शहरों में यह 300 के पार है। वहीं, देश में शिलांग की हवा सबसे साफ रही जबकि भारत के 256 शहरों में से केवल 23 प्रतिशत में ही हवा साफ है यानी 77 प्रतिशत में हवा खराब है। गनीमत है कि बीच-बीच में बदलते मौसम से हालात इस बार पिछली बार जैसे नहीं बन पा रहे हैं। समझना होगा कि प्रदूषण के लिए केवल भारत ही नहीं पाकिस्तान की पराली का धुंआ भी जिम्मेदार है। नासा की एक रिपोर्ट, वर्ल्डव्यू एनिमेशन, सेटेलाइट तस्वीरें, चंडीगढ़ पीजीआई और पंजाब यूनिवर्सिटी के शोध से भी साफ हो गया है कि भारतीय पंजाब के मुकाबले पाकिस्तानी पंजाब में पराली ज्यादा जलती है। इस पर पड़ोसी पर भी लगाम की जरूरत है। आखिर कैसी कोशिशें हैं कि सालों साल से यह मसला बजाए सुलझने के हर बार नए आरोपों में घिर जाता है? रही बात सरकारों की तो केन्द्र या राज्य की सरकारें किसानों को लेकर दावा कुछ भी करें लेकिन किसानों की भी तो अपनी समस्याएं हैं। संसाधनों की कमीं से जूझते छोटे-छोटे किसानों को भला ऋण कैसे मिलेगा ताकि पराली से विभिन्न उत्पाद बनाने वाली मशीनें खरीद सकें? किसानों की अपनी मजबूरी है। खेती मौसम पर निर्भर है और एक-दो दिन का बिगड़ा मौसम महीनों की मेहनत पर पानी फेर देता है। इसी चलते किसान भी तुरंत पराली जलाने को मजबूर होते हैं। किसान अगली फसल की बुवाई की जल्दबाजी मौसम के डर के बीच हालातों से जूझता है। दूसरी फसल के लिए बहुत कम वक्त के चलते खासकर छोटे किसान असमंजस में जानते-समझते मजबूरन पराली जलाने का अपराध करते हैं।

## सूडोकु नवताल- 7598

✶✫✫✫✫ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7597 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# मनगढ़ंत कहानियों के जरिए संघ पर हमले के निहितार्थ

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के दौरान संघ की गतिविधियों के खिलाफ घिनौने झूठे आख्यान और राजनीति से प्रेरित प्रयास हमारे महान राष्ट्र के विरोधियों के बीच अभूतपूर्व भय का प्रदर्शन करते हैं। आरएसएस एक मूक संरक्षक के रूप में कार्य करता है, जो समाज में विवेकपूर्ण ढंग से कार्य करने में विश्वास करता है। हम सभी जानते हैं, शब्दों का दीर्घकालिक प्रभाव नहीं हो सकता लेकिन किसी के प्रयासों का प्रभाव हो सकता है। इसी धारणा के आधार पर आरएसएस भारतीयों और राष्ट्र की मदद, विकास और एकता के अपने प्रयासों का कभी प्रचार नहीं करता। नतीजतन, किसी भी खामोश व्यक्ति या समूह पर कीचड़ उछालना आसान है। मिशनरियों, इस्लामी चरमपंथियों, कुछ राजनीतिक दलों ने आरएसएस को बदनाम करना शुरू कर दिया और इस संगठन को असंवैधानिक रूप से गैरकानूनी घोषित करने की बात करने लगे।

समकालीन भारतीय राजनीति के प्रामाणिक अध्ययनों के लिए जाने जाने वाले प्रसिद्ध इतिहासकार वाल्टर के. एंडरसन ने टिप्पणी की है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी आरएसएस को पश्चिम और भारत में भी कई लोगों की तरह एक धार्मिक संगठन समझने की भूल कर बैठे हैं। यह रणनीति राहुल गांधी के खुद को हिंदू और देशभक्त के रूप में पेश करने के प्रयासों को कमजोर कर सकती है। जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एडवांस्ड इंटरनेशनल स्टडीज में दक्षिण एशिया अध्ययन के पूर्व प्रमुख एंडरसन लगभग 50 वर्षों तक आरएसएस का गहन अध्ययन करने के लिए जाने जाते हैं। वे "ब्रदरहुड इन सैफ्रन" जैसी पुस्तकों के लेखक हैं। उन्होंने चर्चा की कि पश्चिम में आरएसएस को कैसे देखा जाता है, उसे किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है- जैसे जातिगत भेदभाव का समाधान-अल्पसंख्यकों तक कैसे पहुँचा जाए और बौद्धिक अभिजात वर्ग का दिल कैसे जीता जाए और भाजपा के भविष्य के बारे में उनका दृष्टिकोण।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कुछ अन्य नेताओं को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रति उनके खराब नजरिये के लिए जाना जाता है। इस धारणा और राहुल गांधी द्वारा उस पर किए गए मुखर हमलों के बावजूद आरएसएस उनसे घृणा नहीं करता। इसका कारण संघ का दर्शन, नेतृत्व का इतिहास और उनकी विचार प्रक्रिया है, जो एक सदी में विकसित हुई है। स्वतंत्रता के बाद से ही आरएसएस ने "राष्ट्र प्रथम" की मानसिकता को बनाए रखते हुए विभिन्न राजनीतिक दलों और नेताओं के साथ सहयोग किया है। आरएसएस पर हमला करने की कोशिश में वर्तमान कांग्रेस नेतृत्व विडंबनापूर्ण रूप से अपने ही अतीत की उपेक्षा कर रहा है, जिसमें कई कांग्रेस नेताओं ने कई विषयों पर आरएसएस के साथ घनिष्ठ सहयोग किया है।

संघ का सौ साल का इतिहास इस बात को पूरी तरह से प्रमाणित करता है कि हजारों स्वयंसेवकों ने राष्ट्र की सेवा में जीवन त्याग दिया या अपनी जान गँवाई और इस दौरान एकता, राष्ट्रीय पहचान और हिंदू जागरण के सिद्धांतों पर अडिग रहे। राष्ट्र के कल्याण के लिए सोचना और कार्य करना आरएसएस का एकमात्र दायित्व है। हजारों लोग प्रचारक के रूप में काम करते हैं जो राष्ट्र की सेवा के एकमात्र उद्देश्य के साथ एक त्यागी जीवन जीते हैं। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान या जब भी राष्ट्र को आवश्यकता हो, आरएसएस सभी जाति-धर्म के लोगों की मदद और समर्थन के लिए तैयार रहता है। कुछ उदाहरण हैं- चीन और पाकिस्तान के साथ संघर्ष, तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा घोषित अवैध आपातकाल के खिलाफ लड़ाई, पंजाब में अशांति के दौरान शांति प्रक्रिया और समाज को दोबारा एकजुट करने के लिए किए गए प्रयास।

जो लोग भारत की विरासत, कला और संस्कृति को नष्ट करना चाहते हैं, उन्हें हमेशा आरएसएस के विरोध का सामना करना पड़ेगा। चूँकि भारत में बहुसंख्यक लोग हिंदू हैं इसलिए आरएसएस हिंदू समुदाय या भारतीयता को विभाजित या विघटित करने के किसी भी प्रयास का विरोध करेगा, चाहे विरोधी कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो। नफरत करने वाले आरएसएस को बदनाम करने और सभी भारतीयों को भयभीत करने की अपनी लंबे समय से चली आ रही रणनीति को जारी रखने की कोशिश कर रहे हैं। यह रणनीति यह सुनिश्चित करेगी कि अल्पसंख्यक भाजपा के खिलाफ एकजुट रहें और भाजपा के मतदाताओं के दिलों में भी डर पैदा हो, क्योंकि अधिकांश भाजपा पदाधिकारियों की पृष्ठभूमि आरएसएस से है।

स्वार्थी प्रेरणा या लालची प्रवृत्ति वाले किसी भी व्यक्ति के लिए समाज और राष्ट्र कभी भी सर्वोच्च उद्देश्य नहीं होते; वे राष्ट्र और उसकी सामाजिक एकता की कीमत पर प्रसिद्धि, धन और शक्ति चाहते हैं। ये स्वार्थी लोग आरएसएस, पर्यावरण, राष्ट्र और विश्व को बेहतर बनाने के लिए अथक प्रयास करने वाले कई अन्य संगठनों के साथ ठीक यही कर रहे हैं। राष्ट्र को महान बनाने के लिए, एक लोकतंत्र को आलोचना, गहन विश्लेषण, राय और सुझावों की आवश्यकता होती है। हालाँकि, यदि एजेंडा हानिकारक है और हमारे राष्ट्र के दुश्मनों का समर्थन करता है, तो नागरिकों को अधिक सतर्क और जागरूक होने की आवश्यकता है और प्रासंगिक और तथ्यात्मक जानकारी के साथ ऐसे झूठे आख्यानों का जवाब देना चाहिए।

मुद्दा यह है कि क्या हमें उस संगठन पर भरोसा करना चाहिए जो दशकों से निःस्वार्थ भाव से देश की सेवा कर रहा है या उस पार्टी पर जो संविधान को खारिज करती है। झूठे आख्यान गढ़ना सस्ता है। असली पत्रकारिता महंगी है। जनहित में महत्वपूर्ण नई जानकारी खोजना और उसे इस तरह से प्रासंगिक बनाना कि हम उसका उपयोग मानवीय स्थिति को बेहतर बनाने के लिए कर सकें, पत्रकारिता का मुख्य कर्तव्य है। यह जनता के बीच एकजुटता को बढ़ावा देने में बहुत मददगार हो सकता है। इसका मुख्य उद्देश्य समग्र समाज में सुधार लाना होना चाहिए। जनता को विभिन्न प्रकार के आख्यानों से सावधान रहने की आवश्यकता है, क्योंकि बिना समझ और विश्लेषण के उन पर प्रतिक्रिया देने से व्यवस्था, समाज और राष्ट्र पंगु हो जाते हैं। प्रत्येक समाचार या विमर्श का आदर्श वाक्य "एकता और राष्ट्र प्रथम" होना चाहिए।

हालाँकि आरएसएस को उसकी अर्धसैनिक रणनीति और अनुशासन पर जोर देने के कारण कुछ लोग फासीवाद का भारतीय संस्करण मानते हैं। सेंटर फॉर स्टडीज एंड रिसर्च के निदेशक क्रिस्टोफर जैफ्रेलॉट कहते हैं कि आरएसएस का दर्शन समाज को एक धर्मनिरपेक्ष जीव के रूप में देखता है जिसकी भावना नस्ल के बजाय एक सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवस्था में निहित है और अंततः निरंतर जमीनी प्रयासों के माध्यम से इसे पुनर्स्थापित किया जाएगा। उनके अनुसार, आरएसएस की विचारधारा ने "राज्य और नस्ल के सिद्धांत का निर्माण नहीं किया, जो "नाजीवाद और फासीवाद" जैसे यूरोपीय राष्ट्रवादों के प्रमुख कारक थे। इसके अतिरिक्त, वह इस बात पर जोर देते हैं कि आरएसएस नेताओं के लिए नस्लीय एकरूपता उतनी महत्वपूर्ण नहीं है जितनी सांस्कृतिक एकता। राष्ट्र के पास एक ऐसा संगठन है जो राष्ट्र के बारे में केवल सकारात्मक सोचता है और अपने नागरिकों को उनके व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र के विकास के लिए प्रशिक्षित करता है, साथ ही राष्ट्रीय आवश्यकताओं या आपदाओं की स्थिति में स्वयंसेवा करने के लिए भी तैयार करता है। कांग्रेस, वामपंथी और अन्य विपक्षी दल इस तथ्य को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं।

संघ यदि सत्ता का भूखा होता तो तत्कालीन गृहमंत्री सरदार पटेल और तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के प्रस्ताव के साथ संघ को गठबंधन का प्रस्ताव गोलवाकर गुरुजी द्वारा आसानी से स्वीकारा गया होतो इसकी स्थापना के बाद से संघ के पास एकमात्र दृष्टि हैः हिंदुओं को अपने राष्ट्रीय और व्यक्तिगत चरित्र बनाने के लिए संगठीत करना। आरएसएस जनसंघ और भाजपा दोनों से पहले स्थापित हुआ है।

असल में, आरएसएस कई संगठनों का मूल संगठन है जिसे "संघ परिवार" कहा जाता है जो विभिन्न क्षेत्रों में काम करता है। इन संगठनों को आरएसएस से सलाह मिलती है और आरएसएस शीर्ष कार्यकारी समिति के साथ लगातार बैठकों को उनके काम पर अपडेट पर चर्चा करने या विषयों की एक श्रृंखला पर सलाह देने के लिए आयोजित किया जाता है। साल 1925 से आरएसएस ने बिना किसी स्वार्थ के, कुछ भी उम्मीद किए बिना देश को सेवाएं प्रदान की हैं। प्रचारक अपनी व्यक्तिगत उपलब्धियों को छोड़ कर और अविवाहित रहकर, आरएसएस में शामिल होते हैं और अपने घर-परिवार को पीछे छोड़ देते हैं।

मुद्दा यह है कि क्या हमें एक ऐसे संगठन में विश्वास रखना चाहिए जो साल 1925 से निःस्संदेह राष्ट्र और समाज में निःस्वार्थ रूप से सेवा कर रहा है या किसी पार्टी या व्यक्तियों में जो आतंकवादियों, नक्सलियों, हिंदुत्व विरोधी संगठनों और अन्य समूह जो मानवता के खिलाफ काम करते हैं, उनका भरोसा करना चाहिए। झूठी कथाएं और आधा सत्य हमेशा राष्ट्र और समाज के लिए हानिकारक होते हैं। राष्ट्र पहले, व्यक्तिगत कुछ भी मायने रखता है -इस भाव से हमें संघ के साथ आगे बढ़ना होगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# 'झूठ की बिसात' पर सत्ता की 'कारगुजारियां'

**निर्मल रानी**

बिहार में विधान सभा चुनावों की गहमागहमी के बीच चुनाव प्रचार तेज हो गया है। सत्ता और विपक्ष दोनों ही ओर से स्टार प्रचारकों द्वारा एक दूसरे को नीचा दिखाने व एक दूसरे पर लांछन लगाने का खेल जारी है। इसी मुहिम के तहत जनता के बीच भरपूर 'झूठ' भी परोसा जा रहा है। कभी कभी तो ऐसा लगता है कि 'झूठ' का सबसे गहरा रिश्ता राजनेताओं से ही है। मिसाल के तौर पर महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ने हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का वादा किया है। इसके अतिरिक्त सभी जीविका दीदियों की नौकरी को स्थाई करने व कम से कम 30,000 मासिक वेतन देने और जीविका योजना के तहत 2 साल बिना ब्याज ऋण दिए जाने का भी वादा किया है। इसके अतिरिक्त सभी संविदा, नियोजित और आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को स्थायी करना,पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करना, महिलाओं को 2,500 मासिक सहायता, हर परिवार को 200 यूनिट मुफ़्त बिजली, वृद्धजनों, विधवाओं और दिव्यांगों को ?1,500 मासिक, प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए फॉर्म शुल्क मुआफ करने और परीक्षा केंद्र तक मुफ़्त यात्रा, किसानों को सभी फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी, जैसे अनेक ऐसे वादे किये गये हैं जिन्हें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन तेजस्वी यादव का हवाई किला बता रहा है। क्योंकि राज्य का बजट इतने बड़े खर्च को उठा पाने की स्थिति में नहीं है। परन्तु ऐसे सवालों पर तेजस्वी फरमाते हैं कि 'हम आउट ऑफ बॉक्स सोचते हैं'। गोया वादा करने वालों की नजर में यह सोच 'आउट ऑफ बॉक्स' वाली है तो महागठबंधन की नजर में इस तरह के वादे झूठ बल्कि महाझूठ हैं।

अब देखिये बिहार चुनाव से जुड़ी सत्ता की बानगियाँ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान खगड़िया में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुये कहा कि नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार जैसे नेताओं पर 'चार आने का भी भ्रष्टाचार' का आरोप नहीं लगा है। उन्होंने राजग राज को 'विकास का राज' बताया और विपक्ष को 'लठबंधन' का नाम दिया। अमित शाह ने जोर देकर कहा कि 'केवल नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार, जिन पर चार आने का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, बिहार का विकास कर सकते हैं।' इसके पहले भी कई बार स्वयं प्रधानमंत्री मोदी,गृह मंत्री व मुख्यमंत्री नितीश कुमार 'भ्रष्टाचार मुक्त' सरकार के दावे हैं जबकि 20 वर्ष पुराने लालू राज को जनता को याद दिलाकर महागठबंधन के प्रति भय पैदा करने की कोशिश करते रहते हैं। परन्तु इनके भ्रष्टाचार मुक्त व सुशासन राज होने जैसे फर्जी दावों की कलई प्रमाण सहित प्रशांत किशोर अक्सर खोलते रहते हैं। याद कीजिये पिछले 5 वर्षों के भीतर इसी बिहार में और इसी मोदी-नितीश काल में एक दो नहीं बल्कि अनेक बड़े पुल ध्वस्त हो गये। कई निर्माणाधीन थे तो कई उद्घाटन की प्रतीक्षा में तो कई ऐसे जिनका कुछ समय पूर्व ही उद्घाटन किया गया था। भ्रष्टाचार का इससे बड़ा सुबूत और क्या चाहिये? जनता के टैक्स के हजारों करोड़ रुपए ऐसे भ्रष्ट निर्माण की भेंट चढ़ने के बावजूद यह दावा करना कि केवल नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार, जिन पर चार आने का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, इससे बड़ा झूठ और मजाक जनता के साथ और क्या हो सकता है? बिहार में भ्रष्टाचार के ऐसे और भी अनेक उदाहरण हैं।

इसी तरह बिहार चुनाव की बेला में ही रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने गत 18 अक्टूबर को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया और इस दौरान उन्होंने ट्रेन में यात्रियों से बातचीत भी की। खबरों के अनुसार उन्होंने यात्रियों को आश्वासन दिया कि दीपावली व छठ जैसे त्योहारों के दौरान कोई कमी नहीं होगी और रेलवे गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले सरकार द्वारा दावा किया गया था कि दीपावली और छठ पर 12,000 से अधिक विशेष रेलगाड़ी चलेंगी। इस खबर पर भी खूब जगहंसाई हुई थी क्योंकि देश भर में इस समय चलने वाली कुल सवारी रेल गाड़ियों की संख्या 13,000 के लगभग है ऐसे में 12,000 से अधिक विशेष रेलगाड़ी चलाने का दावा,महाझूठ के सिवा और क्या कहा जा सकता है और यदि इन दावों में लेशमात्र भी सच्चाई होती तो दीपावली व छठ के दौरान यू पी बिहार व झारखण्ड जैसे राज्यों में आने जाने वाले यात्रियों को कम से कम इसतरह का असहनीय व अकल्पनीय कष्ट तो न उठाना पड़ता? रेल मंत्री द्वारा दिल्ली में पूर्व नियोजित तरीके से व पूर्ण सुरक्षा के साथ किसी ट्रेन में चढ़कर केवल चुनावी स्टंट व मीडिया में सुर्खियां बटोरने की गरज से रेल यात्रियों से संवाद करना और बात है परन्तु सच्चाई तो यही है कि इन त्योहारों के दौरान ट्रेन में चढ़ना तो दूर रेल मंत्री महोदय बिना सुरक्षा के प्लेटफॉर्म तक पर नहीं घूम सकते थे रेल यात्रियों की इस कद्र अनियंत्रित भीड़ का आवागमन हो रहा था। ट्रेन के डिब्बों में चाहे वे ए सी हों या स्लीपर क्लास आरक्षित कोच,इन सब में यात्रियों को किन दुर्दशा के दौर से गुजरना पड़ा है यह केवल यात्री या भुक्त भोगी ही बता सकते हैं। गोदी मीडिया की नजरों में तो सरकारी सुनहरा पक्ष ही सत्य का सबसे बड़ा दस्तावेज है?

ऐसी ही एक खबर ने पिछले दिनों सरकार की बड़ी फजीहत कर डाली। बिहार चुनाव के मद्देनजर दिल्ली स्थित यमुना नदी के तट पर स्थित वासुदेव घाट पर छठ पूजा के अवसर पर पवित्र स्नान करने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम बना। इस आयोजन के लिये वासुदेव घाट पर प्रधानमंत्री के स्नान के लिए एक 'नकली यमुना' बनाई गई है। असली यमुना के साथ ही बनी इस 'नकली यमुना' में कथित तौर पर वजीराबाद वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से फिल्टर किया गया पीने का पानी पाइपलाइन के माध्यम से पहुँचाया गया। क्योंकि असली यमुना का पानी जहरीला व रासायनिक झाग से भरा हुआ है। दिल्ली पॉल्यूशन कंट्रोल कमेटी की रिपोर्ट के अनुसार, यमुना का पानी स्नान के लिए अयोग्य है और इससे गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। परन्तु केवल बिहार के मतदाताओं को रिझाने के लिये यह नाटक रचा गया। विपक्ष ने इसे धार्मिक भावनाओं का अपमान,चुनावी स्टंट व फजीवाड़ा बताया। प्राप्त खबरों के अनुसार सोशल मीडिया पर इस फर्जी यमुना की खबर के चलते हो रही फजीहत के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वासुदेव घाट पर छठ पूजा स्नान कार्यक्रम रद्द हो गया। इस तरह के अनेक उदाहरण मिल जायेंगे जिनसे पता चलता है कि सत्ता की 'कारगुजारियां वास्तविकता में कुछ और होती हैं जबकि 'झूठ की बिसात' पर कुछ और।

# नौकरशाही के दरबार में फाइलों के बीच दम तोड़ती संवेदनाएँ

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

हमारे समय की सबसे बड़ी त्रासदी यह नहीं है कि समाज अन्याय से भर गया है बल्कि यह है कि संवेदनाएँ खोती जा रही हैं। जिस देश में सरकारी तंत्र "सेवा" का प्रतीक होनी चाहिए थी, वहाँ अब "नौकरशाही" शब्द ही "अहंकार" और "दूरदर्शिता की कमी" का पर्याय बन चुका है। सरकारी तंत्र जब संवेदनहीन हो तो व्यवस्था का चेहरा निर्दयी हो जाता है। छोटी-सी समस्या के समाधान के लिए व्यक्ति फाइलों के जंगल में भटकता है। फोन उठाने से लेकर जवाब देने तक हर कदम पर दीवार खड़ी है- उस दीवार का नाम है नौकरशाही की असंवेदनशीलता।

नौकरशाही का मूल उद्देश्य नागरिकों की सुविधा, प्रशासन की पारदर्शिता और नीतियों की समानता था। लेकिन धीरे-धीरे यह वर्ग अपने ही बनाए दायरे में कैद हो गया। सत्ता के निकट रहकर उसने "सेवा" को "सत्ता-साझेदारी" में बदल दिया। आज अधिकारी जनता के प्रतिनिधि नहीं, सत्ता के प्रतिनिधि बन चुके हैं। फाइलों पर फैसले अब संवेदना से नहीं, "किसे खुश करना है और किससे बचना है" जैसी मानसिकता से लिए जाते हैं। इस मानसिकता ने शासन को जीवंतता से दूर कर दिया है। नौकरशाही अब अपने भीतर ऐसा "प्रशासनिक अहंकार" पाल चुकी है जो हर आलोचना को शत्रुता समझता है। फाइलें महीनों दबाई जाती हैं, नियुक्तियाँ वर्षों तक लंबित रहती हैं और जब जवाब माँगा जाए तो कहा जाता है- "प्रक्रिया में है।" यह "प्रक्रिया" अब बहाने का दूसरा नाम बन चुकी है। जनता के सवालों का जवाब कागजों में मिलता है लेकिन न्याय का उत्तर शून्य में खो जाता है।

सत्ता अपने स्वभाव में आकर्षक होती है। यह व्यक्ति को शक्ति देती है पर उसी शक्ति के साथ चरित्र की परीक्षा भी लेती है। दुर्भाग्य से, हमारे समय की राजनीति ने इस शक्ति को ज्यादातर "जिम्मेदारी" नहीं बल्कि "विशेषाधिकार" समझ लिया है। सत्ताधारी तब तक सक्रिय रहते हैं, जब तक प्रशंसा मिलती रहती है। लेकिन आलोचना या असहमति के क्षणों में उनकी सहनशीलता समाप्त हो जाती है। यही संवेदनहीन सत्ता का भयावह रूप है- जहाँ जनता की पीड़ा आँकड़ों में बदल दी जाती है और आँकड़ों की भाषा में संवेदना मर जाती है। हर बार जब कोई त्रासदी होती है- दुर्घटना, दंगा या भ्रष्टाचार- तब जमीनी स्तर पर प्रशासन केवल रिपोर्ट तैयार करता है, जिनमें संवेदना नहीं, केवल डेटा होता है। यह स्थिति लोकतंत्र के उस आत्मा को चोट पहुँचाती है जो "जन" से शुरू होकर "जन" पर ही समाप्त होती है।

संवेदनहीनता केवल प्रशासन की नहीं समाज की भी बीमारी बन चुकी है। आज दुर्घटनाओं के वीडियो बनाए जाते हैं पर किसी की मदद करने की हिम्मत कम ही होती है। गरीब की पीड़ा पर ताली बजाना आसान है पर मदद करना कठिन। यह वही मानसिकता है जिसने एक गहरी खाई बना दी है। जहाँ ऊपर बैठे लोग "नीतियों" की बात करते हैं, वहीं नीचे खड़े लोग "रोटी" की। नौकरशाही-जो पुल नहीं, दीवार बन चुकी है। यही वह त्रासदी है जो लोकतंत्र को भीतर से खोखला कर रही है।

एक समय था जब सरकारी अधिकारी "जनसेवक" कहलाते थे। यह शब्द अब मजाक लगता है। आज का प्रशासन इतना प्रक्रियात्मक हो गया है कि वह मनुष्यता को भूल गया है। फाइलों और कानूनों की दुनिया में "संवेदना" को "अपवाद" मान लिया गया है। यह विचलित करने वाली सच्चाई है कि जो तंत्र जनता की सेवा के लिए बना, वही तंत्र अब नागरिक को संदेह की दृष्टि से देखता है। अधिकारी जनता को सुविधा देने से अधिक उसके इंटेंशन पर शक करने लगे हैं। यह शक लोकतंत्र की आत्मा के विरुद्ध है। नौकरशाही और सत्ता के बीच यह मानसिक दूरी अब सामाजिक असमानता को और गहरा रही है। गाँवों में सड़क तब पहुँचती है जब वोट की जरूरत पड़ती है। स्कूलों में शिक्षक तब लगते हैं जब मीडिया हंगामा करती है। अस्पतालों में दवा तब आती है जब मंत्री का दौरा तय होता है। यह संवेदनहीन तंत्र आम नागरिक की ज़िंदगी को उस "प्रतीक्षा की यातना" में बदल देता है जो कभी समाप्त नहीं होती।

संवेदनहीनता की यह संस्कृति सरकारी तंत्र की स्थायी साथी बन चुकी है। हम यह भूल चुके हैं कि शासन का सार मनुष्यता में निहित है। कानून तभी तक उपयोगी हैं जब वे मानवीयता की रक्षा करें और प्रशासन तभी तक वैध है जब वह नागरिक के दुख को अपनी जिम्मेदारी माने। आज हमारे देश में हर विभाग में योजनाएँ हैं लेकिन क्रियान्वयन में संवेदना नहीं है। यही कारण है कि योजनाएँ "रिपोर्ट कार्ड" बनकर रह गई हैं, न कि राहत का साधन।

जरूरत इस बात की है कि सरकारी तंत्र को फिर से सेवा का पर्याय बनाया जाए। शासन में इमोशनल इंटेलिजेंस को नीतिगत अनिवार्यता बनाया जाए। नौकरशाही को प्रशिक्षण के दौरान केवल प्रोटोकॉल नहीं, संवेदना भी सिखाई जाए। पद का अहंकार अगर सेवा की भावना से नहीं मिला, तो हर नीति अधूरी रह जाएगी। आज आवश्यकता "अकुशल प्रशासनिक मशीनरी" की नहीं, "मानवीय प्रशासन" की है- जहाँ प्रत्येक निर्णय के केंद्र में नागरिक का दुःख, उसकी गरिमा और उसका जीवन हो।

हमारे समय का असली सुधार यही होगा कि नौकरशाही और सत्ता में संवेदना वापस लाई जाए। कानून की कठोरता के साथ मानवीयता की कोमलता भी जरूरी है। आज अगर हम सरकारी तंत्र में फिर से मनुष्यता को जीवित नहीं कर पाए, तो अगली पीढ़ियाँ हमें "संवेदनहीन युग" कहकर याद करेंगी। शायद तब यह प्रश्न उठेगा कि क्या हमने शासन को इंसान से ज्यादा महत्वपूर्ण बना दिया? इसलिए समय की पुकार है कि प्रशासन को प्रक्रिया से पहले मनुष्य को देखना सीखना होगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## दैनिक पंचांग

**30 अक्टूबर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**गुरुवार** 2025 वर्ष का 303 वा दिन
**दिशाशूल** दक्षिण **ऋतु** शरद।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** कार्तिक **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** अष्टमी 10.07 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** श्रवण 18.34 बजे को समाप्त।
**योग** शूल 07.21 बजे को समाप्त।
**करण** बव 10.07 बजे तदनन्तर बालव 22.12 बजे को समाप्त।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | तुला में | वृश्चिक | 07.26 ब.से |
| चंद्र | मकर में | धनु | 09.42 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | मकर | 11.48 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | कुंभ | 13.34 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मीन | 15.07 बजे से |
| शुक्र | कन्या में | मेष | 16.37 बजे से |
| शनि | मीन में | वृष | 18.17 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मिथुन | 20.16 बजे से |
| केतु | सिंह में | कर्क | 22.29 बजे से |
| राहुकाल | | सिंह | 00.45 बजे से |
| 1.30 से 3.00 | | कन्या | 02.57 बजे से |
| बजे तक | | तुला | 05.08 बजे से |

**चन्द्रायु** 08.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 13°48'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872513
**जूलियन दिन** 2460978.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उल्लावल
**तारीख** 07
**विशेष** गोपाष्टमी, मासिक दुर्गाष्टमी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | अमृत | 05.40 से | 07.11 बजे तक |
| रोग | 07.22 से | 08.51 बजे तक | चर | 07.11 से | 08.43 बजे तक |
| उद्वेग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | रोग | 08.43 से | 10.15 बजे तक |
| चर | 10.19 से | 11.47 बजे तक | काल | 10.15 से | 11.47 बजे तक |
| लाभ | 11.47 से | 01.15 बजे तक | लाभ | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| अमृत | 01.15 से | 02.43 बजे तक | उद्वेग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| काल | 02.43 से | 04.11 बजे तक | शुभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| शुभ | 04.11 से | 05.40 बजे तक | अमृत | 04.23 से | 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### रेवाली पासवान बने कांग्रेस के कटिहार जिला ऑब्जर्वर



**चौपारण :** कांग्रेस पार्टी ने चौपारण प्रखंड के करमा पंचायत निवासी एवं हजारीबाग जिला कांग्रेस एससी मोर्चा के अध्यक्ष रेवाली पासवान पर एक बार फिर बड़ा भरोसा जताया है। कांग्रेस एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम ने उन्हें कटिहार जिले का ऑब्जर्वर (प्रेक्षक) नियुक्त किया है। बताया गया कि रेवाली पासवान ने पहले औरंगाबाद जिले के कुटुंबा में संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने बूथ स्तर तक कार्यकताओं को जोड़ने और संगठन को सशक्त बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया, जिसकी सराहना पार्टी नेतृत्व ने की है। बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान भी रेवाली पासवान महागठबंधन प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए लगातार मेहनत और जनसंपर्क अभियान में सक्रिय रहे हैं। उनकी निष्ठा, संगठनात्मक कुशलता और समर्पण को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति से हजारीबाग जिला कांग्रेस और एससी मोर्चा के कार्यकताओं में उत्साह का माहौल है। सभी ने रेवाली पासवान को बधाई देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा।

### जिनालय में साध्वियों का समाज के लोगों ने किया स्वागत

**रामगढ़ :** शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य भगवान श्री विद्यासागर जी महाराज की परम प्रभावक शिष्या और आचार्य श्री समय सागर जी की आज्ञानूवर्ती शिष्याएं संपदा और अनीता दीदी का बुधवार को मंगल प्रवेश हुआ। हजारीबाग शहर में चातुर्मास पूर्ण करते हुए और धर्म प्रभावना का विस्तार करते हुए दोनों दीदियां समाज के पदाधिकारियों के अनुरोध पर प्रवास के लिए पधारी हैं। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जैन समाज के सचिव योगेश सेठी ने बताया कि इन साध?वी का आगमन समाज के लिए एक पावन अवसर है। उन्होंने कहा कि इन दीदियों के आगमन से रामगढ़ की धरा पावन हो गई है। इनके प्रवास से सभी रामगढ़ समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलेगा। इसके पूर्व मंगल प्रवेश के अवसर पर हजारीबाग से आए हुए पदाधिकारियों का समाज की ओर से अभिनंदन किया गया।

### मोंथा तूफान का दिखा असर, हुई 8.2 मिमी बारिश

**रामगढ़ :** चक्रवर्ती तूफान मोंथा का जिले में व्यापक असर दिखाई दिया। पिछले 24 घंटों में 8.2 एमएम बारिश दर्ज की गई है। लगातार हो रही बारिश की वजह से जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी भारी बारिश की वजह से किसानों को काफी नुकसान हुआ है। अचानक हुई बारिश की वजह से सड़क और खेत जलमग्न हो गए। मंगलवार की शाम से शुरू हुआ मोंथा तूफान का कहर बुधवार की शाम भी जारी है। हर जगह जलजमाव की वजह से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। वहीं बारिश की वजह से नदियों का जलस्तर भी बढ़ गया है। दामोदर और भैरवी नदी के अलावा नलकारी नदियों में भी उफान आ गया है। भारी बारिश की वजह से फसल को भी भारी नुकसान हुआ है। खेतों में लगाई गई सब्जियां नष्ट हो गई हैं। अभी धान की फसल को भी खेतों में भारी नुक्सान पहुंचा है। किसानों को उम्मीद थी कि इस बार धान की फसल अच्छी होगी।

# महिलाओं के सशक्तिकरण से ही समाज का उत्थान संभव : जोसिमा खाखा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** सहयोग आशा फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में बुधवार को नगर भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिप सदस्य सह कांग्रेस महिला मोर्चा ज़िलाध्यक्ष जोसिमा खाखा उपस्थित थीं। जोसिमा खाखा ने अपने संबोधन में कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज की वास्तविक ताकत है। जब महिलाएँ आत्मनिर्भर बनेंगी, तभी परिवार और समाज का सच्चा विकास संभव होगा। उन्होंने सहयोग आशा फाउंडेशन ट्रस्ट की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था न केवल सिमडेगा जिले में, बल्कि दिल्ली और अन्य शहरों में रह रहे झारखंडी आदिवासी समुदाय और मजदूर वर्ग की बेहतरी के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्था को चाहिए कि वह अधिक से अधिक महिलाओं को स्वरोजगार, हस्तशिल्प, लघु उद्योग और कौशल विकास से जोड़े। ताकि महिलाएँ आर्थिक रूप से सशक्त होकर अपने परिवार की रीढ़ बन सकें। जोसिमा ने कहा कि बदलाव बाहर से नहीं आता, बदलाव हम सबके भीतर से शुरू होता है। जब महिला आगे बढ़ती है, तो पूरा समाज आगे बढ़ता है। उन्होंने जिले में हाल के दिनों में डूबने से हो रही लगातार मौतों पर चिंता जताई और उपस्थित महिलाओं को सतर्क एवं जागरूक रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज में सुरक्षा और जनजागरूकता दोनों की आवश्यकता है ताकि ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। मौके पर बताया गया कि संस्था द्वारा महिलाओं को सिलाई, कढ़ाई, साबुन, सर्फ, मोमबती निर्माण आदि का प्रशिक्षण देकर स्वारोजगार से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावे राशन वितरण, वस्त्र वितरण, कंबल वितरण आदि योजनाएं भी संचालित है। कार्यक्रम में जिप सदस्य समरोम पौल तोपनो, संस्था के संस्थापक मिथिलेश कुमार चंद्रवंशी, सचिव विजय उरांव, कोषाध्यक्ष संजय राम, संरक्षक राजकुमार चंद्रवंशी, पूनम लकड़ा, एथन एजेलेता कंडुलना, सुनिता एक्का, दीपक टेटे, शोभेन टेटे, धर्मदास डुंगडुंग, अगुस्ता डुंगडुंग, संजय बा:, सरोजनी लकड़ा, जसिंता देवी, सुनीता देवी, कौशल्या देवी, शोभेन तिग्गा आदि उपस्थत थी।

## भाजपा नेता श्रद्धानन्द बेसरा ने हाथी प्रभावित गांव का किया दौरा



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** जिले के ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत बाघच्चटा पंचायत, भांवरखोल तुरिबेड़ा ग्राम में रात को हाथियों ने घर को ध्वंस किया एवं धान फसल को बर्बाद किया। इस घटना ने ग्रामीणों को चिंतित कर दिया है, लेकिन हमें उम्मीद है कि वन विभाग के अधिकारी इस समस्या का समाधान निकालेंगे। भाजपा नेता श्रध्दानंद बेसरा ने घटनास्थल का दौरा किया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों से आग्रह किया कि वे हाथी भगाने के लिए ठोस कदम उठाएं और प्रभावित परिवारों को मुआवजा प्रदान करें। बेसरा ने कहा कि यह एक चुनौतीपूर्ण स्थिति है, भांवर खोल ग्राम चारों ओर जंगल पहाड़ से घिरा हुआ है और अभी भी इस ग्राम में विद्युतीकरण नहीं हुआ है। लेकिन विश्वास है कि वन अधिकारी और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयासों से इसका कोई ठोस समाधान निकले ताकि भविष्य में किसी प्रकार जान माल की क्षति ना हो। मौके पर साथ में मखन बेसरा, रघुनाथ बेसरा, गुड्डू बेसरा इत्यादि अन्य गांव के लोग साथ थे।

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता का रामगढ़ जिला में दिख रहा है परिणाम : कुमारी नीलम




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** खेलो झारखण्ड अंतर्गत तीन दिवसीय राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने वाले टीम को अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन ,एपीओ कुमार राज, इप्शिता तिर्की ने अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए झंडा दिखाकर रवाना किया। वही जिला शिक्षा पदाधिकारी कुमारी नीलम ने खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रामगढ़ जिला में खेलो झारखंड प्रतियोगिता का परिणाम दिखना शुरू हो गया है। विगत दिनों में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में पूरे राज्य में तीसरा स्थान प्राप्त कर रामगढ़ जिला का नाम रौशन किया है। एथेलेटिक्स में भी हमारे बच्चे गोल्ड, सिल्वर और ब्रोंज मेडल जीतकर रामगढ़ जिला का नाम रौशन करेंगे। वही एडीपीओ नलिनी रंजन ने बताया कि राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला के अंडर 14,17 और 19 वर्ग के 96 बालक/बालिका खिलाड़ी रांची के खेलगांव स्थित बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम में आगामी 30 अक्टूबर से 01 नवम्बर तक प्रतियोगियों आयोजित की जा रही है। मौके पर टीम के नोडल शिक्षक रवींद्र दुबे, पुरनचंद महली, धरजीत चौहान, सुचिता तिर्की, शोषण लकड़ा, सुषमा कुमारी, रवींद्र कुमार, आशीष कुमार, बिनोद कुमार, शेखर कुमार सहित कई अन्य शिक्षक भी मौजूद रहे।

## बोर्ड परीक्षा से घबराएं नहीं, सही रणनीति अपनाएं : विवेक प्रधान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** छठ पर्व के साथ ही सारे त्योहार खत्म हो गए हैं। ऐसे में छात्रों को अब अपनी बोर्ड परीक्षा की तैयारियों में गंभीरतापूर्वक जुट जाने की जरूरत है। अक्सर देखा जाता है कि कई छात्र बोर्ड परीक्षा के नाम से ही घबरा जाते हैं, लेकिन सही रणनीति, नियमित अभ्यास और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा में सफलता पाना आसान हो जाता है। यह बात अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा के प्राचार्य विवेक प्रधान ने कही है। प्रधान ने बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए कई बिंदुओं पर सलाह देते हुए कहा कि यदि विद्यार्थी इसे अमल में लाएं तो उन्हें काफी फायदा होगा। उन्होंने रोजाना कम से कम 7-8 घंटे की नियमित पढ़ाई करने, हाई-वेटेज वाले अध्यायों को प्राथमिकता देने, कठिन टॉपिक को समझने के लिए ग्रुप स्टडी करने, आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए लगातार मॉक टेस्ट देने की बात कही है। उन्होंने कहा कि परीक्षा की संभावित तिथियां जारी हो चुकी है। साथ ही सैंपल पेपर और मार्किंग स्कीम भी जारी हो चुका है। इसके साथ ही काउंटडाउन शुरू हो गया है। विद्यार्थी मार्किंग स्कीम को भी जरूर देखें। इससे स्टेपवाइज प्रश्नों के उत्तर पर मिलने वाले अंक की जानकारी होती है। छात्र पढ़ाई को योजनाबद्ध तरीके से करें। सिलेबस को छोटे हिस्सों में बाँटकर पढ़ें, पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों का अभ्यास करें, समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें, कठिन विषयों को प्राथमिकता देकर समझें, हेल्दी रूटीन अपनाएँ और तनाव से दूर रहें। साथ ही सोशल मीडिया से दूरी बनाकर रखें। मन में ठान लें कि हमें हर दिन थोड़ा बेहतर करने का प्रयास करना है।

## छठ घाट गया परिवार, चोरों ने चुराए गहने और नकद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** शहर में इन दिनों चोरी और छिनतई की वारदात में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। चोर एक के बाद एक लगातार चोरी, छिनतई की घटना को आसानी से अंजाम देकर निकल रहे हैं। इससे स्पष्ट है कि पुलिसिया कार्रवाई विफल साबित हो रही है। लोगों का कहना है कि शहर में चोरी, छिनतई की घटनाओं में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही हैं। लेकिन पुलिस इन लोगों को पकड़ने में पूरी तरह विफल साबित हो रही। शहर के बंगाली टोला निवासी विजय कुमार ने बुधवार को सदर थाना में एक आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में विजय कुमार ने कहा है कि छठ पूजा को लेकर उनका छोटा भाई अजय कुमार अपने हाउस मेड को लेकर रांची से घर आया था। 27 अक्टूबर को दोपहर तीन बजे हाउस मेड को छोड़ कर सभी सदस्य दामोदर नदी छठ पूजा देखने चले गए। जब शाम सात बजे वापस आए तो उनका छोटा भाई हाउस मेड संतोषी उरांव को साथ लेकर रांची चला गया। सभी काफी थके हुए थे और सभी लोग सोने चले गए। उन्होंने बताया कि बुधवार को घर की बहू अदिति वर्मा ने जब अलमीरा खोला तो उसमें रखे जेवरात और नकद 40 हजार रुपये गायब थे। इसकी सूचना विजय कुमार ने अपने भाई को फोन पर दिया और कहा कि अपने हाउस मेड संतोषी उरांव और उसके पति को लेकर रामगढ़ आ जाओ। उन्होंने हाउस मेड पर चोरी की घटना को अंजाम देने का शक जाहिर किया है। इधर, पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# बेलकुबा गांव में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोलबा :** प्रखंड अंतर्गत बेलकुबा गांव में छठ पूजा के पावन अवसर पर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाज सेवी दीपक लकड़ा एवं विशिष्ट अतिथि बोलबा थाना प्रभारी देवीदास मुर्मू ने संयुक्त रूप से रिबन कटकर किया। इस अवसर पर छठ पूजा समिति बेलकुबा के सदस्यों ने मुख्य अतिथि दीपक लकड़ा को बैच लगाकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि दीपक लकड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन हम सबके लिए असीम श्रद्धा, आस्था और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक हैं। छठ पूजा सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि यह हमारे संस्कार, अनुशासन, पर्यावरण प्रेम और पारिवारिक एकता का संदेश देने वाला महान पर्व है। छठ पूजा की शुरूआत सूर्य उपासना से होती है वह सूर्य जो समस्त जगत को ऊर्जा देता है, जो जीवन का आधार है। इस पर में हम अस्ताचल और उदयाचल सूर्य दोनों को अर्घ्य देते हैं। यह प्रतीक है कि जीवन में डूबते और उगते दोनों ही समय को समान भाव से स्वीकार करना चाहिए। छठ व्रत की सबसे विशेष बात है कि इस निर्मलता, शुद्धता और आत्मसंयम के साथ किया जाता है वर्ती माताएं और बहनें चार दिन तक कठोर नियमों का पालन करती है बिना किसी दिखावे के, पूर्ण समर्पण और आस्था के साथ। यह हमें सिखाता है की सच्ची पूजा वही है जो मन, वचन और कर्म से शुद्ध हो। छठ पूजा का एक और अद्भुत पहलू है सामूहिक और एकता। गांव से लेकर शहर तक, हर गली में, हर घाट पर लोग एक साथ मिलकर तैयारी करते हैं। सफाई, सजावट, गीत संगीत प्रसाद बनाना सब कुछ मिल जुल कर या प्रवाह में जोड़ता है तोड़ता नहीं। विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी देवीदास मुर्मू ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को जोड़ने का माध्यम है और ऐसे आयोजनों से गांव में भाईचारा और शांति का वातावरण बनता है। कार्यक्रम में आमंत्रित कलाकार, वंशिका रजक, रोशनी नायक, नारायण नायक, राजमोहन और डांसर काव्या कुमारी, दीपिका सिंह, माया दास, रेशमा, सपना ने एक से एक नागपुरी गीत, नित्य और संगीत की मनमोहक प्रस्तुतियां दी, जिससे पूरा वातावरण उल्लासमय हो उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। मौके पर समाजसेवी प्रदीप टोप्पो, जतरू खड़िया, समिति के अध्यक्ष जगदीश साहू, उपाध्यक्ष बीरू साहू, सचिव बलराम साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### रामगढ़ में मनाई गई जलाराम बापा की 226वीं जयंती




**रामगढ़ :** रामगढ़ में जलाराम बापा की 226वी जयंती है, उनका जन्म 1799 को गुजरात के वीरपुर में हुआ था जो राजकोट के बगल में स्थित है। भगवान राम के प्रति समर्पित जलाराम बापा अपनी पूरी जिंदगी अन्नदान के माध्यम से गरीबों और जरूरतमंदों के सेवा में समर्पित कर दिया था। उन्होंने सदाव्रत नामक एक भोजनालय स्थापित किया था जिसमें सर्वधर्म समभाव के साथ मुफ्त में सभी जरूरतमंदों को भोजन कराया जाता था। उनके जीवन काल में सर्वधर्म और समभाव को लेकर कई चमत्कारी घटनाएं हुई थी जिनमें 1934 के आकाल के दौरान उनके परिवार ने 24 घंटे मुफ्त भोजन की सेवा दी थी जो अभी भी जारी है। इससे प्रेरित होकर रामगढ़ में एक ऐसा भी परिवार है जो पिछले 2021 से जलाराम बापू के मंदिर में दोपहर का भोजन बिल्कुल मुफ्त वितरण कर रहा है और आज के कार्यक्रम के वे आयोजक भी हैं। इस विषय पर दूरदर्शन से बात करते हुए उन्होंने बताया कि आज जलाराम बापा के जन्म उत्सव को हम लोग मना रहे हैं और हमारे गुजराती समाज के साथ सभी समाज के लोग इसमें शामिल हुए हैं और हम लोग महाप्रसाद भी ग्रहण कर रहे हैं, 1998 में यह जलाराम बापा का मंदिर स्थापित हुआ उस समय से अब तक प्रत्येक वर्ष उनकी जयंती में मनाई जाती है वह एक ऐसे संत हुए जिनसे आप जो भी कुछ दिल से मांगो वह मुरादे पूरी होती हैं।मौके पर एक महिला श्रद्धालु ने बताया कि गुजरात के बीरपुर में इनका धाम है वहां की प्रथा ही यहां भी चल रही है देश में जब अकाल पड़ा तो उस समय से उनका अन्नकूट भंडार वहां चल रहा है इस प्रथा का निर्वाह यहां भी हो रहा है।महाप्रसाद ग्रहण करने आए एक व्यक्ति ने दूरदर्शन को बताया कि आज जलाराम बापा के जयंती के अवसर पर हमने भी प्रसाद ग्रहण किया है वैसे यहां हर दिन दोपहर में 2:00 बजे अटूट भंडारा होता है जिसमें सभी धर्म समुदाय के लोग आकर प्रसाद ग्रहण करते हैं।

### ईद मेला सह रंगारंग नागपुरी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिमडेगा :** जिला के बानो प्रखंड अंतर्गत पाड़ो में नव युवक संघ द्वारा नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि जिला परिषद बानो प्रखंड सदस्य बिरजो कुंडलना फीता काट कर किया गया। तत्पश्चात नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम की शुरूआत गाना से की गई। एक से बढ़ कर एक गीत संगीत, नागपुरी आधुनिक गाना से दर्शकों को नाचने झूमने में कलाकारों ने मजबूर कर दिया। दर्शक नागपुरी आधुनिक गाना में नाचते झूमते नजर आए वहीं डांसरों ने एक से बढ़ कर एक डांस प्रस्तुत कर लोगों को खूब नचाया ईद मेला इंद्र देव की पूजा अर्चना कर अच्छी फसल खेती बड़ी सुख समृद्धि बनाए रखने के लिए प्रार्थना करते हैं और उन्हें अच्छी फसल खेती बड़ी एवं बारिश होने के लिए धन्यवाद भी देते है। मौके पर नव युवक संघ पाड़ो अध्यक्ष पुनीत प्रीतम सिंह, उपाध्यक्ष छोटेलाल सिंह, कोषाध्यक्ष उदय महतो, सचिव सुनील बरवा, उप सचिव विजय सिंह, मीडिया प्रभारी गौरव गौतम सिंह, धीरज सिंह, के आलावे कई ग्रामीण महिलाओं एवं पुरुषों बुद्धिजीवी और कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### कोलेबिरा के युवक हुआ लापता, परिवार हैं परेशान



**कोलेबिरा :** प्रखंड के ग्राम भेलवाटोली, पंचायत नवाटोली निवासी बसंत बड़ाईक (उम्र 34 वर्ष) बीते रविवार, 26 अक्टूबर 2025 की रात से लापता हैं। परिजनों के अनुसार, बसंत बड़ाईक ने नीले रंग की टी-शर्ट, भूरे रंग की पैंट और हवाई चप्पल पहन रखी थी। उनका रंग गोरा बताया गया है। रात में घर से निकलने के बाद से अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिला है। परिजनों ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को बसंत बड़ाईक के संबंध में कोई जानकारी मिले तो कृपया नीचे दिए गए नंबरों पर सूचना दें। 7903461005, 7488448260, 9297853740 परिवार उनके सकुशल घर लौटने की प्रार्थना कर रहा है।

### सभी वर्ग संगठन को प्रखंड से पंचायत तक यथाशीघ्र गठन करें पदाधिकारी : सफीक



**बांसजोर :** प्रखंड अंतर्गत जयपाल सिंह आंबा बगीचा गिनीकेरा में झामुमो सिमडेगा का एक आवश्यक बैठक किया गया। इस बैठक में प्रखंड स्तर के सभी वर्ग संगठनों के पुनर्गठन पर चर्चा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी दिनांक 08/11/025 को इसी जयपाल सिंह आंबा बगीचा में समय 11.00 बजे पूर्वाह्न से बांसजोर प्रखंड में एक विशेष बैठक किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा बांसजोर प्रखंड के सभी झामुमो नेताओं, कार्यकताओं एवं पार्टी के सभी स्तर के पदाधिकारियों से सादर अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाए। इस बैठक में मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना, जिला सचिव सफीक खान, केन्द्रीय समिति सदस्य नोवस केरकेट्टा, केंद्रीय समिति सदस्य रोश प्रतिमा सोरेंग, सुनील खेस, प्रफुल्लित डुंगडुंग, जिला उपाध्यक्ष रितेश बड़ाइक, जिला उपाध्यक्ष ऑस्कर डांग, जिला उपाध्यक्ष बबलू खान, जिला कोषाध्यक्ष राजेश टोप्पो, जिला संगठन सचिव वकील खान, क्रीड़ा मोर्चा जिला सचिव संतोष लुगुन, प्रखंड अध्यक्ष बांसजोर इलियास लुगुन, प्रखंड उपाध्यक्ष डोमिनिक तिर्की, नथानिएल बॉडिंग पीटर लुगुन, वरिष्ठ कार्यकर्ता जवाहर एक्का, संदीप बरवा उपस्थित रहे।

# नो-एंट्री विवाद पर मधु कोड़ा और उपायुक्त में हुई नोकझोंक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम :** जिला मुख्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा और उनके सहयोगी खड़े रहे, जबकि विधायक सुखराम उरांव और उपायुक्त चंदन कुमार बैठे रहे और दोनों पक्षों के बीच बातचीत धीरे-धीरे बहस में बदल गई। दरअसल, नो-एंट्री व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, जिला मानकी मुंडा संघ और विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि उपायुक्त से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान ज्ञापन सौंपने की प्रक्रिया के बीच माहौल अचानक गरमा गया। मिली जानकारी के अनुसार, बातचीत के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों को लेकर की गई एक टिप्पणी पर मधु कोड़ा भड़क उठे। उन्होंने कहा कि नेता की बदौलत ही देश चलता है और नेताओं की वजह से ही अधिकारी अपनी कुर्सी पर बैठे हैं। मीडिया देश का चौथा स्तंभ है, उसके साथ गलत व्यवहार स्वीकार्य नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन को जनता की समस्याओं और मांगों को संवेदनशीलता से लेना चाहिए। उन्होंने यह भी मांग किया कि पुलिस की ओर से गिरफ्तार किए गए सभी ग्रामीणों को बिना शर्त रिहा किया जाए, अन्यथा आने वाले दिनों में पूरे झारखंड में व्यापक आंदोलन और बंद का आह्वान किया जाएगा। वहीं, उपायुक्त चंदन कुमार की ओर से इस विवाद पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। बताया जाता है कि चाईबासा शहर में भारी वाहनों के आवागमन के कारण लगातार जाम और दुर्घटनाओं की स्थिति बनी रहती है, जिसके चलते स्थानीय लोग और संगठन नो-एंट्री व्यवस्था लागू करने की मांग कर रहे हैं। उधर, तांबो चौक में 27 अक्टूबर को हुए पुलिस-ग्रामीण टकराव का मामला अब पूरे कोल्हान क्षेत्र में उबाल पर है। इसी मुद्दे को लेकर बुधवार को कोल्हान बंद का व्यापक असर देखा गया। पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ चंपिया, आदिवासी हो महासभा, जिला मुंडा मानकी संघ सहित कई संगठनों के प्रतिनिधि उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और तांबो चौक क्षेत्र में नो-एंट्री लागू करने, गिरफ्तार कार्यकताओं की रिहाई और घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग वाला ज्ञापन सौंपा।

## एक नजर

### आग लगने से हजारों कि नुकसान, पीड़िता ने प्रशासन से की आर्थिक सहायता की मांग



**साहिबगंज** : जिला के बोरियो अंचल क्षेत्र के दुगाटीला पंचायत के तेतरिया संथाली में सोमवार अहले सुबह एक घर मे आग लगने से हजारों का नुकसान हो गया। जानकारी के अनुसार तेतरिया संथाली निवासी ताला हेम्ब्रम के मिट्टी के घर मे सोमवार सुबह अचानक आग लग गई। जिससे घर मे रखा लगभग 30 किउंटल धान, कपड़ा व अन्य सामान जलकर राख हो गया। जिसके बाद ग्रामीणों कि मदद से आग पर काबू पाया गया। वही आग किस वजह से लगी ये अब पता नही चल पाया है। हादसे से पीड़ित परिवार को भारी क्षति हुई है। पीड़िता परिवार ने प्रशासन से तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग कि है।

### रेलवे के तार चोरी करने के आरोपी को आरपीएफ ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



साहिबगंज : पाकुड़ आरपीएफ पोस्ट ने रेलवे तार चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पाकुड़ आरपीएफ की टीम ने इशाकपुर नया टोला रहसपुर पाकुड़ निवासी मुनीरूद्दीन शेख का पुत्र मोर्सलिम शेख को तार चोरी करने के आरोप में विधिवत गिरफ्तार किया है। उसके बाद पाकुड़ आरपीएफ पोस्ट में कागजी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत आरोपी को शारीरिक जांच करवाने के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल लेकर आई, जहां डॉक्टर के द्वारा फौरन शारीरिक जांच किया गया, उसके बाद आरपीएफ ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### दंपती से लूटपाट करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार, स्कूटी और नकदी बरामद

**पूर्वी सिंहभूम :** एमजीएम थाना क्षेत्र में दंपती से लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के कानस के छोड़िया गांव निवासी और वर्तमान में बेलाजुड़ी स्थित एमजीएम थाना क्षेत्र में रह रहे जीतेंद्रनाथ सिंह और मेघनाथ सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके पास से लूटी गई लाल रंग की स्कूटी, घटना में प्रयुक्त काले रंग की पल्सर बाइक और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। यह लूटकांड 26 अक्टूबर को घटित हुआ था, जब अजीत जेना और उनकी पत्नी साकची स्थित रिलायंस फ्रेश मॉल से लाल रंग की स्कूटी पर सवार होकर मुसाबनी जा रहे थे। एनएच–33 पर बेलाजुड़ी काली मंदिर से कुछ आगे बढ़ने पर अचानक दो युवक सड़क के दाहिनी ओर से आए और उनकी गाड़ी को रोक लिया। इसके बाद दोनों ने पति–पत्नी के साथ मारपीट की और धमकी देते हुए आरोपितों ने उनसे 4,500 रुपये नकद और स्कूटी लूट ली।
घटना के बाद पीड़ित दंपती ने तुरंत एमजीएम थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाया और दोनों आरोपितों को पकड़ लिया। पुलिस ने दोनों आरोपितों को बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## पुलिस ने रेल पटरी विस्फोट मामले के आरोपी के घर चिपकाया इश्तहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के बरहेट थाना पुलिस ने फरक्का एमजीआर रेल पटरी विस्फोट मामले में आरोपी श्रीचंद मुर्मू के घर बुधवार को न्यायाल से निर्गत इश्तहार चिपकाया। यह इश्तहार बीते वर्ष 2 अक्टूबर 2024 को रांगा घुटूटोला के निकट हुए रेल पटरी विस्फोट मामले में जारी किया गया है। थाना प्रभारी पवन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बोड़बांध गाँव पहुँचकर ग्रामीणों की मौजूदगी में डूगडूगी बजाकर यह इश्तहार आरोपी के घर पर चिपकाया। पुलिस टीम में सहायक अवर निरीक्षक अरविंद कुमार और धनंजय मंडल सहित अन्य कर्मी शामिल थे। इश्तहार के माध्यम से आरोपी श्रीचंद मुर्मू को 10 दिनों के अंदर न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है। पुलिस ने ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से भी यह सूचना गाँव में प्रसारित की। चेतावनी दी गई कि यदि आरोपी निर्धारित समय में न्यायालय में पेश नहीं हुआ तो न्यायालय के आदेशानुसार अगली कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इस मामले में असम लिबरेशन आर्मी के मुखिया रोहित मुर्मू को 25 अक्टूबर 2025 को असम पुलिस द्वारा एनकाउंटर में मार गिराया गया था। बरहेट थाना में इस मामले में कांड संख्या 104/2024 दर्ज है। पुलिस ने आरोपी से शीघ्र आत्मसमर्पण करने की अपील की है।

## गोपाष्टमी के अवसर पर दो दिवसीय अंतर्राज्यीय कुश्ती का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** लोकआस्था और पारंपरिक खेलों के संगम स्थल साहिबगंज महादेवगंज गौशाला मेला में गोपाष्टमी के अवसर पर प्रदेश यादव महासभा के बैनर तले दो दिवसीय अंतर्राज्यीय कुश्ती प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बजरंगी प्रसाद यादव, कार्यकारी अध्यक्ष रामाशीष यादव, इंद्रजीत यादव, बनारस यादव, टुनटुन यादव, लालजी यादव, भरत यादव और सदानंद यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस कुश्ती प्रतियोगिता मे उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, बिहार, झारखंड, उड़ीसा और महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए नामचीन पहलवानों ने अपने-अपने दांव-पेंच का शानदार प्रदर्शन किया। दंगल में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी,जो अपने पसंदीदा पहलवानों का उत्साहवर्धन करती रही। मौके पर प्रदेश यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा कि पहले जहां गौशाला मेला सीमित स्तर पर आयोजित होता था,वहीं अब यह विराट रूप धारण कर चुका है। खेल और संस्कृति का यह संगम समाज में एकता और परंपरा की भावना को जीवित रखता है। बजरंगी प्रसाद यादव ने बताया की हर वर्ष गोपाष्टमी के अवसर पर इस दंगल का आयोजन किया जाता है। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है और अब यह इस क्षेत्र की पहचान बन चुकी है। वही प्रदेश यादव महासभा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष यादव ने कहा की गौशाला मेला सिर्फ आस्था का केंद्र ही नहीं,बल्कि ग्रामीण संस्कृति,लोक परंपरा और खेल भावना का जीवंत उदाहरण बन गया है।

## उपायुक्त ने ब्लड बैंक का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार ने बुधवार जिला ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ब्लड संग्रहण, भंडारण एवं रख-रखाव की व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने ब्लड बैंक के कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि रक्तदान एवं रक्तसंचारण की प्रक्रिया पूर्णतः सुरक्षित, पारदर्शी एवं वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप होनी चाहिए।

**ब्लड देने से पहले हर जांच हो सुनिश्चित, सतर्कता ही सुरक्षा है : उपायुक्त**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कहा कि मरीज को किसी अन्य व्यक्ति का रक्त देने से पूर्व उसकी पूरी चिकित्सीय जांच अनिवार्य रूप से की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी संक्रामक बीमारी से ग्रसित व्यक्ति का रक्त उपयोग में न लाया जाए, क्योंकि इससे गंभीर स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न हो सकते हैं।

**स्वच्छता और संरक्षा पर विशेष बल**

उपायुक्त ने ब्लड बैंक परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि परिसर हमेशा स्वच्छ, हवादार एवं संक्रमण-मुक्त रहे। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक मानवता की सेवा का प्रतीक है, इसलिए इस प्रक्रिया से जुड़ी हर इकाई को पूर्ण जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।

## भूमि संरक्षण विभाग की योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** डीसी हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय कक्ष में भूमि संरक्षण विभाग की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में तालाब निर्माण, परकुलेशन टैंक, डिप बोरिंग, पंपसेट वितरण, मिनी ट्रैक्टर तथा मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण जैसी विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डीसी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं में कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि निमार्णाधीन तालाबों एवं परकुलेशन टैंकों से जुड़े भूमि विवादों का त्वरित समाधान किया जाए ताकि योजनाओं का लाभ समय पर ग्रामीणों को मिल सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक कार्यस्थल की नियमित निगरानी एवं भौतिक जांच कर उसकी रिपोर्ट कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए, जिससे योजनाओं के प्रभाव एवं उपयोगिता का सही मूल्यांकन किया जा सके।बैठक में जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता सहित विभागीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हिरणपुर अंचल के बेलपहाड़ी एवं जियाजोड़ी स्थित खनन क्षेत्र और क्रशर यूनिटों को किया गया सील

▸ मानकों का अनुपालन नहीं करने तथा आमजन के सुरक्षा को देखते हुए की गई प्रशासनिक कार्रवाई


पत्थर खनन में पैसे वालों का बोलबाला : हैवी ब्लास्टिंग कर उड़ाई जा रही नियमों की धज्जियां, गरीबों की जान से खिलवाड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** विगत रविवार को पत्थर खनन में पैसे वालों का बोलबालाः हैवी ब्लास्टिंग कर उड़ाई जा रही नियमों की धज्जियां, गरीबों की जान से खिलवाड़ शीर्षक खबर के माध्यम से ज़िला प्रशासन के संज्ञान में दिया था। वहीं ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों एवं निरीक्षण के क्रम में यह पाया गया कि हिरणपुर अंचल के मौजा -बेलपहाड़ी एवं जियाजोड़ी स्थित अजहर इस्लाम, पिताझअली अकबर एवं मेजारूल इस्लाम, पिता-अली अकबर के खनन क्षेत्र एवं क्रशर यूनिटों में निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य नहीं किया जा रहा था। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि खनन कार्य में विस्फोटक पदार्थों के उपयोग से उत्पन्न पत्थर के टुकड़े आसपास के आवासीय क्षेत्रों में गिर रहे थे, जिससे आमजन के जानमाल की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो गया था। आमजन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए अनुमंडल दंडाधिकारी, पाकुड़ साईमन मरांडी के द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 152 के अंतर्गत कार्रवाई प्रारंभ की गई है और दिनांक 28 अक्टूबर 2025 को अनुमंडल पदाधिकारी, खनन निरीक्षक, अंचलाधिकारी हिरणपुर एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पदाधिकारियों की उपस्थिति में उक्त मौजा स्थित एक खनन क्षेत्र एवं दो क्रशर यूनिटों को विधिवत सील कर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खनन या औद्योगिक गतिविधियों में सुरक्षा मानकों एवं पर्यावरणीय दिशा-निदेशों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएस ने डॉक्टर, स्वास्थ्य कर्मी व सीएचओ के साथ की बैठक



साहिबगंज : सदर अस्पताल परिसर सभागार में बुधवार को स्वास्थ्य व्यवस्था के सुदृढिकरण के लिए सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी है। बैठक में सदर अस्पताल के सभी चिकित्सक, कर्मी मौजूद थे। सीएस ने बैठक में अनुपस्थित चिकित्सक व कर्मी का इस दिन का वेतन अवरूद्ध करने का निर्देश दिया। वहीं सीएस कार्यालय के सयुक्त सभागार हॉल में बुधवार को सीएस ने जिले के सभी प्रखंड एवं पंचायत के सीएचओ के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान सीएस कार्यालय में सभी सीएचओ ने ब्लड डोनेशन भी किया जिसमें कुल 16 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। सिविल सर्जन ने सीएचओ को सप्ताह में एक बार सोमवार या शुक्रवार को अपने अपने पंचायत के हर गांव में अलग अलग मेडिकल कैंप लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी को हंड्रेड परसेंट वायो अटेंडेंस लगाने को कहा। साथ ही सिकलसेल जांच करने, आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड बनाने का निर्देश दिया। मौके पर जिला के कई सीएचओ मौजूद थे।

### दुर्घटनाओं से मिलेगी राहत कोटालपोखर पुलिया के चौड़ीकरण का कार्य शुरू



साहिबगंज : पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक निसात आलम और झारखंड कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम के निरंतर प्रयास का परिणाम है कि अब कोटालपोखर बाजार स्थित पुलिया का चौड़ीकरण और मरम्मती कार्य शुरू हो गया है। एनएच–133ए पर बरहरवा–पाकुड़ मार्ग के कोटालपोखर शांति मोड़ और गनी चौक के बीच स्थित यह पुलिया अब तक करीब 4 मीटर चौड़ी थी। संकीर्ण पुलिया के कारण यहां आए दिन दुर्घटनाएं घटती रहती थीं। विधायक निसात आलम ने इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए एनएच विभाग के अधिकारियों से बात कर पुलिया के चौड़ीकरण एवं मरम्मती की मांग की थी। इसके बाद विभाग ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य आरंभ कर दिया है। फिलहाल साइट पर सफाई कार्य जारी है, और अगले कुछ दिनों में मरम्मती का मुख्य कार्य शुरू हो जाएगा। विभाग के कनिष्ठ अभियंता देव कुमार सोरेन ने बताया कि कोटालपोखर बाजार क्षेत्र में अक्सर दुर्घटना की शिकायत मिलती थी। अब पुलिया के दोनों ओर तीन–तीन मीटर चौड़ाई बढ़ाई जाएगी, जिससे वाहन आसानी से आवागमन कर सकेंगे और दुर्घटना की संभावना समाप्त होगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए विधायक निसात आलम और कांग्रेस प्रदेश महासचिव तनवीर आलम को धन्यवाद और बधाई दी है। तनवीर आलम ने कहा कि पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र की हर समस्या पर हमारी नजर रहती है। जनता की सुविधा और क्षेत्र के चौमुखी विकास के लिए हरसंभव प्रयास जारी है।

### महत्वाकांक्षी योजना उन्नति का पहिया के तहत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण



**साहिबगंज/बरहरवा** : झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'उन्नति का पहिया' के अंतर्गत, बुधवार 29 अक्टूबर को बरहरवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय काकजोल हरिजन टोला में छात्र–छात्राओं के बीच साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। जानकारी के अनुसार कुल 89 साइकिलों का वितरण किया गया। इसमें लड़कों को 42 और लड़कियों को 47 साइकिलें वितरण की गईं।साइकिल वितरण कार्यक्रम में प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गौतम कुमार बरहरवा, दिलदार हुसैन प्रधानाध्यापक, मो फजलुर रहमान सहायक शिक्षक, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। छात्र–छात्राओं ने बताया कि स्कूल आने–जाने में उन्हें अक्सर लंबी दूरी तय करनी पड़ती थी, जिससे उन्हें परेशानी होती थी। साइकिल मिलने से अब उनका स्कूल तक का सफर आसान हो जाएगा और वे समय पर स्कूल पहुंच सकेंगे। 'उन्नति का पहिया' योजना ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा को सुगम बनाने और स्कूल में उनकी उपस्थिति बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह सरकार का एक सराहनीय कदम है, जिससे बच्चों के भविष्य को पंख लगेंगे।

### पड़ोसियों ने एक महिला को मार कर किया घायल



**साहिबगंज** : जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक विवाहित महिला को पड़ोसियों ने मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार अंबाडिया निवासी मो. शोएब अंसारी का 19 वर्ष पत्नी शाहिना खातून किसी बात को लेकर पड़ोसी के साथ आपसी विवाद में कहा सुनी होते–होते बात मारपीट तक पहुंच गई। वही शाहिना खातून को पड़ोसि मो. लडुवा पिता मो ताहिर, मो. हुसैन पिता मो. लडुवा, जबरून बीबी पति शेख लड्डू, मो. गुलजार पिता मो. लड्डू, ने बुरी तरह मार कर घायल कर दिया। जहां अगल–बगल के अन्य पड़ोसी ने बीच बचाव कर पीड़िता महिला को बचाया। जहां परिजनों ने पीड़िता शाहिना खातून को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने घायल पीड़िता महिला का इलाज किया।

# तेजस्वी बोले- अब नीतीश से बिहार नहीं संभलने वाला है

## सहनी ने कहा- गुजराती को नहीं अबकी बार बिहारी को आगे बढ़ाना है



**समस्तीपुर।** महागठबंधन के सीएम फेस तेजस्वी यादव मुकेश सहनी के साथ 11.45 बजे समस्तीपुर के सरायगंज पहुंचे। वहां उन्होंने कहा कि, अब ऊपर वाले का भी आशीर्वाद मिलने लगा है। बारिश होना शुभ संकेत है। 2020 में अरविंद सहनी जीत गए थे, बेईमानी से हरा दिया गया था। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। सरायरंजन की जनता से ये कहने आया हूं कि, 'तेजस्वी यादव को आपलोग एक मौका दीजिए, ऐसा होगा तो नौकरी पक्का होगा, आपकी उम्मीदों को छक्का लगेगा। यहां के सांसद, विधायक एनडीए का, सरकार एनडीए की लेकिन सरायरंजन की जनता की बेरोजगारी खत्म नहीं हुई। कोई यूनिवर्सिटी, स्कूल, अस्पताल, इंडस्ट्री, फैक्ट्री नहीं खुला। पलायन और बेरोजगारी खत्म नहीं हुई। थाना ब्लॉक में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता है। । मेरी सरकार बनी तो हर हाथ को काम मिलेगा। अपराधियों को जेल के अंदर डाला जाएगा। तेजस्वी के स्वभाव को सब जानते हैं, अपराध कोई करे और जेल जाएगा। जिस परिवार के पास सरकारी नौकरी नहीं है, मेरी सरकार बनने के बाद मैं उस घर के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देगा।''जो गलत करेगा वो जेल जाएगा' तेजस्वी यादव हर हाथ रोजगार देगा, किसानों की आय को दोगुना करेगा, भ्रष्टाचार खत्म होगा, अफसरशाही खत्म होगा। अपराधियों को जेल होगी। चाहे अपना हो या फिर बाहर का हो, अपराधियों को जेल भेजा जाएगा। तेजस्वी की परछाई भी अपराध करेगा, तो उसे भी तेजस्वी यादव जेल भेज देगा। तेजस्वी सभी जात के लोगों को आगे बढ़ाएगा। भाजपा के लोग सिर्फ हिंदू मुसलमान करते रहते हैं। उम्र कच्ची, इरादा पक्का है- तेजस्वी तेजस्वी ने कहा कि, सरकार बनने पर जिसके घर सरकारी नौकरी नहीं है, उसके घर एक शख्स को सरकारी नौकरी दी जाएगी। तेजस्वी की उम्र भले कच्ची है, लेकिन इरादा पक्का है। उन्होंने कहा कि एनडीए हमारी योजनाओं का नकल करती है। 20 साल में पेंशन राशि को एक रुपए नहीं बढ़ाया, लेकिन मेरी नकल करके 400 रुपए बढ़ाकर 1100 कर दिया। मैंने 200 यूनिट बिजली फ्री करने की बात कही, तो इन्होंने 125 यूनिट बिजली फ्री कर दी। बिहारी को आगे बढ़ाई, गुजराती को नहीं मुकेश सहनी ने कहा कि, बिहार बदलाव के लिए तैयार है। बिहार में 20 साल से नीतीश सरकार चल रही है। वो अब स्वस्थ्य नहीं है। बिहार की सरकार दिल्ली से चल रही है। दिल्ली की सरकार चाहती है कि बिहार की युवा दूसरे प्रदेश में जाकर काम करें। बिहारी के लोगों को आगे बढ़ाइए, गुजराती को नहीं। तेजस्वी को एक मौका दीजिए, वादा पूरा करके रहेंगे-तेजस्वी 12.25 बजे तेजस्वी यादव समस्तीपुर विधानसभा पहुंचे। यहां उन्होंने चुनावी सभा को संबोधित किया। तेजस्वी ने कहा कि, पूरा बिहार चाह रहा है कि सरकार बदली जाए। बिहार को बदलना है। 20 साल आप लोगों ने नीतीश कुमार को मौका दिया। 11 साल से केन्द्र और राज्य में NDA की सरकार है। लेकिन फिर भी बिहार गरीब है। मोदी ज ने फैक्ट्री गुजरात में लगाई, लेकिन बिहार में कुछ नहीं। 20 साल में नीतीश कुमार ने कोई फैक्ट्री नहीं लगाई। अगर विकास होता तो बिहार के युवाओं का बाहर नहीं जाना पड़ता।मुकेश सहनी ने कहा कि, नीतीश कुमार ने 5 साल तक अच्छा काम किया। लेकिन 2015 में लालू यादव की उंगली पकड़कर सरकार में आए। 2020 में भी 43 विधायक के साथ सीएम बने। लेकिन अब सीएम की तबीयत ठीक नहीं है। मैंने भी 18 साल घर से दूर रहकर मुंबई में नौकरी करता था। घर से दूर रहने की तकलीफ मैं समझ सकता हूं।

## हर घर में सरकारी नौकरी होगी- तेजस्वी यादव



तेजस्वी यादव ने कहा कि, 'युवाओं को यहीं रोजगार मिल जाता तो उन्हें बाहर नहीं जाना होगा। बिहार में मछली का उत्पादन इतना किया जा सकता है कि पूरे एशिया को बिहार मछली खिला सकता है। बिहार में सबसे ज्यादा सब्जी की खेती होती है। 20 साल आपने NDA को मौका दिया, एक बार तेजस्वी को मौका दीजिए। सारे वादे पूरे किए जाएंगे। तेजस्वी जो कहता है वो करता है। जब हमने कहा था कि 10 लाख नौकरी देंगे तो नीतीश जी ने कहा था कि, नौकरी अपने बाप से पास से पैसा लाकर देगा। लेकिन मैं 17 महीने में 5 लाख लोगों को नौकरी दी।'

## बांका में फंदे से लटका मिला महिला का शव



**बांका।** टाउन थाना क्षेत्र के ढ़ोढरी गांव में मंगलवार को एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान सोमा श्री (पति अमित कुमार) के रूप में हुई है। परिजनों ने उसे फंदे से लटका पाया, जिसके बाद उसे सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगलवार को सोमा श्री अपने कमरे में ड्रेसिंग करने गई थीं और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया था। काफी देर तक बाहर नहीं आने पर परिजनों ने दरवाजा तोड़ा। अंदर सोमा श्री फंदे से लटकी मिलीं। टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची सदर अस्पताल में चिकित्सक डॉ. गजनफर अली ने उसे मृत घोषित करते हुए बताया कि मामला प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया। पश्चिम बंगाल की रहने वाली थी सोमा श्री सोमा श्री मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली थीं। उन्होंने साल 2022 में प्रेम प्रसंग के बाद बांका ढ़ोढरी गांव निवासी अमित कुमार से विवाह किया था। दोनों चेन्नई में कार्यरत थे, जहां सोमा श्री नर्स थीं और उनके पति एकाउंटेंट थे। करीब एक महीने पहले सोमा श्री प्रसव के लिए ससुराल आई थीं। 10 दिन पहले ही उन्होंने एक निजी क्लिनिक में बच्चे को जन्म दिया था और सोमवार को उनके टांके काटे गए थे। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि परिजनों के आवेदन के आधार पर यूडी केस दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## किशनगंज में स्टूडेंट का शव फंदे से लटका मिला

**किशनगंज।** में बंद कमरे से फंदे से स्टूडेंट का शव लटका मिला है। मृतक सुरजीत कुमार रॉय (18) घर में ही लोगों के साथ बैठा बात कर रहा था इस दौरान अचानक बिजली चली गई। जिसके बाद वो कमरे में चला गया। मंगलवार रात 7:30 बजे चीखने की आवाज पर परिजनों ने खिड़की से झांकर देखा तो छत के कुंडे से फंदे के सहारे लटका दिखा। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों ने उसे नीचे उतारा और आनन फानन मे छत्तरगाछ रेफरल अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टर और एम्बुलेंस उपस्थित नहीं होने से परिजनों मे आक्रोश दिखा। छात्र की स्थिति गंभीर होने पर परिजनों ने प्राइवेट गाड़ी के द्वारा लड़के को किशनगंज सदर अस्पताल लेकर गए।

# मैथिली ठाकुर 'गो बैक' वीडियो को बताया पुराना



अलीनगर विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मैथिली ठाकुर का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कुछ लोगों को मैथिली ठाकुर गो बैक के नारे लगाते हुए देखा जा सकता है। हालांकि, पड़ताल में यह वीडियो पुराना पाया गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह वीडियो उस वक्त का है जब भाजपा ने मैथिली ठाकुर को अलीनगर विधानसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। उस समय कुछ कार्यकर्ता स्थानीय उम्मीदवार को टिकट दिए जाने की मांग कर रहे थे। टिकट घोषणा के बाद विरोध स्वरूप कुछ लोगों ने नारेबाजी की थी, जिसका वीडियो अब दोबारा वायरल किया जा रहा है। बिरौल प्रखंड के शिवनगर घाट गांव के ग्रामीण ललित मिश्र और अन्य लोगों ने सामूहिक रूप से स्पष्ट किया कि वर्तमान में क्षेत्र में कोई विरोध नहीं है। गांव के लोगों ने कहा कि यह वीडियो पुराना है। अब स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। मैथिली ठाकुर हमारे क्षेत्र का गौरव हैं और हम सभी उनके साथ हैं। विरोध की बात अब खत्म हो चुकी है। हम लोग ठान चुके हैं कि इस बार मैथिली ठाकुर को 50 हजार से अधिक मतों से विजयी बनाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि पुराने वीडियो को अब वायरल कर राजनीतिक माहौल बिगाड़ने की साजिश रची जा रही है।स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता अमीत सिंह ने भी वायरल वीडियो को विपक्षी दलों की चाल बताया है। उनका कहना है कि मैथिली ठाकुर की लोकप्रियता और उनके पक्ष में बढ़ते जनसमर्थन से विपक्षी दल बौखला गए हैं, इसलिए भ्रम फैलाने के लिए पुराने वीडियो को ताजा बताकर प्रचारित किया जा रहा है। पार्टी कार्यकताओं ने कहा कि इस तरह की ओछी राजनीति से जनता अब भ्रमित नहीं होने वाली। क्षेत्र की जनता विकास, शिक्षा और साफ राजनीति के पक्ष में खड़ी है। इधर, वायरल वीडियो को लेकर स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने भी जांच शुरू कर दी है। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि वीडियो की सत्यता और समय की पुष्टि की जा रही है। यदि इसमें किसी प्रकार की भ्रामक जानकारी फैलाने का मामला पाया जाता है तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। युवा वर्ग रैली में शामिल हो रहे हैं अलीनगर विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों मैथिली ठाकुर के समर्थन में माहौल दिख रहा है। क्षेत्र के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान के दौरान उन्हें लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। युवा वर्ग और महिला मतदाता उनकी रैलियों में बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि मैथिली ठाकुर नई सोच और स्वच्छ राजनीति की प्रतीक हैं, और वे क्षेत्र के विकास को नई दिशा देंगी।

# '15 साल पहले ही बिहार का प्राण ले चुके हैं



**दरभंगा।** में बिहार विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन की ओर से जारी घोषणापत्र ह्यबिहार का तेजस्वी प्रण पर मंगलवार की देर शाम राज्यसभा सांसद और जदयू पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने प्रतिक्रिया दी है। झा ने व्यंग्य करते हुए कहा कि 15 साल के उनके शासन में कितने लोगों के प्राण लिए गए थे। दंगे, जातीय हिंसा, लूट और अपहरण चरम पर थे। लोग मजबूर होकर बिहार छोड़ भाग गए थे। उन्होंने तो पहले ही बिहार का प्राण ले लिया था, अब बिहार में प्राण देकर क्या करेंगे इसी क्रम में मंगलवार को अलीनगर विधानसभा क्षेत्र के तारडीह प्रखंड के नदियमी हाई स्कूल मैदान में एनडीए कार्यकताओं की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें संजय झा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि जल संसाधन मंत्री रहते हुए उन्होंने कमला नदी और गंगा तटों पर घाट निर्माण और संरक्षण कार्य कराए, जिससे आम जनता को काफी सुविधा मिली। संजय झा ने कहा कि बिहार में एनडीए सरकार ने शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य और सिंचाई के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कार्यकताओं से अपील की कि वे एनडीए प्रत्याशी मैथिली ठाकुर को भारी मतों से विजयी बनाएं, ताकि अलीनगर क्षेत्र का विकास और तेजी से आगे बढ़ सके। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राजद गठबंधन के पास न तो कोई ठोस नीति है और न ही विकास की सोच। जनता अब भ्रम और नकारात्मक राजनीति में नहीं फंसने वाली है।

# मुजफ्फरपुर में कहा- नीतीश कुमार बीजेपी के कंट्रोल में हैं



**मुजफ्फरपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मुजफ्फरपुर के सकरा में तेजस्वी यादव के साथ जनसभा कर रहे हैं। राहुल गांधी ने लोगों से पूछा कि, 'आपका मूड कैसा है। मैं हिन्दुस्तान के जिस भी प्रदेश में जाता हूं। वहां मुझे बिहार के युवा मिलते हैं। मैं आपसे सवाल पूछना चाहता हूं। आपने दिल्ली बनाई। आपने बेंगलुरु की सड़कें बनाईं। गुजरात में आपने काम किया। खून पसीना बहाया। दुबई आपकी मेहनत से बना है। आप अलग-अलग प्रदेशों की मदद कर सकते हो तो फिर बिहार में आप ये काम क्यों नहीं कर पा रहे हो।' राहुल गांधी ने कहा कि, 'हम लोग वोट चोरी के खिलाफ हैं। 20 दिन हम बिहार के गांवों में घूमें। आपकी ऊर्जा देखने को मिली। आप किसी से कम नहीं हो। ये प्रदेश सबसे आगे जा सकता है और इसे आगे जाना ही पड़ेगा। नीतीश जी के चेहरे का प्रयोग हो रहा है। नीतीश जी रिमोट कंट्रोल से चलते हैं। बीजेपी उन्हें कंट्रोल कर रही है। राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी को छठ पूजा से कोई लेना देना नहीं है। उन्हें सिर्फ आपका वोट चाहिए। आप वोट के लिए उनसे कोई भी ड्रामा करवा लो वो कर देंगे। वोट के लिए उनसे कहिए स्टेज पर आकर डांस करें वो कर देंगे।' तेजस्वी ने इस सभा में कहा कि, 'तेजस्वी यादव ने कहा कि, 20 साल पुरानी सरकार को बदलने का वक्त आ गया है। किसान भाई जानते हैं कि, एक ब्रांड की बीज खेत में डालने से फसल खराब हो जाती है। अब वक्त है नए ब्रांड का बीज डालने की। नीतीश कुमार 20 साल से बिहार के सीएम हैं।' तेजस्वी यादव बेरोजगारी, महंगाई को हटाना चाहता है। बिहार सबसे गरीब राज्य है। यहां पलायन सबसे ज्यादा है। आप लोग एक मौका तेजस्वी को दीजिए, मैं बिहार बदलकर दिखाऊंगा। तेजस्वी यादव ने कहा कि, पिछली बार भी हमलोग सकरा जीत गए थे, लेकिन काउंटिंग में धांधली की गई, लेकिन इस बार नहीं होने देंगे। पीएम मोदी गुजरात में फैक्ट्री लगाएंगे और वोट बिहार के लोगों से लेंगे। अब ये नहीं चलेगा। तेजस्वी की उम्र कच्ची है लेकिन इरादे पक्के हैं। दरभंगा में भी करेंगे सभा मुजफ्फरपुर में सभा के बाद राहुल गांधी दोपहर 2.50 बजे दरभंगा पहुंचेंगे। वहां वे दरभंगा ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के लोआम गांव में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और VIP सुप्रीमो मुकेश भी मौजूद रहेंगे। दरभंगा ग्रामीण विधानसभा से राजद प्रत्याशी ललित यादव और केवटी विधानसभा से राजद प्रत्याशी डॉ. फराज फातमी उम्मीदवार हैं। इलेक्शन की घोषणा होने के बाद राहुल गांधी का ये पहला दौरा है। मुजफ्फरपुर की 11 विधानसभा सीटों में से 7 सीटों पर राष्ट्रीय जनता दल जबकि, दो-दो सीटों पर कांग्रेस और VIP के प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। वहीं, दरभंगा की 10 विधानसभा सीटों में से 4 पर राजद, 2 पर VIP, 2 पर कांग्रेस जबकि एक गौड़ाबोराम विधानसभा सीट पर श्व्ह और राजद प्रत्याशी के बीच मुकाबला है। दोनों ही जिलों में विधानसभा चुनाव के फर्स्ट फेज के तहत 6 नवंबर को वोटिंग होगी। बिहार के लोग राजनीति को फौरन समझ लेते हैं। नरेंद्र मोदी संविधान पर हमला करते हैं। संविधान की हम रक्षा करेंगे। बिहार ने पूरी दुनिया को रास्ता दिखाया। बिहार को दुनिया का सेंटर बनाना है। मोदी जी से वोट के लिए जो भी करवाना है करवा लीजिए। आप मोदी से कहेंगे कि हम आपके वोट देंगे आप स्टेज पर आकर नाच दीजिए तो डांस कर देंगे। राहुल ने कहा, बिहार में युवा कितनी भी मेहनत कर लें। पेपर लीक होकर ही रहेगा। सेहत, शिक्षा का बुरा हाल है। बिहार के लोग दूसरे राज्यों में इलाज करवा रहे हैं। कहते हैं हमें वहां इलाज नहीं मिलता है। हम लोग वोट चोरी के खिलाफ हैं। 20 दिन हम बिहार के गांवों में घूमें। आपकी ऊर्जा देखने को मिली। आप किसी से कम नहीं हो। ये प्रदेश सबसे आगे जा सकता है और इसे आगे जाना ही पड़ेगा। नीतीश जी के चेहरे का प्रयोग हो रहा है। नीतीश जी रिमोट कंट्रोल से चलते हैं। बीजेपी उन्हें कंट्रोल कर रही है। कुछ दिन पहले मैं बिहार के युवाओं से मिला था। वो सभी कह रहे थे हमें बिहार में कुछ नहीं मिल सकता। बिहार में बिहारियों का कोई भविष्य नहीं है। ये आपकी सच्चाई है। 20 साल से नीतीश जी सरकार चला रहे हैं। वो अपने आपको अति पिछड़ा कहते हैं। उन्होंने 20 साल में आपके लिए क्या किया। अडाणी जी को 1-2 रुपए में जमीन दी जाए और आपको ना मिले। ऐसा बिहार हमें नहीं चाहिए। हमें ऐसा बिहार चाहिए जिसमें बिहारियों का भविष्य दिखाई दे। दूसरे प्रदेश के लोग यहां आकर नौकरी करें ऐसा बिहार हम चाहते हैं।

तेजस्वी यादव ने कहा कि, इस बार युवाओं की सरकार बनेगी। अब बिहार को बिहारी चलाएगा।चाचा की उमर हो गई है। उन्हें मुखौटा बना दिया है। NDA का सरकार नकल करती है। मैंने बिहार के विकास के लिए जिन योजनाओं की घोषणा की, उसे कॉपी करते हैं। ये नकल भी ठीक से नहीं कर पाए।

## संक्षिप्त डायरी

### बांका में 2 अवैध हथियार, 23 कारतूस बरामद



**बांका।** के रजौन थाना क्षेत्र में भगवानपुर गांव में रजौन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग जगहों से 2 अवैध हथियार और 23 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान भगवानपुर निवासी स्वर्गीय सुखदेव पासवान का बेटा शंभू पासवान के रूप में हुई है। भगवानपुर गांव के मिथुन कुमार ने पुलिस को आवेदन देकर बताया की वे अपने खेत में सिंचाई कर रहे थे। इस दौरान पूर्व में तालाब विवाद को लेकर गांव के ही राजेश पासवान, दीनदयाल पासवान, उमेश पासवान, रामनाथ पासवान, दीपक पासवान, रामविलास पासवान, आशीष पासवान और अनिल उर्फ बोका पासवान लाठी-डंडा और हथियार से लैस होकर पहुंचे तथा गाली-गलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी दी। और मेरे ऊपर राजेश पासवान ने फायरिंग करने लगा कि तुमको जान से मार देंगे। मौके पर पहुंची पुलिस उसने आगे बताया, 'इसके बाद मेरे द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीण वहां पहुंचे तो आरोपी राजेश पासवान ने अपने पास रखा हथियार और कारतूस फेंक दिया और सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।' घटना की जानकारी मिलते ही रजौन पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से एक लोडेड बंदूक और दो जिंदा कारतूस बरामद किए। इसके बाद पुलिस ने पूछताछ की तो सूचना मिली कि भगवानपुर गांव निवासी शंभू पासवान ने अपने घर में अवैध हथियार छिपा कर रखा है। BSF जवानों के साथ पुलिस ने की छापेमारी इसके बाद पुलिस ने चुनाव में तैनात BSF जवानों के साथ संयुक्त रूप से वीडियोग्राफी के बीच शंभू पासवान के घर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान एक टिन के बक्से के नीचे से एक मास्केट और 20 जिंदा कारतूस बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपी को भेजा गया जेल मंगलवार की संध्या रजौन थाने में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में रDPO इंद्रजीत बैठा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई कर भगवानपुर गांव से 2 अवैध हथियार व 23 कारतूस बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी शंभू पासवान को जेल भेज दिया गया है। उसके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। इस अवसर पर सर्किल इंस्पेक्टर रंजीत कुमार, थानाध्यक्ष चंद्रदीप कुमार एवं असिस्टेंट कमांडेंट विजय कुमार सहित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

### दुश्मनों से चुन-चुनकर बदला लेते हैं



**अरवल।** मंगलवार को अरवल में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए इखढ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने विपक्ष, खासकर लालू यादव और उनके परिवार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने लालू यादव को 'चोर' बताया और कहा कि उन्हें कोई भी ऐसा कहने से नहीं रोक सकता।चौधरी जब लालू यादव के शासनकाल के बारे में जनता को बता रहे थे, तभी कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा लगातार नारेबाजी की जा रही थी। इस पर सम्राट चौधरी ने नारेबाजी करने वालों को सीधे संबोधित करते हुए लालू यादव को चोर कहा।'मैं दुश्मनों से चुन-चुनकर बदला लेता हूं'उन्होंने कहा, ॾमैं सम्राट चौधरी हूं, मैं दुश्मनों से चुन-चुनकर बदला लेता हूं।ॾ उन्होंने आगे कहा कि नारेबाजी करने वाले राजद के लोग हैं और इससे राजद पार्टी के संस्कार झलकते हैं। इसके बाद नारेबाजी शांत हो गई और चौधरी ने अपना भाषण जारी रखा।नरेंद्र मोदी 56 इंच का सीना लेकर शेर की तरह दहाड़ते - सम्राट चौधरीअपने भाषण में सम्राट चौधरी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल की तुलना वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की। उन्होंने कहा कि पहले प्रधानमंत्री की 'चाबी' सोनिया गांधी और राहुल गांधी के हाथ में थी, लेकिन अब नरेंद्र मोदी 56 इंच का सीना लेकर शेर की तरह दहाड़ते हैं। उन्होंने दावा किया कि मोदी ने अमेरिका के सामने न तो झुके और न ही समझौता किया, बल्कि आंख में आंख मिलाकर बात की।'कमल खिलाकर अरवल का विकास करेंगे' सम्राट चौधरी ने अरवल विधानसभा के दोनों प्रत्याशियों, मनोज शर्मा और पप्पू वर्मा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह 'शर्मा और वर्मा' की जोड़ी है जो कभी डरने वाली नहीं है, और दोनों मिलकर अपने-अपने क्षेत्र में कमल खिलाकर अरवल का विकास करेंगे।

### अयोध्या में मंदिर न बने, कांग्रेस ने खूब नाटक किया




**भागलपुर।** के नाथनगर में एनडीए प्रत्याशी लोजपा नेता मिथुन कुमार के समर्थन में जनसभा में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश बदल रहा है। 2005 के बाद से नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने करवट बदली है। बदलते समय में खुली आंखों से दिखाई दे रहा है कि देश अलग धारा में जा रहा है। देश के अंदर गौरवशाली अतीत को बरकरार रखने के लिए सरकार कई काम कर रही है। इसके साथ वर्तमान में सरकार किसानों को हमारी सरकार सम्मान निधि दे रही है। ये सम्मान कांग्रेस दे सकती थी, लेकिन नहीं दी। ये पैसा नहीं है बल्कि ये किसानों का सम्मान है। मोहन यादव बोले- अयोध्या में राम मंदिर न बने, इसके लिए कांग्रेस ने बहुत नाटक किया मोहन यादव ने कहा कि बदलते दौर में पीएम मोदी ने कई काम किया है। सबसे बड़ा काम ये काम कि राम मंदिर बनवा दिया, जिसके लिए कई दंगे हुए, कई नाटक हुए। मंदिर को लेकर कांग्रेस ने क्या-क्या नहीं किया, जिससे मंदिर न बने। जब कांग्रेस भगवान राम के लिए कुछ नहीं किया, तो माता सीता के मंदिर के लिए कांग्रेस क्या करेगी। अयोध्या आज बदल गया है, महाकाल का महालोक बना है। मैं वहां से विधायक हैं, पहले 60 लाख लोग आते थे, अब 60 करोड़ लोग आते हैं। इसी तरह सीता माता का सीतामढ़ी में मंदिर बन रहा है। माता का आशीर्वाद मिलेगा।उन्होंने कहा कि एक-एक तरह की योजना पीएम मोदी और सीएम नीतीश कुमार के नेतूव में चलाई जा रही है। चिराग पासवान, नीतीश कुमार, उपेंद्र कुशवाहा, जीतनराम मांझी हमारे साथ पांच पांडव की तरह हैं।




# हनीमून ट्रिप के लिए बेस्ट लोकेशन, कम खर्च में मिलेगा सुकून

भारत में कई ऐसी जगहें हैं, जोकि हनीमून ट्रिप प्लान करने के लिए खास मानी जाती है। इस जगहों पर आपको मौसम भी ठंडा मिलेगा और खर्च भी अधिक नहीं होगा। ऐसे में आज हम आपको हनीमून प्लान करने के लिए कुछ अच्छी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

हनीमून ट्रिप का प्लान करने के लिए कपल्स ऐसी जगह की तलाश करते हैं, जोकि कम बजट होने के साथ भीड़भाड़ भी कम हो। बजट में ट्रिप प्लान करने वाले लोगों को लोकेशन के साथ खर्चों का भी ध्यान रखना होता है। यही कारण है कि लोग ट्रिप प्लान करने से पहले बार-बार लोकेशन पर विचार करते हैं। हालांकि भारत में कई ऐसी जगहें हैं, जोकि हनीमून ट्रिप प्लान करने के लिए खास मानी जाती है। इस जगहों पर आपको मौसम भी ठंडा मिलेगा और खर्च भी अधिक नहीं होगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हनीमून प्लान करने के लिए कुछ अच्छी जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### मसूरी



मसूरी में 4 दिन का ट्रिप आप 20 हजार में आराम से पूरा कर सकते हैं। खूबसूरत होने के साथ यहां का मौसम भी ठंडा रहता है। इस जगह की खासियत यह है कि आपको यहां पर हम मौसम में कम भीड़ देखने को मिलेगी। यह उत्तराखंड का बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। आप कम बजट में किसी पहाड़ी जगह पर हनीमून प्लान करने की सोच रहे हैं, तो आपको मसूरी आने का प्लान बनाना चाहिए।

### नैनीताल

नैनीताल उत्तराखंड का एक बेहद खूबसूरत हिल स्टेशन है। यहां पर भी आपका ज्यादा खर्च नहीं होने वाला है। इस जगह की खासियत यह है कि यह एक रोमांटिक हिल स्टेशन माना जाता है। अगर आप कम बजट में पहाड़ों, झीलों और शांत वातावरण में हनीमून मनाने का प्लान कर रहे हैं, तो नैनीताल यकीनन बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। 20 हजार के अंदर ट्रिप प्लान करने वाले कपल्स यहां आ सकते हैं।

### लैंसडाउन और धनोल्टी

बता दें कि यह दोनों ऐसी जगहें हैं, जहां पर आपको अधिक पर्यटकों की भीड़ देखने को नहीं मिलेगी। इसलिए यह जगह हनीमून ट्रिप के लिए आपको जरूर पसंद आएगी। इन दोनों ही जगहों पर ज्यादा पर्यटक नहीं होते हैं, इसलिए यहां पर आपको होटल आदि भी सस्ते में मिल जाएंगे। आप 4-5 दिन का ट्रिप 20 हजार में आराम से पूरा कर सकते हैं। वहीं अगर आप पार्टनर के साथ सुकून और रोमांटिक पल बिताना चाहते हैं, तो आप यहां पर आने का प्लान बना सकते हैं।



# प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग है सरलपारा गांव, खूबसूरती देख झूम उठेंगे



"असम राज्य गुवाहाटी और कामाख्या मंदिर जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल के लिए पूरे देश में फेमस है। ऐसे में आज हम आपको असम के चाय बागानों के बीच में स्थित सरलपारा के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप भी सरलपारा की खूबसूरती देख झूम उठेंगे।

जब भी नॉर्थ ईस्ट इंडिया में घूमने की बात होती है, तो लोग सबसे पहले असम का नाम लेते हैं। यह एक खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन स्थलों में से एक माना जाता है। असम पूर्वोत्तर भारत में स्थित प्राकृतिक सुंदरता, चाय बागानों और जैवविविधता का खजाना है। असम बांग्लादेश और भूटान दोनों के साथ अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं को साझा करता है। असम राज्य गुवाहाटी और कामाख्या मंदिर जैसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल के लिए पूरे देश में फेमस है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको असम के चाय बागानों के बीच में स्थित सरलपारा के बारे में बताने जा रहे हैं। ऐसे में आप भी सरलपारा की खूबसूरती देख झूम उठेंगे।

### असम में सरलपारा

असम के कोकराझार जिले में सरलपारा पड़ता है। यह कोकराझार मुख्य शहर से करीब 56 किमी दूर है। यह असम की एक ऐसी जगह है, जो भूटान की सीमा के पास स्थित है। यह जगह पर्यटकों के बीच खासी लोकप्रिय है।


सरलपारा गुवाहाटी से करीब 237 किमी दूर है। वहीं बोंगाईगांव से करीब 58 किमी और पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार से करीब 122 किमी की दूरी पर है।

### क्यों फेमस है सरलपारा

भूटान सीमा के पास में स्थित सरलपारा असम का सबसे फेमस और खूबसूरत पिकनिक स्पॉट है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, पहाड़, झरना और घाटियां खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती हैं। यहां पर आसपास कई खूबसूरत चाय के बागान भी हैं, जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

यह जगह अपने शुद्ध और शांत वातावरण के लिए भी जाना जाता है। सरलपारा अपने लुभावने सूर्योदय और सूर्यास्त के दृश्यों के लिए भी फेमस है। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जगह स्वर्ग से कम नहीं है।

यहां पर मौजूद घास के मैदान और मैदान के बीच बहने वाली नदी पर्यटकों को सबसे ज्यादा आकर्षित करती हैं। सरलपारा में आपको कई किस्म के फूल भी देखने को मिलेंगे।




### पर्यटकों के लिए खास

सरलपारा पर्यटकों के बीच पिकनिक स्पॉट के रूप में फेमस है। यहां पर सिर्फ स्थानीय लोग ही नहीं बल्कि असम के दूर-दराज परिवार के साथ भी पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं। वहीं वीकेंड पर भारी संख्या में लोग फैमिली के साथ आते हैं। लोग यहां पर अपने परिवार, दोस्तों और प्रियजनों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करने पहुंचते हैं। सरलपारा पर्यटकों के बीच एडवेंचर स्पॉट के रूप में भी जाना जाता है। यहां पर लोग हाइकिंग, ट्रेकिंग और कैंपिंग का शानदार लुत्फ उठाने के लिए पहुंचते हैं। इसके अलावा यहां पर आप यादगार फोटोग्राफी भी कर सकते हैं।

### आसपास घूमने वाली जगहें

बता दें कि यहां के आसपास कई ऐसी मनमोहक और शानदार जगहें मौजूद हैं, जिसकी खूबसूरती आपको मोहित कर सकती हैं। इसके लिए आप यहां पर बोरनोखोरी गांव, बेटीया जंगल, टी गार्डन और गौरांग नदी जैसी खूबसूरत जगहों पर घूमने के लिए जा सकते हैं।

# त्योहारों की थकान मिटाएं, इन 3 शांत जगहों पर पाएं अद्भुत सुकून

त्योहारों के बाद की थकान और अशांत मन को शांत करने के लिए यह लेख पोस्ट-फेस्टिव वीकेंड पर घूमने के लिए 3 शांत जगहों की सलाह देता है। ऊटी, नैनीताल और ऋषिकेश जैसे ये स्थल प्रकृति, रोमांच और आध्यात्मिक सुकून का अनूठा मिश्रण पेश करते हैं, जो कम बजट में भी मन को ताजगी और आनंद से भर देंगे।

त्योहार के बाद थकान काफी हो जाती है। ऊपर से मन भी अशांत हो जाता है। अगर आप भी खुद को रिलैक्स करना चाहते हैं, तो आप त्योहार के बाद वीकेंड पर घूमने का प्लान बना सकते हैं। मन को शांत करने और सुकून वाली जगहों की तलाश है, तो आप इन 3 जगहों पर जरुर जाएं। यहां जाकर आप थकान और चिंता सब भूल जाएंगे और शरीर को भी रिलैक्स पाएंगे। आज के इस आर्टिकल में हम आपको पोस्ट-फेस्टिव वीकेंड ट्रिप प्लान के लिए कुछ सुकून वाली जगहों के बारे में बताएंगे।



### ऊटी, तमिलनाडु

अगर आप दक्षिण भारत की तरफ जाना चाहते हैं, तो साउथ की सबसे बेस्ट जगह ऊटी जा सकते हैं। यहां पर चाय बगान काफी सुंदर देखने को मिलेंगे। इस मौसम में यह हिल स्टेशन अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के लिए जाना जाता है। आप कम बजट में यहां पर फैमिली और दोस्तों के साथ घूमने जा सकते हैं। नीलगिरी का रत्न कहा जाता है ऊटी, यहां पर पर्यटको की ज्यादा भीड़ देखने को नहीं मिलेगी। हरियाली और खूबसूरत झीलों के देख सकते हैं। इस मौसम ऊटी की हवा ताजी और ठंडी होती है, जो दिल और दिमाग दोनों का ताजगी से भर देती है।


### नैनीताल, उत्तराखंड

शांति और सुकून वाली जगहों की तलाश कर रहे हैं, तो आप नैनीताल घूमने जरुर जाएं। यहां की खूबसूरत झील, हरियाली और पहाड़ी रास्तों के लिए फेमस माना जाता है। आप यहां पर झील किनारे घंटों बैठ सकते है और बोट राइडिंग का मजा भी ले सकते हैं। झील के पास नैचुरल वॉक करना और घोड़े की सवारी करना आपकी ट्रिप को शानदार बना देगा। यहां पर खूबसूरत झरनों का मजा ले सकते हैं। दोस्तों या परिवार के साथ मनाएं ट्रिप।

### ऋषिकेश, उत्तराखंड

देश की सबसे शांत और सुकून वाली जगह है ऋषिकेश है। यहां पर कितनी भीड़ क्यों न हो, जब आप गंगा किनारे बैठेंगे को सुकून ही पाएंगे। आप कम बजट में ऋषिकेश घूमने जा सकते हैं। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटीज कर सकते हैं। बंजी जंपिंग, रिवर राफ्टिंग, बोट राइडिंग और ट्रेकिंग कर सकते हैं। इतना ही नहीं, यहा पर आप गंगा आरती लाइव देख सकते हैं। ऋषिकेश में कई फेमस जगहें जहां आप जा सकते हैं जैसे कि परमार्थ निकेतन, त्रिवेणी घाट और नीलकंठ मंदिर देखने जा सकते हैं।





# महिला विश्वकप कप क्रिकेट सेमीफाइनल में आज होगा भारत और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला

**नवी मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां होने वाले महिला विश्वकप कप के दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला करेगी। इस मैच में जीत के लिए भारतीय टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इसका कारण है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम काफी मजबूत है और उसके खिलाफ भारतीय टीम का रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक दोनो ही टीमों के बीच हुए 60 मैचों में से 49 में ऑस्ट्रेलियाई टीम जीती है जबकि केवल 11 में भारतीय टीम जीती है। भारतीय टीम अगर

सात बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हरा देती है तो उसके लिए खिताब जीतना काफी आसान हो जाएगा। इस टूर्नामेंट में अब तक भारतीय टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है पर इसके बाद भी अगर टीम बेहतर तरीके से खेले तो उसके पास ऑस्ट्रेलिया को हराने का अच्छा अवसर है। भारतीय टीम कोपहले दो मैच में जीत के बाद उसे लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा हालांकि इसके बाद उसने अच्छी वापसी की और सेमीफाइनल में जगह बनायी हालांकि शानदार फार्म में चल हरी प्रतीका रावल के चोटिल होकर बाहर होने से उसे झटका लगा है। प्रतिका ने इस टूर्नामेंट में पारी की शुरुआत करते हुए काफी अच्छी बल्लेबाजी की है।

वहीं अब भारतीय टीम को इस मैच में जीतने के लिए अपने प्रयासों में कोई कमी नहीं रखनी होगी। प्रतिका की जगह शामिल शेफाली वर्मा कैसा प्रदर्शन करती हैं। इस पर काफी कुछ निर्भर करेगा।

उप-कप्तान स्मृति मंधाना के साथ शैफाली का रिकॉर्ड (25 पारियों में 37.20 की औसत से 893 रन) रावल और मंधाना के सलामी जोड़ी के रूप में 23 पारियों में 78.21 की औसत से 1,799 रनों से काफी कम है। शैफाली आक्रमक तो हैं पर पिछले कुछ समय में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। इस मैच खेलना होगा कि शैफाली को उतारा जाता है या हरलीन देओल को सलामी बल्लेबाज के रूप में भेजा जाता है।

हरलीन ने भी सात मैचों में 75.11 की औसत से बिना किसी अर्धशतक के 169 रन बनाए हैं और उनका रिकार्ड भी कुछ खास नहीं है पर वह लंबे समय तक बल्लेबाजी करती हैं। इससे मंधाना को दूसरे छोर से रन बनाने का अवसर रहता हहै। वहीं पिच की बात करें तो यहां हो रही बारिश के बाद भी पिच बल्लेबाजी के अनुकूल है । ऐसे में बड़े स्कोर का पीछा करना किसी भी टीम के लिए कठिन होगा। इस मैच में स्पिनर राधा यादव को टीम में बनाए रखा जा सका है। इसका कारण है कि वह अच्छी क्षेत्र रक्षक हैं और अब तक उसकी गेंदबाजी भी प्रभावी रही है। वहीं दूसरी ओर स्पिनर स्नेहा राणा का प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है। हरमनप्रीत अभी तक बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है और इस बार वह बड़ी पारी खेलकर टीम को जीत दिलाना चाहेंगी।

भारतीय टीम को इस मैच में भी मंधाना से बड़ी पारी की उम्मीद रहेगीहै। उन्होंने अब तक इस टूर्नामेंट में 60.83 की औसत से 365 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं। वहीं दूसरी ओर ऑस्ट्रेलियाई टीम का प्रदर्शन अब तक हर क्षेत्र में काफी अच्छा रहा है जिसे वह बनाये रखना चाहेगी। कप्तान एलिया हीली की वापसी से भी टीम का मनोबल बढ़ेगा। हीली ने इस टूर्नामेंट में काफी रन बनाये थे हालांकि फिट नहीं होने के कारण वह पिछले मैच से बाहर थीं1




## टीमें इस प्रकार हैं

**भारत =** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, श्री चरणी, राधा यादव।

**ऑस्ट्रेलिया =** एलिसा हीली (कप्तान और विकेटकीपर), ताहलिया मैकग्राथ (उपकप्तान), एलिस पेरी, बेथ मूनी (विकेटकीपर), फोबे लिचफील्ड, जॉर्जिया वोल, एशले गार्डनर, किम गर्थ, हीथर ग्राहम, अलाना किंग, सोफी मोलिनक्स, एनाबेल सदरलैंड, डार्सी ब्राउन, मेगन स्कुट, जॉर्जिया वेयरहैम।

# पेरिस मास्टर्स : बाहर हुए विश्व नंबर-1 कार्लोस अल्काराज, कैमरन नॉरी ने पलटा मैच का रुख



**पेरिस (एजेंसी)।** विश्व नंबर-1 कार्लोस अल्काराज को पेरिस मास्टर्स 2025 के दूसरे दौर में बड़ा झटका लगा। ब्रिटेन के कैमरन नॉरी (रैंक 31) ने उन्हें तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में 4-6, 6-3, 6-4 से हराकर बाहर कर दिया। इस हार के साथ अल्काराज का मास्टर्स 1000 में 17 मैचों का जीत का सिलसिला थम गया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त अल्काराज पूरे मैच के दौरान अपनी लय पाने के लिए जूझते रहे। उन्होंने 54 अनफोर्स्ड एरर किए और कोर्ट की परिस्थितियों से भी असहज नजर आए। दूसरे सेट के दौरान वे अपने कोच जुआन कार्लोस फरेरो से बार-बार बातचीत करते दिखाई दिए।

जीत के बाद उत्साहित नॉरी ने कहा, 'यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत है। दुनिया के नंबर-1 और इस समय के सबसे आत्मविश्वासी खिलाड़ी को हराना मेरे लिए अविश्वसनीय अनुभव है।'

मैच के बाद अल्काराज ने कहा, 'भावनात्मक रूप से यह मेरे लिए साल के सबसे खराब मैचों में से एक था। मियामी में हार शारीरिक समस्या के कारण थी, लेकिन इस बार मुझे किसी भी पल गेंद का एहसास नहीं हो रहा था।'

ओलंपिक रजत पदक विजेता अल्काराज के 11,340 अंक थे, जो अब घटकर 11,240 रह गए हैं। वहीं इटली के जैनिक सिनर 10,510 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। लगातार 44 हफ्तों से नंबर-1 पर काबिज अल्काराज अब ट्यूरिन में होने वाले एटीपी फाइनल्स पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जहां उन्हें खोए हुए अंक वापस पाने का मौका मिलेगा।

# रोहित पहली बार आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गये हैं। रोहित पहली बार अपने करियर में नंबर एक पर पहुंचे हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया दौरे में अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में सबसे अधिक रन बनाये हैं। वहीं भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल तीसरे नंबर पर खिसक गये हैं। रोहित के रेटिंग पॉइंट्स अब 781 हो गए हैं, जबकि दूसरे नंबर पर अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान के 764 रेटिंग अंक हैं। शुभमन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में खराब प्रदर्शन के कारण पिछड़ गये हैं। शुभमन के अब 745 रेटिंग अंक हैं। वहीं चौथे स्थान पर पाकिस्तान के बाबर आजम के 739 रेटिंग अंक हैं। वहीं विराट कोहली 725 रेटिंग अंक लेकर छठे स्थान पर हैं। 734 अंकों के साथ डेरिल मिचेल पांचवें नंबर पर पहुंच गए हैं।

आपको जानकर हैरानी होगी कि रोहित शर्मा ने 781 रेटिंग पॉइंट्स के साथ आईसीसी रोहित अपने करियर में पही बार नंबर एक पर आए हैं। एकदिवसीय विश्व कप 2019 में पांच शतक उन्होंने लगाए थे और तब उनके रेटिंग अंक 882 थे फिर भी वह नंबर एक पर नहीं पहुंचे थे।

38 साल के रोहित को लेकर कहा जा रहा था कि अब उनका करियर समाप्त हो चुका है पर उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में एक अर्धशतक और एक शतक लगाकर बता दिया है कि उनमें अभी काफी क्रिकेट है।

# पहला टी20 बारिश की भेंट चढ़ा, अब मेलबर्न में होगी अगली टक्कर



**कैनबरा (एजेंसी)।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बुधवार को खेले जाने वाला पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला बारिश की वजह से रद्द कर दिया गया। मैच कैनबरा के मानुका ओवल मैदान में खेला जा रहा था, जहां बारिश ने दो बार खेल में बाधा डाली और अंततः मैच को रद्द करने का फैसला लेना पड़ा।

ऑस्ट्रेलियाई कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया था। भारत ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन 5 ओवर के बाद बारिश ने खेल रोक दिया। कुछ देर बाद मुकाबला दोबारा शुरू हुआ और ओवर्स घटाकर 18 कर दिए गए।

हालांकि, मैच फिर से 10वें ओवर के दौरान बारिश के कारण बाधित हुआ। लगातार तेज़ बारिश के चलते अंपायरों ने हालात का जायजा लेने के बाद मुकाबले को रद्द घोषित कर दिया।

जब खेल रोका गया, तब भारतीय टीम ने 9.4 ओवर में 97 रन पर एक विकेट खो दिए थे। कप्तान सूर्यकुमार यादव (39 नाबाद) और शुभमन गिल (37 नाबाद) क्रीज पर मौजूद थे। भारत को एकमात्र झटका अभिषेक शर्मा (15 रन) के रूप में लगा, जिन्हें नाथन एलिस ने आउट किया। दोनों बल्लेबाजों ने बेहतरीन लय में बल्लेबाजी की और 62 रनों की साझेदारी कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। लेकिन मौसम ने मैच का रोमांच खत्म कर दिया। कैनबरा में लगातार होती बारिश के कारण आगे का खेल संभव नहीं हो सका और मैच बिना किसी परिणाम के समाप्त हुआ। इस तरह पांच मैचों की श्रृंखला में अब स्कोर 0-0 की बराबरी पर है।

अब दोनों टीमें 31 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (MCG) में होने वाले दूसरे टी20 मुकाबले में आमने-सामने होंगी। फैंस को उम्मीद है कि वहां मौसम साफ रहेगा और रोमांचक क्रिकेट देखने को मिलेगा।

# जूनियर हॉकी विश्व कप : पाकिस्तान के नाम वापिस लेने के बाद ओमान टूर्नामेंट में शामिल



स्पोर्ट्स डेस्क। पाकिस्तान हॉकी महासंघ ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) को सूचित किया है कि वह तमिलनाडु में होने वाले हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 में भाग नहीं लेगा। पाकिस्तान ने पिछले वर्ष जूनियर एशिया कप में क्वालीफाई किया था, लेकिन अब उसके हटने के बाद ओमान को इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में शामिल किया गया है। यह प्रतियोगिता 28 नवंबर से 10 दिसंबर 2025 तक भारत के चेन्नई और मदुरै में आयोजित होगी। ओमान को जूनियर एशिया कप 2024 में अगली सर्वोच्च स्थान वाली टीम होने के नाते इस टूर्नामेंट में जगह मिली है। पहली बार जूनियर हॉकी विश्व कप के पुरुष और महिला दोनों वर्गों में 24-24 टीमें भाग लेंगी। यह एफआईएच की 'सशक्तिकरण और सहभागिता रणनीति' के तहत वैश्विक स्तर पर हॉकी की पहुंच बढ़ाने का प्रयास है। गौरतलब है कि जर्मनी ने 2023 में मलेशिया के कुआलालंपुर में हुए पिछले संस्करण का खिताब जीता था।

# दक्षिण अफीका की लौरा वोलवार्ड्ट ने विश्व कप में बनाए सबसे ज्यादा 50 प्लस रन, मिताली राज की बराबरी की



गुवाहाटी। दक्षिण अफीका की कप्तान लौरा वोलवार्ड्ट ने अपने शानदार करियर में एक और उपलब्धि हासिल की है क्योंकि उन्होंने महिला वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने के मामले में पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मिताली का 2022 वनडे वर्ल्ड कप करियर का आखिरी टूर्नामेंट बनाया था और उन्होंने 50 ओवर के वर्ल्ड कप में 13 बार 50 से ज्यादा रन बनाकर अपने करियर का अंत किया था। वोलवार्ड्ट, जो एक नया बेंचमार्क बनाने के करीब थीं, उन्होंने अब बारसापारा स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल मैच के दौरान अपना 13वां 50+ स्कोर बनाकर इस रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। इस 26 साल की खिलाड़ी ने मौजूदा 2025 महिला वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज में तीन हाफ-सेंचुरी बनाईं और बुधवार को इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे नॉकआउट मैच में इस सीजन का अपना चौथा 50+ स्कोर बनाया। यह प्रोटियाज बल्लेबाज मिताली राज के साथ इस खास लिस्ट में टॉप पर है जबकि डेबी हॉकले और शार्लोट एडवर्ड्स 12 और 11 फिफ्टी प्लस स्कोर के साथ अगले दो स्थानों पर हैं।

# बड़े मुकाबलों में भी निडर होकर खेलने वाली टीम बनाना चाहते हैं गंभीर



**केनबरा (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपने फैसलों के कारण हमेशा ही विवादों में रहे हैं। अब गंभीर ने कहा है कि उनका लक्ष्य सबसे सफल कोच बनना न होकर ऐसी टीम तैयार करना है जो बड़े मुकाबलों में निडर होकर खेले। गंभीर ने कहा, मेरी और कप्तान सूर्यकुमार यादव की पहली बातचीत में ही हमने तय कर लिया था कि हार का डर नहीं रखना है। मैं सबसे सफल नहीं, बल्कि सबसे निडर और आत्मविश्वास से भरी टीम बनाना चाहता हूं। यहां तक कि एशिया कप फाइनल में भीं भी मैंने खिलाड़ियों से कहा था कि डर के नहीं उतरें। बल्कि उनका रुख ऐसा होना चाहिये कि जितना बड़ा मैच हो उतना आक्रामक होकर उतरें। मुख्य कोच ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, सूर्या बेहतरीन इंसान हैं और अच्छे इंसान ही अच्छे लीडर बनते हैं। वह खिलाड़ियों को पूरी आज़ादी देते हैं। पिछले डेढ़ साल से उन्होंने ड्रेसिंग रूम में जबरदस्त माहौल बनाए रखा है। गंभीर ने यह भी जोड़ा कि टीम का ध्यान जीत पर नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आजादी से खेलने पर रहता है। उन्होंने कहा, मैदान पर गलतियां होंगी, पर डरने की जरूरत नहीं है क्योंकि डरे हुए खिलाड़ी से विरोधी टीम को ही लाभ मिलता है। गंभीर के कोच बनने के बाद भारतीय टीम ने एशिया कप और चैंपियंस ट्रॉफी जीती है पर टीम को न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में करारी हार का भी सामना भी करना पड़ा।

# रियाल मैड्रिड के डिफेंडर डैनी कार्वाजल अब अगले साल ही वापसी करेंगे




मैड्रिड। रियाल मैड्रिड के डिफेंडर स्पेन के डैनी कार्वाजल चोटिल होने के कारण अब इस साल बचे हुए सत्र में नहीं खेल पाएंगे। कार्वाजल एफसी बार्सिलोना के खिलाफ हुए ला लीगा मैच में चोटिल हो गये थे। कार्वाजल के घुटने में चोट लगी है और उन्हें उससे उबरने में समय लगेगा। इस चोट के कारण अव वह अगले साल ही वापसी कर सकेंगे। रियाल मैड्रिड की मेडिकल टीम के अनुसार कार्वाजल की जांच मेंउनके दाहिने घुटने के जोड़ में एक हड्डी खिसक गयी है। इसलिए अब उनकी कहा आर्थोस्कोपी सर्जरी होगी। यह नई चोट स्पेन के इस खिलाड़ी के लिए एक बड़ा झटका है और इससे उनके अगले साल होने वाले विश्वकप में खेलने पर भी सवाल उठ रहे हैं। अगर वह तेजी से उबर जाते हैं तो भी इस साल उनके खेलने की संभावना नहीं है। इस दौरान टीम को 10 मैच उनके बिना ही खेलने होंगे। जिसमें ला लीगा के 7 और चैंपियंस लीग के तीन मैच शामिल हैं। वह पहले भी घुटने की चोट से परेशान रहे हैं। वह इससे पहले भी लिगामेंट फटने के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहे थे। वहीं मैड्रिड को अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड के मांसपेशियों की चोट से उबर जाने से राहत मिली है।

# सूर्यकुमार यादव ने रचा इतिहास, टी20 में एसा करने वाले मात्र दूसरे भारतीय बने

**मेलबर्न(एजेंसी)।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 छक्के पूरे करते हुए इतिहास रच दिया। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले रोहित शर्मा के बाद दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

पहले टी20 में सूर्यकुमार ने चौथे ओवर में अभिषेक शर्मा के आउट होने के बाद बल्लेबाजी संभाली और शुभमन गिल के साथ मिलकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। उन्होंने जोश हेजलवुड की गेंद पर पांचवें ओवर में पहला छक्का जड़ा, जबकि उनका 150वां छक्का नाथन एलिस के ओवर में आया। इसी के साथ उन्होंने अपने नाम एक नया कीर्तिमान दर्ज किया।

रोहित शर्मा के नाम फिलहाल टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा 205 छक्के हैं। सूर्यकुमार यादव अब उस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। हालांकि, रोहित को पीछे छोड़ने के लिए सूर्यकुमार को अभी लंबा सफर तय करना होगा।

इस उपलब्धि के साथ सूर्यकुमार ने निकोलस पूरन और ग्लेन मैक्सवेल को पछाड़ते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय इतिहास में पांचवें सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे आगे अब केवल रोहित शर्मा (205), मुहम्मद वसीम (187), मार्टिन गप्टिल (173) और जोस बटलर (172) हैं।

बारिश के कारण मैच दोबारा शुरू नहीं हो सका और मुकाबला रद्द घोषित करना पड़ा। अब भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों टीमें आगामी दूसरे टी20 मैच की तैयारी में जुट गई हैं, जो 31 अक्टूबर को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (ख्त्र) में खेला जाएगा। टीम इंडिया को उम्मीद है कि सूर्यकुमार अपनी लय बरकरार रखेंगे और टीम को बढ़त दिलाएंगे।



# अभिषेक भारतीय टीम के बड़े सितारे बनकर उभरेंगे : क्लार्क



नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि भारतीय क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा अब तीनो ही प्रारुपों में खेल सकते हैं। क्लार्क ने कहा कि टी20 से शुरुआत करने वाले अभिषेक का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से लगातार बेहतर होता आया है। इस पूर्व कप्तान ने कहा है कि अभिषेक आने वाले समय में भारतीय क्रिकेट के एक बड़े सितारे बनकर उभरेंगे। अभिषेक की प्रशंसा करते हुए क्लार्क ने कहा कि उसने आईपीएल में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। वहीं अब उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने को साबित करना है। साथ ही कहा, वह बाएं हाथ थ सलामी बल्लेबाज है और उसके पास सभी प्राकर के शॉट्स हैं। मैं देखना चाहता हूं कि वह ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाफ पांच मैचों की इस सीरीज में किसी प्रकार का प्रदर्शन करते हैं। मुझे लगता है कि वह इस टी20 सीरीज़ के सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बनकर उभरेंगे। अभिषेक ने अब तक 24 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 849 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने दो शतक और पांच अर्धशतक लगाये हैं। एशिया कप 2025 में वह टूर्नामेंट के सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे और भारतीय टीम की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। जिसस प्रकार से वह खेल रहे हैं उन्हें शीघ्र ही एकदिवसीय प्रारुप में भी जगह मिल सकती है।

# अगरकर के साथ विवाद नहीं : शमी

कोलकाता। भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा है कि मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर से उनके विवाद की बातें सही नहीं हैं। शमी ने कहा कि उनके बयान को गलत समझा गया जिससे इस प्रकार की गलतफहमी पैदा हुईै। ये विवाद तब शुरु हुआ जब अगरकर ने कहा था कि उन्हें शमी की फिटनेस की जानकारी नहीं है। वहीं शमी ने मीडिया से कहा था कि जब वह रणजी ट्रॉफी खेल रहे हैं तो इसका मतलब फिट होंगे ही। इसी के बाद से ही कहा जा रहा था कि चयनसमिति उनकी बयानबाजी से नाराज है। शमी ने रणजी ट्रॉफी 2025 में बंगाल की ओर से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने आलोचकों और करा जवाब दिया है। गुजरात के खिलाफ शमी ने आठ विकेट लेकर अपनी टीम को जीत दिलायी। इसी के बाद शमी ने कहा कि मैं हमेशा किसी न किसी विवाद में आ जाता हैं जबकि मेरा ध्यान खेल पर है। हर खिलाड़ी देश के लिए खेलना चाहता है, और मैं भी वही चाहता हूं। मेरा काम है फिट रहना और प्रदर्शन करना। बाकि काम चयनसमिति का है। शमी ने चोट से वापसी के बाद अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजरात के खिलाफ उन्होंने अपनी फिटनेस और लय दोनों साबित की। फर्स्ट-क्लास करियर में 13वीं बार उन्होंने पांच विकेट लिए हैं। रणजी सीजन में अब तक उन्होंने चार पारियों में 15 विकेट लिए हैं, औसत सिर्फ 10.46 का। वहीं बंगाल के कोच लक्ष्मी रतन शुक्ला ने कहा, 'मोहम्मद शमी को किसी से फिटनेस सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। उनकी गेंदबाजी ही उनका प्रमाण है। वे पूरी तरह फिट और शानदार लय में हैं।'



# मैं तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ी का योगदान समझने की कोशिश कर रहा हूं: सुदर्शन

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय टेस्ट टीम में तीसरे क्रम पर अपनी जगह पक्की करने की ओर बढ़ रहे युवा बल्लेबाज साई सुदर्शन ने कहा कि वह गेंदबाजों पर दबदबा बनाने के लिए इस बल्लेबाजी क्रम के लिए जरूरी रणनीति को सीख रहे हैं। यह खब्बू बल्लेबाज अगले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट की घरेलू श्रृंखला से पहले दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ भारत ए के लिए दो (चार दिवसीय) मैचों में खेलेगा।

सुदर्शन ने यहां दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ पहले चार दिवसीय मैच की पूर्व संध्या पर कहा, 'मैं तकनीकी रूप से अपने फुटवर्क में काफी सुधार कर रहा हूं। लेकिन इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं समझ रहा हूं कि तीसरे नंबर के खिलाड़ी को टीम के लिए क्या करना होता है। मैं इस भूमिका को बेहतर ढंग से समझ रहा हूं और उसे लागू करने की कोशिश कर रहा हूं।

उन्होंने कहा, 'इसमें ज्यादा तकनीकी अंतर नहीं है, क्योंकि मुझे लगता है कि यह रणनीतिक रूप से बेहतर होने के बारे में है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में गेंदबाज से एक कदम आगे रहने के लिए मजबूत रणनीति होना जरूरी है और मैं इस पर काम कर रहा हूं।' सुदर्शन ने कहा कि विरोधी टीम पर रणनीतिक बढ़त हासिल करना बेहद जरूरी है क्योंकि क्रिकेट के शीर्ष स्तर पर आपकी खामियां जल्दी उजागर हो जाती है।

उन्होंने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आप जिसका (गेंदबाज) भी सामना करते है वह अपने देश का सर्वश्रेष्ठ होता है। ऐसे में अगर आपकी बल्लेबाजी में कोई खामी है तो आप उसके साथ ज्यादा दिन तक बने नहीं रह सकते हैं।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि यह सब उन रणनीतिक सुधार पर निर्भर करता है जो आप किसी गेंदबाज की ताकत और कमजोरियों के अनुसार उसके खिलाफ इस्तेमाल करते हैं। मुझे लगता है कि मैं अभी यही सीख रहा हूं, शायद मैं इसे और निखार रहा हूं और भारत के लिए नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने का सबसे अच्छा तरीका ढूंढ रहा हूं।'



## ड्रग सिंडिकेट के खिलाफ एनसीबी की बड़ी कार्रवाई, दाऊद इब्राहिम का करीबी दानिश चिकना गोवा से गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। अंडरवर्ल्ड सरगना दाऊद इब्राहिम के करीबी और ड्रग सिंडिकेट का प्रमुख दानिश मर्चेंट उर्फ दानिश चिकना को गोवा से गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) मुंबई टीम ने की और कहा जा रहा है कि इस गिरफ्तारी से दाऊद के ड्रग नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। एनसीबी की जानकारी के मुताबिक, दानिश चिकना मुंबई के डोंगरी इलाके में ड्रग फैक्ट्री चला रहा था और पूरे देश में ड्रग नेटवर्क मैनेज कर रहा था। उसका नाम पहले भी कई बार ड्रग्स के धंधे में आ चुका था। 2019 में एनसीबी ने डोंगरी में दाऊद की ड्रग फैक्ट्री पर छापा मारकर करोड़ों रुपये की ड्रग्स जब्त की थी। यह फैक्ट्री सब्जी की दुकान की आड़ में चलाई जा रही थी। उस समय दानिश चिकना को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया था। कुछ समय जेल में रहने के बाद वह बाहर आया और फिर से ड्रग्स के धंधे में सक्रिय हो गया। सूत्रों के मुताबिक, दानिश चिकना दाऊद के पुराने साथी यूसुफ चिकना का बड़ा बेटा है। जांच एजेंसियों ने साफ किया है कि दाऊद से उसके करीबी रिश्ते हैं। पिछले कुछ महीनों से एनसीबी और मुंबई पुलिस दोनों उसे ढूंढ रही थीं। दानिश कई बार पुलिस को चकमा दे चुका था। लेकिन इस बार गोवा के एक होटल में उसके छिपे होने की जानकारी मिलने के बाद एनसीबी ने अचानक छापा मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया। बताया गया है कि एनसीबी के अधिकारियों ने दानिश चिकना को गोवा से मुंबई लाने की तैयारी शुरू कर दी है। जांच अधिकारियों को शक है कि उससे दाऊद इब्राहिम के ड्रग नेटवर्क के बारे में अहम जानकारी मिल सकती है। शुरुआती पूछताछ में दानिश से मुंबई में कई ड्रग तस्करी रैकेट, मनी ट्रांसफर नेटवर्क और डिस्ट्रीब्यूशन चेन के बारे में जानकारी मिलने की संभावना है। इस कार्रवाई से दाऊद इब्राहिम के ड्रग साम्राज्य पर बड़ा असर पड़ने की संभावना है। इस गिरफ्तारी से पुलिस को मुंबई, गोवा, राजस्थान और गुजरात में फैले नेटवर्क के एक बड़े तार हाथ लगे हैं।

## जुबीन गर्ग को अंतिम विदाई... उनकी अस्थियां ब्रह्मपुत्र नदी में विसर्जित की गई

गुवाहाटी (एजेंसी)। दिवंगत गायक जुबीन गर्ग की पत्नी गरिमा सैकिया गर्ग ने बुधवार को उनकी अस्थियां ब्रह्मपुत्र नदी में विसर्जित कीं। जुबीन गर्ग ने एक बार इच्छा जाहिर की थी कि उनके चले जाने पर उन्हें ब्रह्मपुत्र में विसर्जित किया जाए, जिसका सम्मान करते हुए यह रस्म पूरी की गई। अंतिम विदाई की यह रस्म गुवाहाटी के रचित घाट पर हुई, जहाँ परिवार के सदस्यों (बहन पाल्मी बोरठाकुर सहित), मीडिया और भारी संख्या में फैंस मौजूद थे। जुबीन गर्ग का निधन 19 सितंबर, 2025 को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान एक दुर्घटना में हुआ था। मृत्यु का कारण पानी में दम घुटना बताया गया है। वहीं सीबीआई और असम की सीआईडी उनकी मृत्यु की जाँच कर रही हैं। जुबीन गर्ग की आखिरी फिल्म रोई रोई बिनाले जल्द ही रिलीज़ होने वाली है, जिसकी रिकॉर्डिंग वह अपने अंतिम दिनों में कर रहे थे। उनके प्रशंसक इस फिल्म का ज़ोरदार प्रचार कर रहे हैं, ताकि जुबीन गर्ग का सपना बड़े पर्दे तक पहुँच सके। यह प्रचार गाँवों से लेकर शहरों तक, सोशल मीडिया से लेकर जमीनी स्तर तक हो रहा है। कई सिनेमा हॉल के मालिक भी जुबीन गर्ग को श्रद्धांजलि देने के लिए आगे आए हैं और फिल्म के प्रीमियर के आसपास विशेष स्क्रीनिंग और उनकी याद में कार्यक्रम की योजना बना रहे हैं।

## फांसी के इंतजार में काटी 12 साल की जेल, बरी होने पर मांगा मुआवजा

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट उन 3 व्यक्तियों की दायर रिट याचिकाओं पर सुनवाई करेगा, जिन्होंने गलत सजा और मौत की सजा का दोष झेलने के बाद बरी होने पर मुआवजे की मांग की है। याची ने 12 साल जेल में बिताए और बाद में सुप्रीम कोर्ट द्वारा बरी किए गए। याचिकाकर्ता ने अपनी गलत गिरफ्तारी, अभियोजन और दोषसिद्धि के लिए मुआवजे की मांग की है। मुख्य याचिकाकर्ता 41 वर्षीय रामकिरत मुनिलाल गौड़ है, जो महाराष्ट्र राज्य से गलत दोषसिद्धि और बारह साल की कैद, जिसमें से छह वर्ष उन्होंने फांसी की सजा के इंतजार में बिताए। उन्होंने मुआवजा मांगा है। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें बरी करते समय पाया था कि उनकी दोषसिद्धि त्रुटिपूर्ण और दूषित जांच पर आधारित थी। पीठ ने मामले में 27 अक्टूबर को कहा कि हम भारत सरकार के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अटॉर्नी जनरल से आग्रह करते हैं कि वह इस मामले में अदालत की सहायता करें। दूसरे याचिकाकर्ता तमिलनाडु के कट्टावेल्लई और उत्तर प्रदेश के संजय को भी हत्या व बलात्कार के मामले में मृत्युदंड की सजा सुनाई गई थी जिन्हें बाद में सुप्रीम कोर्ट ने बरी किया था। कट्टावेल्लई के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि गलत तरीके से कैद करने के मामलों में मुआवजा देने के लिए एक कानून होना चाहिए।

## शिरडी दर्शन से लौटते साईं भक्तों की कार पलटी, 3 की मौत, 4 घायल

नासिक(एजेंसी)। शिरडी साईं बाबा के आशीर्वाद लेने आए भक्तों पर दैव ने कहर बरपा दिया। शिवरात इलाके में शिरडी दर्शन कर लौट रही फॉर्च्यूनर कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हैं। घटना रात के समय हुई। कार में सवार सात लोग शिरडी से घर लौट रहे थे। दो की मौके पर ही मौत, पांच घायलों को ग्रामीणों और पुलिस ने रेस्क्यू कर नासिक के निजी अस्पताल भेजा। रास्ते में एक और ने दम तोड़ा। बाकी चार का इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि कार तेज रफ्तार में थी। आस-पास के सीसीटीवी फुटेज से हादसे की वजह पता की जा रही है। प्रारंभिक जांच में चालक की लापरवाही और नियंत्रण खोना मुख्य कारण लग रहा है। यह महाराष्ट्र में सड़क हादसों का दूसरा बड़ा मामला है। 18 अक्टूबर को वाशिम जिले के समृद्धी महामार्ग पर जऊलका पुलिस स्टेशन के पास इनोवा कार डिवाइडर से टकरा गई। कार मुंबई से ओडिशा के जगन्नाथ पुरी दर्शन के लिए जा रही थी। इसमें सवार सभी म्यांमार के नागरिक थे।

# बिहार चुनाव के पहले चरण में 2 प्रत्याशी 80 से ऊपर और 432 दागी मैदान में

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में दो प्रत्याशी ऐसे है जो 80 साल से ज्यादा आयू के हैं। जबकि 432 दागी प्रत्याशी चुनावी मैदान में दिख रहे हैं। बता दें पहले चरण के 121 विधानसभा क्षेत्रों में उतरे 1303 उम्मीदवारों में 40 फीसदी करोड़पति हैं। औसतन एक उम्मीदवार के पास 3.26 करोड़ रुपये की संपत्ति है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कुल उम्मीदवारों में 36 फीसदी (463) की आयु 25 से 40 वर्ष के बीच की है। 51 फीसदी (669) उम्मीदवारों ने अपनी आयु 41 से 60 वर्ष के बीच बताई है। 13 प्रतिशत (169) उम्मीदवारों ने 61 से 80 वर्ष के बीच आयु घोषित की है। दो उम्मीदवारों की उम्र 80 वर्ष से भी अधिक है।




एडीआर (एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स) और बिहार इलेक्शन वॉच ने पहले चरण के उम्मीदवारों के शपथ पत्र के आधार पर जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कुल 1314 में से 1303 उम्मीदवारों द्वारा घोषित वित्तीय, आपराधिक, शिक्षा, लिंग एवं अन्य विवरणों के आधार पर विश्लेषण किया गया है। चुनाव के पहले चरण में नौ फीसदी (121) महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ रही हैं। इस चरण में 432 दागी मैदान में हैं। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक 50 फीसदी (651) उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता स्नातक या उससे अधिक की है। 105 उम्मीदवार डिप्लोमाधारक, 105 साक्षर और आठ असाक्षर हैं। 40 फीसदी (519) उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता 5वीं से 12वीं के बीच की है।

कुल उम्मीदवारों में आठ फीसदी (103) के पास दस करोड़ से अधिक, जबकि सात फीसदी (93) के पास पांच से दस करोड़ रुपये की संपत्ति है। इनके अलावा 25 फीसदी (323) उम्मीदवारों के पास एक से पांच करोड़, 32 फीसदी (417) उम्मीदवारों के पास 20 लाख से एक करोड़ और 28 फीसदी (367) उम्मीदवारों के पास 20 लाख रुपये से भी कम की संपत्ति होने की जानकारी दी गयी है।

इस चरण में मुंगेर से भाजपा उम्मीदवार कुमार प्रणय (170 करोड़ की संपत्ति) को सबसे धनी उम्मीदवार बताया गया है। दूसरे स्थान पर सीवान से निर्दलीय राजकिशोर गुप्ता (137 करोड़) और तीसरे स्थान पर मोकामा के जदयू उम्मीदवार अनंत सिंह (100 करोड़) का नाम है। भाजपा के 48 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 11.30 करोड़, राजद के 70 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 10.37 करोड़, जदयू के 57 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 8.75 करोड़, कांग्रेस के 23 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 5.85 करोड़ रुपये और जन सुराज पार्टी के 114 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 5.72 करोड़ रुपये है।

## गोवा में 34 अधिकारियों के तबादले पर सियासी घमासान, कांग्रेस बोली- चुनाव आयोग के निर्देशों का हुआ उल्लंघन

**पणजी (एजेंसी)।** चुनाव आयोग (ईसी) द्वारा गोवा समेत नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की घोषणा के तुरंत बाद राज्य सरकार द्वारा किए गए 34 अफसरों के तबादलों ने सियासी विवाद खड़ा कर दिया है। गोवा कांग्रेस ने इन तबादलों को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन बताते हुए कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने सोमवार को गोवा सिविल सेवा के 34 जूनियर स्केल अधिकारियों का तबादला आदेश जारी किया। अधिकारियों का कहना है कि यह नियमित प्रशासनिक प्रक्रिया है और कुछ अफसर नियुक्ति की प्रतीक्षा में थे। हालांकि, गोवा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित पाटकर ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर कहा कि तबादला किए गए कई अधिकारी चुनावी प्रक्रिया से जुड़े हैं, जिनमें डिप्टी कलेक्टर, मुख्य अधिकारी और निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर की घोषणा के बाद ऐसे तबादले चुनाव आयोग के मानदंडों का स्पष्ट उल्लंघन हैं, क्योंकि आयोग की पूर्व अनुमति के बिना चुनावी कार्यों से जुड़े अधिकारियों का स्थानांतरण नहीं किया जा सकता। पाटकर ने मांग की कि राज्य सरकार के इन अनियमित तबादलों को तत्काल रद्द किया जाए, ताकि गोवा में चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और पारदर्शिता बनी रहे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी संजय गोयल ने बताया कि तबादलों में कुछ निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी भी शामिल हैं और उन्होंने कहा कि यह मुद्दा राज्य सरकार के समक्ष उठाया जाएगा।

## छठ महापर्व पर छाया मातम, बिहार में 83 लोगों की डूबने से हुई मौत



**पटना (एजेंसी)।** छठ महापर्व अकेले बिहार में 83 लोग हादसे का शिकार हुए और उनकी जान चली गई। अकेले पटना 9 लोगों की डूबने से मौत हुई है। इनमें अधिकतर की जान छठ घाट बनाते समय पैर फिसलने, नहाने या फिर अर्घ्य देते समय गहरे पानी में चले जाने से हुई है। मृतकों में दक्षिण बिहार से 34, कोसी-सीमांचल, पूर्वी बिहार के 30 और उत्तर बिहार के 19 लोग शामिल हैं।

जानकारी के मुताबिक पटना से सटे मोकामा में मरांची के बादपुर स्थित गंगा घाट पर मंगलवार सुबह करीब 6:30 गंगा स्नान के दौरान डूबने से रॉकी पासवान (21) की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही रॉकी की बहन सपना ने भी सदमे में दम तोड़ दिया। इस घटना से परिवार से कोहराम मच गया। बादपुर निवासी चूहा पासवान के पुत्र रॉकी गंगा में स्नान कर रहा था। तभी वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। स्थानीय गोताखोर और एसडीआरएफ टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद रॉकी पासवान का शव बरामद कर लिया। इस घटना की जानकारी जैसे ही सपना कुमारी को हुई। इसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजनों ने तत्काल उसे मरांची स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। रॉकी पासवान ने हाल ही में होमगार्ड का फिजिकल टेस्ट निकाला था और परिवार में खुशी का माहौल था। पटना जिले में गंगा स्नान के दौरान अलग-अलग स्थानों पर 15 लोग डूब गए जिनमें नौ की मौत हो गई। मोकामा में तीन, बाढ़-बिहटा और खगौल में दो-दो की जान गई है। वहीं, मनेर में डूबे दो और अथमलगोला में एक युवक की तलाश जारी है। बाढ़ में तीन, खगौल में एक और गोपालपुर स्थित तालाब में डूबे युवक को बाहर निकाल एक घंटे सीपीआर देकर बचा लिया गया। वैशाली जिले के राघोपुर और महुआ में छठ घाट बनाने के बाद नहाने के दौरान डूबने से दो किशोर, महनार में एक छठव्रती, गोपालगंज जिले के भोरे थाने दुबे जिगना गांव में दो, औरंगाबाद दो, भोजपुर एक, बेगूसराय एक, नावानगर एक, रोहतास एक की मौत हो गई। छपरा में भी डूबने से एक की मौत हो गई। बाढ़ के जमुनीचक निवासी व्रती मुन्नी देवी (60) छठ पूजा के बाद गंगा घाट से लौटने के दौरान हार्ट अटैक आने से अचेत हो गई। परिजनों ने अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी मिलने के बाद पुत्र और अन्य परिजन फूट-फूट कर रोने लगे।

# अदालतों में आपराधिक मामलों में आरोप तय होने में लंबी देरी पर चिंतित सुप्रीम कोर्ट

### भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता का पालन नहीं कर रही अदालतें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को देशभर की अदालतों में आपराधिक मामलों में आरोप तय करने में हो रही लंबी देरी पर चिंता जाहिर की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि यह देरी न्याय प्रणाली की दक्षता पर गंभीर सवाल पैदा करती है। कई बार आरोपी सालों तक जेल में बंद रहते हैं, लेकिन मुकदमा शुरू ही नहीं हो पाता। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि देशभर में कई इसतरह के केस हैं, जिसमें चार्जशीट दाखिल हुए 3-4 साल हो गए, लेकिन मुकदमा शुरू ही नहीं हुआ। शीर्ष अदालत ने साफ संकेत दिया कि वह अब इस समस्या पर पूरे देश के लिए समान दिशानिर्देश जारी करने पर विचार होना चाहिए है, ताकि इस प्रणालीगत देरी को समाप्त कर सके। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा को अमाइकस क्यूरी (न्यायालय मित्र) नियुक्त किया है। साथ ही भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अटॉर्नी जनरल से भी विषय पर न्यायालय की सहायता करने को कहा गया है। अदालत ने बिहार राज्य के वकील को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया है।



पीठ एक इसतरह के मामले की सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोपी करीब दो साल से जेल में था। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि चार्जशीट 2023 में दाखिल की गई थी, लेकिन अभी तक आरोप तय नहीं हुए हैं। इस पर जस्टिस अरविंद कुमार ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा, दीवानी मामलों में मुद्दे तय नहीं होते, आपराधिक मामलों में आरोप तय नहीं होते। आखिर कठिनाई क्या है? अगर यह स्थिति जारी रही, तब हम पूरे देश के लिए स्पष्ट दिशानिर्देश जारी करने की कोशिश में है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 251(बी) में यह प्रावधान है कि सत्र न्यायालय के मामलों में पहली सुनवाई से 60 दिनों के भीतर आरोप तय किए जाने चाहिए, लेकिन अदालतों में इसका पालन नहीं हो रहा।

## आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से बड़ी राहत, स्वास्थ्य आधार पर मिली सशर्त जमानत

जोधपुर (एजेंसी)। राजस्थान हाईकोर्ट ने बुधवार को आसाराम को बड़ी राहत देकर रेगुलर जमानत मंजूर कर दी है। यह फैसला कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा की डिवीजन बेंच ने दिया। आसाराम की ओर से स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर नियमित जमानत याचिका दायर की गई थी। इस याचिका पर बुधवार को जोधपुर स्थित राजस्थान हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने आसाराम को उपचार और स्वास्थ्य संबंधी कारणों को देखकर राहत दी। बात दें कि आसाराम वर्तमान में जोधपुर की जेल में यौन शोषण के मामले में सजा काट रहे हैं। इससे पहले भी उन्हें कई बार अस्थायी जमानत दी गई थी और कई बार जमानत देने से इंकार किया था। लेकिन लगातार बिगड़ते स्वास्थ्य और चिकित्सीय रिपोर्टों को देखने के बाद अदालत ने इस बार रेगुलर जमानत को मंजूरी दी। कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि यह फैसला शर्तों के साथ जमानत के रूप में लागू किया जाएगा, जिसके तहत आसाराम को इलाज के दौरान अदालत द्वारा तय नियमों का पालन करना होगा।

# पंजाब के एक और रिटायर्ड पुलिस अफसर पर गिरी गाज, झूठा केस बनाने के मामले में गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिश्वत और झूठे मामले दर्ज करने के मामले में पंजाब के कई पुलिस अफसर निशाने पर आ गए हैं। पहले रिश्वत केस में डीआईजी हरचरण सिंह भुल्लर धरे गए अब पंजाब पुलिस के रिटायर्ड एसएसपी रशपाल सिंह को हेरोइन तस्करी से जुड़े एक मामले में स्पेशल टास्क फोर्स ने गिरफ्तार किया है। रशपाल सिंह दो साल पहले रिटायर हुए हैं। आठ साल पहले अमृतसर के एक व्यक्ति पर एक किलो हेरोइन का फर्जी केस दायर किया था। इसी मामले में रशपाल सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। चार्जशीट में उनके अलावा इंस्पेक्टर सुखविंदर सिंह, सब इंस्पेक्टर प्रभजीत सिंह व बलविंदर सिंह, थानेदार कुलविंदर सिंह, थानेदार सुरजीत सिंह, थानेदार कुलबीर सिंह, थानेदार बेअंत सिंह, कुलवंत सिंह और हवलदार हीरा सिंह के नाम भी शामिल हैं।



रशपाल सिंह जब एसटीएफ चीफ थे तो उनकी टीम ने साल 2017 में गुरजंट सिंह उर्फ सोनू नाम के व्यक्ति से एक किलो हेरोइन बरामद की थी। पुलिस ने हेरोइन की यह खेप बलविंदर सिंह के नाम पर दिखा दी और गुरजंट सिंह को रिहा कर दिया। पुलिस ने बलविंदर सिंह को फंसाने के लिए फर्जी कहानी बनाई थी। बलविंदर सिंह को रशपाल सिंह की टीम ने 3 अगस्त 2017 को सिविल अस्पताल पट्टी तरनतारन से गिरफ्तार किया था। बाद में उस पर एक किलो हेरोइन का केस दर्ज कर लिया था। उस पर पाकिस्तान से हेरोइन मंगवाने के भी आरोप लगाए गए। तीन अन्य आरोपियों के नाम मामले में जोड़ दिए थे। बलविंदर के खिलाफ सप्लीमेंट्री रिपोर्ट में बताया था कि भौर सिंह नाम के आरोपी के खेतों में हेरोइन की एक और खेप दबी है। इसके बाद पुलिस को खेत से चार किलो 530 ग्राम हेरोइन, एक पिस्टल, तीन मैगजीन और 56 कारतूस बरामद किए। पुलिस ने बलविंदर सिंह, मेजर सिंह और भौर सिंह के खिलाफ अमृतसर की अदालत में चार्जशीट पेश की। वहीं, बलविंदर सिंह के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की लेकिन इसमें गुरजंट सिंह का जिक्र नहीं था, जिससे शक गहरा गया। इस पर बलविंदर सिंह ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट ने नवंबर 2019 में मामले की जांच के लिए डीजीपी डायरेक्टर ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन प्रमोद बान को कहा। जांच में डीजीपी की तरफ से बलविंदर सिंह की कॉल डिटेल्स, सीसीटीवी फुटेज और लोकेशन का डाटा दिसंबर 2020 को हाईकोर्ट में दाखिल किया गया। कॉल डिटेल्स और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सवाल खड़े हुए और जनवरी 2021 को हाईकोर्ट ने जांच सीबीआई को सौंप दी। सीबीआई ने स्पेशल कोर्ट में एसटीएफ के एआईजी रशपाल सिंह सहित 10 पुलिस कर्मियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इसके अलावा कुछ और अफसर भी बताए जा रहे हैं जो इस तरह के मामलों में निशाने पर हैं।

# वोट बैंक के लिए देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है इंडिया गठबंधन : भाजपा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) पर निशाना साधते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन वोट बैंक के लिए देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है।



पार्टी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने बुधवार को यहां भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में असम के श्रीभूमि में कांग्रेस पार्टी की बैठक में पार्टी के बड़े नेता द्वारा बंगलादेश का राष्ट्रगान गाने पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा कि इंडिया गठबधंन की एक ही पहचान बन गयी है, 'जुबान पर संविधान, पर मन में वोट बैंक की दुकान' । उन्होंने कहा कि कल तक पाकिस्तान को अपना घर बताने वाली कांग्रेस अब बंगलादेश पर मेहरबान हो गयी है। पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस वोट बैंक की दुकान चलाने के लिये अवैध बंगलादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं का साथ देने के एजेंडे पर उतर आयी है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह पार्टी लगातार कई वर्षों से बंगलादेशी घुसपैठियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। इसी अभियान के तहत संप्रग के कार्यकाल में देश में करोड़ों घुसपैठियों को बसाने का काम किया गया। उन्होंने आगे कहा कि अब तो कांग्रेस पार्टी अपने मंच से बंगलादेश का राष्ट्र गान गाकर अपना समर्थन प्रकट करती है। पूनावाला ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस उस बंगलादेश का राष्ट्रगान गा रही है जिसने हमारे देश के उत्तर पूर्व भाग विशेषकर असम में अराजकता फैलाने की कोशिश की थी। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि यह घुसपैठिया प्रेम सिर्फ कांग्रेस में ही नहीं बल्कि इंडिया गठबंधन के बाकी दल भी कर रहे हैं। इस होड़ में तृणमूल, कांग्रेस, द्रमुक सभी शामिल हैं। पूनावाला ने कहा कि इंडिया गठबंधन के दलों में तुष्टिकरण और वोटबैंक के लिए ऐसा करने की होड़ लगी है। जिसके चलते कांग्रेस पार्टी अपने आधिकारिक मंच से घुसपैठियों का समर्थन करती है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि तृणमूल भी जंगलराज और शरिया का राज चाहती है। पश्चिम बंगाल में हिंसा करने वाले, दंगा करने वाले और जंगलराज बनाने वाले लोगों को ममता सरकार खुला संरक्षण देती है। प्रवक्ता ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा नेताओं पर हमले और मेडिकल छात्रा से दुष्कर्म की घटना पर संविधान बचाने की बात करने वाले कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी एक शब्द भी नहीं बोलते हैं।

# भारत और रूस अगली पीढ़ी की ब्रह्मोस-2 हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल बनने को तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और रूस संयुक्त रूप से अगली पीढ़ी की ब्रह्मोस-2 हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। यह मिसाइल मंजूरी के अंतिम चरण में है और ब्रह्मोस-2 को 2031 तक भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ब्रह्मोस-2 मौजूदा ब्रह्मोस मिसाइल का उन्नत संस्करण है, जो पहले से कहीं अधिक तेज, सटीक और तकनीकी रूप से आधुनिक होगी। ब्रह्मोस-2 मिसाइल की रेंज 1500 किलोमीटर तक होगी और यह ध्वनि की गति से पांच गुना (मैक-5 से मैक-8) यानी करीब 8500 से 10,000 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उड़ान भर सकेगी। यह इतनी तेज गति से चलेगी कि किसी भी देश की मौजूदा मिसाइल डिफेंस प्रणाली के लिए ब्रह्मोस-2 को रोक पाना लगभग असंभव होगा। यह मिसाइल जमीन, समुद्र, हवा और पनडुब्बी से दागी जा सकेगी।

रूस परियोजना में स्क्रैमजेट इंजन तकनीक दे रहा है, जबकि भारत इसके सीकर, सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर-रोधी एवियोनिक्स सिस्टम विकसित कर रहा है। मिसाइल में 200 से 300 किलोग्राम का विस्फोटक वारहेड लगाया जाएगा, जो किसी भी सामरिक या सैन्य ठिकाने को पूरी तरह नष्ट करने में सक्षम होगा। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि ब्रह्मोस-2 के आने से भारत की रणनीतिक क्षमता में बड़ा इजाफा होगा। 1500 किमी की रेंज के चलते मिसाइल भारत से दागे जाने पर पूरा पाकिस्तान और चीन का करीब 20 से 25 प्रतिशत क्षेत्र कवर कर सकेगी। उदाहरण के लिए, राजस्थान या गुजरात से लांच करने पर कराची, लाहौर, इस्लामाबाद और रावलपिंडी जैसे प्रमुख पाकिस्तानी शहर निशाने पर आने वाले है। जबकि अरुणाचल प्रदेश या लद्दाख से लांच करने पर चीन के तिब्बत, सिचुआन, कुनमिंग और शिनजियांग के सैन्य ठिकाने मिसाइल की रेंज में आ जाएंगे।

ब्रह्मोस-2 परियोजना की शुरुआत 2011 में हुई थी। इसके विकास में भारत की रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और रूस की एनपीओ मशिनोस्ट्रोयेनीया प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। 2020 में डीआरडीओ ने हाइपरसोनिक टेक्नोलॉजी डेमॉन्स्ट्रेटर व्हीकल (एचएसटीडीवी) का सफल परीक्षण किया था, जिसने ब्रह्मोस-2 के विकास को नई दिशा दी। रक्षा विश्लेषकों के अनुसार, इस मिसाइल की तैनाती के बाद भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद दुनिया का चौथा देश बन जाएगा जिसके पास हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह मिसाइल भारत की 'नो फर्स्ट यूज़' नीति को और विश्वसनीय बनाएगी तथा दुश्मन देशों के लिए एक प्रभावी डिटरेंस (रोकथाम क्षमता) साबित होगी।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**